डाक पंजीयन क्र. ई-2/ओ.स./186/2018-2020
लाइसेंस क्र. टेक/WPP/21-1/2018-20
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या 38506/84

रोज़गार और निर्माण

प्रति सोमवार को प्रकाशित, भोपाल 14.12.2020 से 20.12.2020 ▶ वर्ष-37 ▶ अंक-50 ▶ मूल्य ₹10.00

विशेष अभियान चलाकर जड़ों पर करें प्रहार

प्रदेश में ड्रग माफिया के खिलाफ हो सख्त कार्रवाई

भोपाल, ड्रग्स एवं नशीली वस्तु का कारोबार करने वाले मानवता के दुश्मन हैं, इन्हें किसी भी हालत में छोड़ा नहीं जाना चाहिए। प्रदेश में ड्रग माफिया के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। इसके लिए विशेष अभियान चलाकर उनकी जड़ों पर प्रहार किया जाना चाहिए। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने नशा विरोधी अभियान चलाये जाने के संबंध में उच्च अधिकारियों की एक बैठक में कहीं।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान प्रदेश में नशा विरोधी अभियान चलाये जाने के संबंध में उच्च स्तरीय बैठक करते हुये।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि इस अभियान में इस बात का विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए कि जहां एक ओर ड्रग्स और नशीली वस्तुओं का कारोबार करने वालों के प्रति कोई नरमी नहीं बरती जाए, वहीं नशा करने वाले बच्चों के प्रति सहानुभूति रखी जानी चाहिए तथा स्नेह से उनकी नशे की लत छुड़ाने के प्रयास किए जाने चाहिए, पुलिस उनके खिलाफ ज्यादती ना करे। नशा करने वालों की नशे की लत छुड़ाने तथा उनके पुनर्वास के लिए प्रदेश के सामाजिक न्याय विभाग एवं स्वयंसेवी संगठनों का भी पूरा सहयोग लिया जाए। बैठक में मुख्य सचिव श्री इकबाल सिंह बैंस, डीजीपी श्री विवेक जौहरी, अपर मुख्य सचिव गृह श्री राजेश राजौरा आदि उपस्थित थे।

भारत सरकार के नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो द्वारा प्रदेश के 15 जिलों की सूची भिजवाई गई है जहां नशीली वस्तुओं का कारोबार अधिक पाया गया है। ये जिले हैं- इन्दौर, उज्जैन, मंदसौर, नीमच, भोपाल, जबलपुर, छिंदवाड़ा, नरसिंहपुर, होशंगाबाद, रतलाम, ग्वालियर, सतना, सागर, दतिया तथा रीवा। इसके अलावा विदिशा, पिपरिया, आगर- मालवा क्षेत्र भी संवेदनशील हैं। इन सभी क्षेत्रों में अधिक मामले सामने आए हैं।

15 से 22 दिसंबर तक नशा विरोधी विशेष अभियान

देश में नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो भारत सरकार द्वारा आगामी 15 दिसम्बर से 22 दिसम्बर तक नशा विरोधी विशेष अभियान चलाया जाना प्रस्तावित है। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि इस संबंध में प्रदेश में सघन अभियान चलाए जाकर नशीली वस्तुओं का कारोबार करने वालों को नेस्तनाबूद कर दिया जाए।

प्रदेश में ड्रग माफियाओं के साथ सख्ती से पेश आयें

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि प्रदेश में इन्दौर आदि जिलों में ड्रग माफियाओं के खिलाफ पुलिस द्वारा सराहनीय कार्रवाई की गई है। इंदौर की तथाकथित 'ड्रग वाली आंटी' के तार दिल्ली, गोवा, मुंबई तथा नाइजीरिया से भी जुड़े हुए हैं। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने स्पष्ट निर्देश दिए कि खोद-खोद कर ड्रग माफिया को समूल नष्ट करें।

प्रदेश में संचालित नहीं किये जायेंगे हुक्का लाउंज

कुछ स्थानों पर जिम, पब, क्लब, कॉलेजों की कैंटीन, स्कूलों के आसपास ड्रग्स एवं नशीले पदार्थों की सप्लाई की कोशिश के मामले सामने आए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस संबंध में सख्ती से कार्रवाई की जानी चाहिए। प्रदेश में हुक्का लाउंज भी संचालित नहीं किए जाएंगे।

केमिकल ड्रग्स अत्यंत खतरनाक

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि केमिकल ड्रग्स अत्यंत खतरनाक होते हैं। इन्दौर में जहां केमिकल ड्रग सप्लाई का बड़ा मामला सामने आया है, वहीं भोपाल, विदिशा, भिंड, उज्जैन, रतलाम आदि में स्मैक सप्लाई के मामले सामने आए हैं। जनता को नशे के दुष्प्रभावों के संबंध में जागरूक किया जाना चाहिए।

आयुष्मान भारत योजना

प्रत्येक पात्र हितग्राही को मिले योजना का लाभ

भोपाल, आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को एक वर्ष में 05 लाख रुपये तक की निःशुल्क उपचार सुविधा मिलती है। योजना का प्रदेश के प्रत्येक पात्र हितग्राही को लाभ दिलाया जाए। 'आयुष्मान कार्ड' बनाने के लिए अभियान चलाया जाए। मध्यप्रदेश में यह योजना आयुष्मान भारत निरामयम् योजना के नाम से संचालित की जाएगी। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने मंत्रालय में आयुष्मान भारत योजना संबंधी बैठक में कहीं।

01 करोड़ 49 लाख आयुष्मान कार्ड, 5.85 करोड़ हितग्राही

अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य ने बताया कि प्रदेश में अभी 01 करोड़ 49 लाख लोगों के आयुष्मान कार्ड बन गए हैं। योजना अंतर्गत प्रदेश के लगभग 5.85 करोड़ गरीब एवं मध्यम वर्ग के व्यक्तियों के कार्ड बनाए जाने हैं।

717 अस्पतालों में कैशलेस उपचार सुविधा

योजना के अंतर्गत प्रदेश के कुल 717 शासकीय एवं संबद्ध निजी चिकित्सालयों में पात्र हितग्राहियों को कैशलेस उपचार की सुविधा है।

अब पंचायतों एवं नगरीय निकायों के माध्यम से भी कार्ड बनेंगे

शासकीय और निजी चिकित्सालयों के अलावा लोक सेवा केन्द्र तथा कॉमन सर्विस सेंटर में जाकर आयुष्मान कार्ड बनवाना होता था, परन्तु अब पंचायतों एवं नगरीय निकायों के माध्यम से कार्ड बनाने की भारत सरकार से स्वीकृति प्राप्त हो गई है।

प्रोत्साहन राशि

अनुसूचित-जनजाति के 96 अभ्यर्थियों को सिविल सेवा परीक्षा की दी गई कोचिंग

भोपाल, मध्यप्रदेश में जनजातीय वर्ग के युवाओं को संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा परीक्षा में बेहतर कोचिंग दिलाने के लिये आदिम-जाति कल्याण विभाग द्वारा विशेष सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। विभाग द्वारा पिछले वर्ष 96 अभ्यर्थियों का चयन कर उन्हें दिल्ली स्थित प्रतिष्ठित कोचिंग संस्थानों में कोचिंग दिलवाई गई। विभाग द्वारा इस योजना में 2 करोड़ 15 लाख रुपये की राशि व्यय की गई। विभाग द्वारा इसके साथ ही सिविल सेवा की प्रारंभिक और मुख्य परीक्षा में उत्तीर्ण होने वाले जनजातीय वर्ग के हितग्राहियों को प्रोत्साहन राशि उपलब्ध कराई जा रही है। पिछले वर्ष 53 प्रतिभावान प्रतियोगियों को करीब 11 लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि वितरित की गई।

अंदर के पृष्ठों पर

- **खेल चर्चा-** प्रमुख खेल गतिविधियों का विवरण
- **सामयिकी-** देश-विदेश की प्रमुख घटनाएं
- **चर्चा में-** प्रमुख चर्चित व्यक्तियों और ध्यान आकर्षित करने वाली खबरों की चर्चा
- **पिछला सप्ताह-** देश-विदेश की साप्ताहिक खबरों का संक्षिप्त विवरण

कैबिनेट बैठक

यूनेस्को की योजना में ग्वालियर और ओरछा का चयन

भोपाल, मध्यप्रदेश के विकास, जनता के कल्याण एवं मध्यप्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए मंत्रीगण 'इनोवेटिव आइडियाज' पर कार्य करें। मंत्रीगण की लीडरशिप में प्रत्येक विभाग कुछ इनोवेटिव आइडियाज निकालें तथा उन पर अमल करें। मध्यप्रदेश में 'वफर में सफर', 'ग्लोबल स्किल पार्क' तथा हिरोशिमा-नागासाकी स्मारक की तर्ज पर 'गैस त्रासदी स्मारक' आदि पर कार्य चल रहा है। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने मंत्रालय में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कैबिनेट बैठक को संबोधित करते हुये कहीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा लागू किए गए तीनों कृषि कानून किसानों के हित में हैं, मध्यप्रदेश के किसान इस बात को अच्छी तरह समझते हैं तथा मध्यप्रदेश में पूरी शांति है। कतिपय लोग भ्रम फैलाने की कोशिश कर रहे हैं परंतु उनके प्रयास सफल नहीं होंगे।

श्री चौहान ने कहा कि यह प्रदेश के लिए गर्व की बात है कि यहां के ग्वालियर और ओरछा शहरों का यूनेस्को की ग्लोबल रिकमेंडेशन योजना के तहत चयन किया गया है। यहां की पुरातत्व संपदा को अंतर्राष्ट्रीय महत्व का माना गया है। भारत में इससे पूर्व केवल दो शहर वाराणसी और अजमेर पुष्कर इस कार्यक्रम के तहत चिन्हित किए गए थे। हमें अब इन दो शहरों का ऐतिहासिक एवं पुरातत्व संपदा की दृष्टि से संरक्षण एवं विकास करना है।

तीन बातों का विशेष ध्यान रखें मंत्रीगण

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि मंत्रीगण तीन बातों का विशेष ध्यान रखें। मध्यप्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए रोडमैप तैयार है, उस पर कार्य प्रारंभ हो गया है, प्रत्येक मंत्रीगण इस पर तेजी से अमल सुनिश्चित करें तथा इसकी निरंतर मॉनीटरिंग हो। कोरोना के कारण प्रदेश में वित्तीय संकट है, ऐसे में सभी निर्माण विभाग कार्यों के लिए 'आउट ऑफ बजट' राशि की व्यवस्था पर विशेष ध्यान दें। मंत्रीगण केंद्र की विभिन्न योजनाओं में मध्यप्रदेश को अधिक से अधिक राशि प्राप्त हो, ऐसे प्रयास करें।

ग्रामीण क्षेत्रों की सर्वे परियोजना को स्वीकृति

कैबिनेट में ग्रामीण क्षेत्रों की सर्वे परियोजना को स्वीकृति प्रदान की गई। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि इससे सभी ग्रामों के राजस्व अभिलेख अद्यतन हो जाएंगे।

भोपाल और इंदौर मेट्रो रेल परियोजना को भूमि अधिग्रहण संबंधी मंजूरी

कैबिनेट द्वारा भोपाल-इंदौर मेट्रो रेल परियोजना को भूमि अधिग्रहण संबंधी मंजूरी दी गई। भोपाल एवं इंदौर मेट्रो क्षेत्र को मेट्रोपॉलिटन क्षेत्र घोषित किए जाने के बाद अब इसके लिए भूमि का अधिग्रहण 'मेट्रो अधिनियम 1978' के अंतर्गत किया जाएगा।

बिना समाधान के शिकायत बंद करने वाले होंगे दंडित

दो साल बाद शुरू हुआ समाधान ऑनलाइन

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान आवेदकों की लंबित समस्याओं का ऑनलाइन समाधान करते हुये।

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने समाधान ऑनलाइन के अंतर्गत प्रदेश के नागरिकों की लंबित समस्याओं का वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग द्वारा समाधान करवाया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि सीएम हेल्पलाइन में किसी भी नागरिक द्वारा की गई शिकायत को सुलझाए बिना उसे बंद किए जाने के मामलों में सख्त कार्रवाई की जाएगी। जब तक दर्ज शिकायत का समाधान शिकायतकर्ता को ना मिले शिकायत बंद नहीं की जाना चाहिए। ऐसा करने वाले अधिकारी कर्मचारी दंडित किए जाएंगे। इस अवसर पर मुख्य सचिव श्री इकबाल सिंह बैंस भी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने गुना के श्री लाल राम जी को पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की ओर से दी जाने वाली ऋण राशि दिलवाई। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने छिंदवाड़ा के श्री प्रकाश परिहार को बेटी के विवाह के लिए सामाजिक न्याय विभाग की ओर से दी जाने वाली सहायता राशि दिलवाई। छिंदवाड़ा जिले के ही श्री अमोल धोखे को भी पंचायत विभाग और श्रम विभाग से सहायता प्राप्त हुई। जबलपुर की सुश्री वर्षा चौधरी को भी दो लाख का भुगतान प्राप्त हुआ। अनुसूचित जाति कल्याण विभाग की ओर से इस कार्रवाई में विलंब के लिए जिला अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। श्री चौहान ने जबलपुर की सुश्री रागिनी कोरी का दुपहिया वाहन चोरी होने पर सीएम हेल्पलाइन में दर्ज प्रकरण बिना समाधान के बंद करने के लिए दोषी डीएसपी को कारण बताओ नोटिस देने के निर्देश दिए।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग मध्यप्रदेश से साभार)

5 दिसम्बर

कॉन्टैक्टलेस कार्ड पेमेंट की लिमिट बढ़कर हुई 5 हजार रुपये

●भारत में कॉन्टैक्टलेस कार्ड ट्रांजेक्शन की लिमिट बढ़ाकर 5 हजार रुपये प्रति

ट्रांजेक्शन करने का फैसला लिया गया है। भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकांत दास ने बताया कि कॉन्टैक्टलेस ट्रांजेक्शन की लिमिट 2 हजार रुपये से बढ़ाकर 5 हजार रुपये की गई है। यह नियम एक जनवरी 2021 से लागू होगा। आरबीआई गवर्नर ने कहा कि कॉन्टैक्टलेस ट्रांजेक्शन से ग्राहकों की सहूलियतें बढ़ी हैं। कोरोना महामारी के मौजूदा हालात में यह भुगतान करने का सुरक्षित तरीका है। इसके साथ ही आरबीआई ने बड़े लेन-देन के लिये प्रयोग में आने वाली आरटीजीएस प्रणाली को 24 घंटे सुचारु करने की सुविधा प्रदान की है।

●केंद्र सरकार ने टीवी पर आ रहे ऑनलाइन गेमिंग और फैंटेसी स्पोर्ट्स के विज्ञापनों को लेकर नये दिशा-निर्देश जारी किये हैं। नये दिशा-निर्देशों के अनुसार ऐसे विज्ञापनों में 18 वर्ष से कम उम्र के व्यक्ति को नहीं दिखाया जा सकता। इन विज्ञापनों के यह डिस्क्लेमर अनिवार्य होगा कि ऑनलाइन गेमिंग में वित्तीय जोखिम है। विज्ञापन प्रिंट मीडिया में है, तो यह पूरे विज्ञापन का कम से कम 20 प्रतिशत होना चाहिये। उल्लेखनीय है कि केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के पास शिकायतें आ रही थी कि ऑनलाइन गेमिंग के विज्ञापन उपभोक्ताओं को भ्रमित कर रहे हैं।

●भारतीय सेना के जवानों और जेसीओ को अब वायुसेना और नौसेना के जवानों की तरह रैंक की जगह मिनिमम एश्योर्ड कॅरियर प्रोग्रेशन (एमएसीपी) के आधार पर मकान भत्ता मिलेगा। भारतीय सेना के अनुसार इस संबंध में सरकारी आदेश जारी कर दिया गया है। यह व्यवस्था वर्ष 2006 से लागू मानी जायेगी। इस व्यवस्था का लाभ सेना के लाखों जवानों और जेसीओ को मिलेगा।

6 दिसम्बर

आईसीएआर को एफएओ का अंतर्राष्ट्रीय अवॉर्ड मिला

●भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) को यूनाइटेड नेशन (यूएन) के फूड एंड एग्रीकल्चर ऑर्गेनाइजेशन (एफएओ) से इंटरनेशनल किंग भूमिबोल वर्ल्ड सॉइल डे अवॉर्ड के लिये नामित किया गया है। यह अवॉर्ड यूएन द्वारा किसानों के बीच भूमि की सेहत संबंधी जागरूकता फैलाने के प्रयासों को पुरस्कृत के लिये दिया जाता है।

●जापान के प्रधानमंत्री योशिहिदे सुगा ने कहा है कि कोरोना संक्रमण के कारण उनके देश पर ओलिंपिक आयोजन एक साल टाले जाने पर अतिरिक्त खर्च भार बढ़ गया है। उन्होंने कहा कि दुनियाभर में हुये कोरोना संक्रमण के कारण ओलिंपिक खेलों का आयोजन तय कार्यक्रम से आगे टालना पड़ा है, जिससे 20 हजार करोड़ रुपये का अतिरिक्त खर्च उनके देश पर आ पड़ा है। उन्होंने कहा कि जापान बजट बढ़ाने के बावजूद ओलिंपिक और पैरालिंपिक के आयोजन को तैयार है।

●नौसेना से रिटायर हो चुके आईएनएस विराट को संग्रहालय बनाने की योजना पर सरकार ने रोक लगा दी है। रक्षा मंत्रालय के अनुसार इसे संग्रहालय में तब्दील किये जाने की मांग करने वाली अर्जी को खारिज कर दिया गया है। इसके खरीददार शिपब्रेकर कंपनी श्रीराम ग्रुप के चेयरमैन मुकेश पटेल ने इसकी पुष्टि करते हुये कहा कि आईएनएस विराट फिलहाल समुद्र में ही है और अब इसे म्यूजियम में तब्दील नहीं किया जा रहा है।

7 दिसम्बर

डीआरडीओ ने किया हॉवित्जर का परीक्षण

●महाराष्ट्र के अहमदनगर में हॉवित्जर एडवांस्ड टिल्ड आर्टिलरी गन सिस्टम का

ट्रायल किया गया है। इसे डीआरडीओ ने बनाया है। इस सिस्टम की खास बात यह है कि यह स्वदेशी है और भारतीय सेना की जरूरत को ध्यान में रखकर बनाया गया है। इस आर्टिलरी गन से 50 किलोमीटर दूरी पर भी आसानी से टारगेट किया जा सकता है।

●इजरायल की राजधानी येरूशलम में प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के खिलाफ लगातार चल रहे प्रदर्शन को जारी रखते हुये हजारों लोग फिर से सड़क पर उतर पड़े। ये लोग नेतन्याहू से भ्रष्टाचार मामलों में संलिप्तता को लेकर नाराज हैं और उनसे इस्तीफे की मांग कर रहे हैं। प्रदर्शनकारियों ने न केवल प्रधानमंत्री निवास का घेराव किया, बल्कि नारे भी लगाए।

●चीन के चोंगकिंग स्थित कोयला खदान में जहरीली गैस रिसने से 18 खननकर्मियों की मौत हो गई है। जबकि 5 खननकर्मी लापता हैं। अधिकारियों के अनुसार खदान से ज्यादा मात्रा में कार्बनमोनो ऑक्साइड गैस रिसी। जिस समय गैस रिसी वहां खनन कार्य चालू था। हताहतों की संख्या ज्यादा होने की संभावना व्यक्त की गई है।

8 दिसम्बर

सेना सेवा कोर का 260वां स्थापना दिवस मनाया गया

●भारतीय सेना ने 8 दिसम्बर 2020 को सेना सेवा कोर का 260वां स्थापना दिवस मनाया। इस अवसर पर सामान्य आपूर्ति एवं परिवहन के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल एमकेएस यादव और वरिष्ठ कर्नल

कमांडेंट ने दिल्ली स्थित राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर शहीद सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस उपलक्ष्य में 260 किलोमीटर लंबा अल्ट्रा रन, जिसकी थीम 'रन फॉर शहीद' थी, का आयोजन युद्ध स्मारक, चंडी मंदिर से लेकर राष्ट्रीय युद्ध स्मारक, दिल्ली तक किया गया। लेफ्टिनेंट कर्नल इंद्रजीत सिंह के नेतृत्व में तेरह सदस्यीय टीम ने 'फिट इंडिया मूवमेंट' की भावना को बढ़ावा देने के लिए चार दिनों में यह दूरी तय की।

●विज्ञान और प्रौद्योगिकी, पृथ्वी विज्ञान और स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री डॉ. हर्ष वर्धन ने इंडिया इंटरनेशनल साइंस फेस्टिवल (आईआईएसएफ) 2020 के कर्टन रेज़र कार्यक्रम की अध्यक्षता की। यह कार्यक्रम डिफेंस इंस्टीट्यूट ऑफ हाई एल्टीट्यूड रिसर्च (डीआईएचएआर), डीआरडीओ प्रयोगशाला में लेह-लद्दाख में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन वर्चुअली किया गया। विज्ञान और प्रौद्योगिकी को बढ़ावा देने के लिए इंडिया इंटरनेशनल साइंस फेस्टिवल (आईआईएसएफ) हर साल मनाया जाता है। डॉ. हर्षवर्धन ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भारत को आत्मनिर्भर बनाने और वैश्विक कल्याण में योगदान के लिए 6वें आईआईएसएफ के विषय को साकार करने में विज्ञान और प्रौद्योगिकी (एसएंडटी) के महत्व पर जोर दिया।

●कोरोना वायरस के कारण इस साल नोबेल पुरस्कार समारोह के आयोजन में धूमधाम नहीं रहेगी। इसका आयोजन सादगी से होगा। भव्य समारोह के बजाय सादे समारोह में पुरस्कार विजेताओं की उपलब्धियों का जिक्र किया जाएगा और इसका सीधा प्रसारण होगा। वर्ष 2020 में नोबेल पुरस्कार के 12 विजेता हैं। नोबेल शांति पुरस्कार के इतिहास में यह चौथी बार है जब 300 से ज्यादा नामांकन हुए। कुछ पुरस्कार संयुक्त रूप से दिए गए हैं। ओस्लो में डिजिटल तरीके से कार्यक्रम का आयोजन होगा।

9 दिसम्बर

राष्ट्रीय जल पुरस्कार-2020 के लिए प्रविष्टियां आमंत्रित

●जल संसाधन प्रबंधन के क्षेत्र में उदाहरणीय कार्य कर रहे व्यक्तियों और संगठनों को प्रोत्साहन और मान्यता देने के लिए जल शक्ति मंत्रालय के जल संसाधन, नदी विकास तथा गंगा संरक्षण विभाग ने श्रेष्ठ राज्य, श्रेष्ठ जिला (5 जोन में दो-दो पुरस्कार, कुल 10 पुरस्कार), श्रेष्ठ ग्राम पंचायत (5 जोन में तीन-तीन पुरस्कार, कुल 15 पुरस्कार), श्रेष्ठ शहरी स्थानीय निकाय, श्रेष्ठ मीडिया (प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक), श्रेष्ठ विद्यालय, श्रेष्ठ संस्थान/आरडब्ल्यूए/परिसर उपयोग के लिए धार्मिक संगठन, श्रेष्ठ उद्योग, श्रेष्ठ एनजीओ, श्रेष्ठ उपयोगकर्ता एसोसिएशन तथा सीएसआर गतिविधियों के लिए श्रेष्ठ उद्योग श्रेणियों में 2020 के राष्ट्रीय जल पुरस्कारों के लिए प्रविष्टिया आमंत्रित की हैं। श्रेष्ठ जिला तथा श्रेष्ठ ग्राम पंचायत श्रेणी में उत्तर, दक्षिण, पूर्व, पश्चिम और उत्तर-पूर्व को अलग से दिए जाएंगे। ग्यारह श्रेणियों में कुल 52 पुरस्कार दिए जाएंगे। प्रविष्टियां प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 10 फरवरी, 2021 है। आवेदन MyGov प्लेटफॉर्म के माध्यम से https://mygov.in पर या केन्द्रीय भू-जल बोर्ड की मेल nationalwaterawards@gmail.com पर भेजे जा सकते हैं।

●केंद्रीय शिक्षा मंत्री श्री रमेश पोखरियाल 'निशंक' ने संयुक्त अरब अमीरात के शिक्षा मंत्री महामहिम हुसैन बिन इब्राहिम अल हम्मादी के साथ वर्चुअल द्विपक्षीय बैठक की। महामहिम हुसैन बिन इब्राहिम अल हम्मादी, शिक्षा मंत्री, संयुक्त अरब अमीरात ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020

की सराहना की। उन्होंने इस नीति को दूरदर्शी दस्तावेज बताते हुए कहा की यह छात्रों के समग्र विकास पर जोर देती है। उन्होंने कहा कि शिक्षा क्षेत्र में आपसी सहयोग को नई ऊंचाइयों पर ले जाने की क्षमता है और दोनों देशों को शिक्षा के क्षेत्र में दीर्घकालिक सहयोग बढ़ाने के लिए काम करना चाहिए। इस अवसर श्री पोखरियाल ने कहा कि भारत और यूएई बहुत ही मजबूत और गहरे द्विपक्षीय संबंध साझा करते हैं और दोनों पक्ष शैक्षिक सहयोग और सहभागिता को मजबूत करने के लिए मिलकर काम कर रहे हैं।

●भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) ने ब्लैकस्टोन ग्रुप इंक. की सहयोगी कंपनियों द्वारा प्रेस्टीज ग्रुप की कुछ परिसंपत्तियों के अधिग्रहण को मंजूरी दी है। अधिग्रहण करने वाली यानि ब्लैकस्टोन ग्रुप इंक की सहयोगी कंपनियों की मुख्य गतिविधि निवेश होल्डिंग और उससे संबंधित गतिविधियों से जुड़ी है। हालांकि, वर्तमान में उनके पास भारत या दुनिया भर में किसी भी व्यावसायिक गतिविधि का संचालन नहीं है। अधिग्रहण करने वाली कंपनियां ब्लैकस्टोन ग्रुप इंक की सहयोगी कंपनियों द्वारा सुझाई गई या प्रबंधित फंड में सहयोगी हैं। लक्षित संस्थाएं भारत में रियल एस्टेट के विकास के कारोबार में लगी हुई हैं। उनके पास भारत के कई शहरों में आवासीय, वाणिज्यिक और आतिथ्य जैसे प्रमुख क्षेत्रों में रियल एस्टेट के विकास की परियोजनाओं का एक विविध पोर्टफोलियो है।

10 दिसम्बर

इन्वेस्ट इंडिया ने जीता संयुक्त राष्ट्र निवेश संवर्धन पुरस्कार

●संयुक्त राष्ट्र व्यापार और विकास कॉन्फ्रेंस-अंकटाड का वर्ष 2020 का निवेश संवर्धन पुरस्कार इन्वेस्ट इंडिया को दिया गया है। यह पुरस्कार जिनेवा में अंकटाड के मुख्यालय में आयोजित समारोह में प्रदान किया गया। पुरस्कार के तहत दुनिया भर में निवेश को प्रोत्साहन देने वाली श्रेष्ठ एजेंसियों को असाधारण उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया जाता है। विजेता का चयन विश्व की 180 राष्ट्रीय निवेश संवर्धन एजेंसियों के कार्य के आधार पर किया जाता है।

●रूसी अधिकारियों ने अपने नागरिकों को सलाह दी है कि वे स्पुतनिक-V टीका

लेने के बाद दो महीने शराब न पिएं। रूसी उप प्रधानमंत्री तातियाना गोलिकोवा ने एक पोस्ट में लिखा है कि टीका लेने के बाद कम से 42 दिनों तक सावधानी बरतनी जरूरी है। तभी यह असरदार होगा। इसलिए रूस के लोगों को सलाह दी जाती है कि वे दो महीने तक अल्कोहल लेने से बचें। साथ ही वे मास्क पहनना भी पहले की तरह जारी रखें।

●यूएई ने कहा है कि उसके यहां टेस्ट हो रही चीनी वैक्सीन 86 फीसदी असरदार है। इसका मतलब है कि यह वैक्सीन भी पश्चिमी देशों में विकसित वैक्सीन का मुकाबला करने में सक्षम है। इस वैक्सीन को चीन की कंपनी साइनोफार्म ने बनाया है। कंपनी का दावा है कि उसकी वैक्सीन मॉडरेट और गंभीर मामलों को रोकने में 100 फीसदी कारगर है। साथ ही कोई गंभीर साइड इफेक्ट भी नहीं है।

11 दिसम्बर

टेस्टिंग के दौरान स्टारशिप रॉकेट में विस्फोट

●अमेरिकी स्पेस कंपनी स्पेसएक्स के स्टारशिप रॉकेट में टेस्ट लॉन्च के बाद

विस्फोट हो गया। लॉन्चिंग के बाद लैंडिंग की कोशिश के दौरान इसकी रफ्तार बढ़ गई। इसे काबू करने की कोशिश की गई, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। यह जमीन से टकराने के बाद आग के गोले में बदल गया। इसे टेक्सास स्थित स्पेसएक्स की रॉकेट फैसिलिटी से लॉन्च किया गया था। स्टारशिप रॉकेट को एक हेवी लिफ्ट लॉन्च व्हीकल के तौर पर तैयार किया जा रहा था। इसकी मदद से इंसानों और कार्गो को चांद और मंगल तक पहुंचाने की योजना थी।

●कोरोना महामारी पर संयुक्त राष्ट्र ने चिंता व्यक्त की है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरस ने कहा है कि वैक्सीन राष्ट्रवाद के चलते कुछ धनी देश अपने यहां भारी-भरकम इंतजाम कर रहे हैं और ये देख रहे हैं कि उन्हें कब वैक्सीन मिलेगी। वहीं विश्व के तमाम गरीब देश इन तैयारियों को सिर्फ देख पा रहे हैं। उन्होंने सभी देशों से अपील की कि वे अफ्रीका और अन्य गरीब देशों में वैक्सीन के लिए आगे आएं। विश्व स्वास्थ्य संगठन को अगले दो महीने में गरीब देशों के लिए वैक्सीन खरीदने और उसके वितरण के लिए 4.2 बिलियन डॉलर की जरूरत पड़ेगी।

●हज यात्रा करने के लिए अब 10 जनवरी 2021 तक ऑनलाइन आवेदन किये जा सकेंगे। पहले 10 दिसंबर आवेदन की आखिरी तारीख थी। हज समिति की बैठक के बाद यह फैसला लिया गया है। हज यात्रा के लिए सात नवंबर 2020 से आवेदन की प्रक्रिया शुरू हुई थी। कोरोना महामारी के चलते इस बार होने वाली इस यात्रा के लिए कई नये नियम लागू किए गए हैं। सभी हज यात्रियों को रवानगी से 72 घंटे पहले कोरोना की जांच करना अनिवार्य होगा और उन्हें जेद्दा के लिए उड़ान से पहले निगेटिव पीसीआर प्रमाण पत्र पेश करने होंगे।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित फोटो : गूगल से साभार)

वर्ष 37, अंक 50 14.12.2020 से 20.12.2020

रोज़गार और निर्माण

www rojgaraurnirman.in

● प्रबंध संचालक - डॉ. सुदाम खाड़े
● सम्पादक - पुष्पेन्द्र पाल सिंह
● कार्यकारी सम्पादक - राजीव तिवारी
● प्रभारी अधिकारी - नरेन्द्र कुमार बनवट (प्रसार एवं विज्ञापन)
● प्रबंधक - वंदना चतुर्वेदी (विज्ञापन एवं प्रसार)
● आकल्पन - हेमंत वायंगणकर, आशा रोमन अरविन्द टोप्पो, सुशील लांडगे
● वेबसाइट - आत्माराम शर्मा

वार्षिक सदस्य बनने के लिये रुपये 500/- (रु. पाँच सौ) का डी.डी., मनी ऑर्डर अथवा पोस्टल ऑर्डर सम्पादक, रोज़गार और निर्माण, भोपाल के नाम बनवाकर नीचे लिखे पते पर भेजें:-

रोज़गार और निर्माण, मध्यप्रदेश माध्यम, 40 प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) पिन-462011,
फोन- 2760006, 2551330, 4281330, फैक्स - 4228409, **e-mail : mpmdtp@yahoo.com**

रोज़गार और निर्माण कार्यालय में नगद राशि जमा कर भी इसकी वार्षिक सदस्यता प्राप्त की जा सकती है। रोज़गार और निर्माण में प्रकाशित लेखों में व्यक्त विचार लेखकों के अपने हैं। जरूरी नहीं कि सम्पादक उससे सहमत हों। किसी भी प्रकार के विवाद के लिये न्यायालयीन अधिकार क्षेत्र भोपाल रहेगा। रोज़गार और निर्माण में निजी संस्थाओं के विज्ञापन भी प्रकाशित किये जाते हैं, इन विज्ञापनों में किए गए दावे और तथ्य निजी संस्थाओं के अपने होते हैं। इसका समाचार पत्र के प्रबंधन से कोई संबंध नहीं है।

सम्पादकीय

किसान हितैषी हैं तीनों नये कृषि कानून

केंद्र सरकार द्वारा देश में लागू किये गये तीनों कृषि कानून किसान हितैषी हैं। इनसे न केवल किसानों की आय में उल्लेखनीय वृद्धि होगी, बल्कि उनकी आर्थिक सुरक्षा के लिये यह एक बहुत बड़ा कदम है। यह बात मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कही। उन्होंने स्पष्ट कहा कि न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदी निरंतर जारी रहेगी। इसे समाप्त करने का कोई प्रश्न ही नहीं उठता है। कृषि उपज मंडियां भी पूर्वानुसार कार्य करती रहेंगी, साथ ही किसानों को मंडी के बाहर फसल बेचने की सुविधा दिये जाने की प्रतिस्पर्धी व्यवस्था से किसानों को लाभ होगा। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश की कृषि विकास दर सबसे ज्यादा है। यहां के किसान समझते हैं कि तीनों नये कृषि कानून उनके लिये लाभदायक हैं, अतः वे पूरी तरह आश्वस्त हैं। कई लोग भ्रम फैला रहे हैं, परन्तु उनके प्रयास सफल नहीं होंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार को छोटे-बड़े सभी किसानों के हितों का पूरा ध्यान है तथा नये कानून सभी के लिये हितकारी हैं। प्रदेश में लगभग 80 लाख किसान हैं, परन्तु उनमें से 12-13 लाख किसान ही न्यूनतम समर्थन मूल्य पर अपनी फसल बेचते हैं। प्रधानमंत्री किसान कल्याण निधि योजना के अंतर्गत छोटे किसानों को वर्ष में 4 हजार रुपये की सम्मान निधि दी जाती है। मध्यप्रदेश सरकार ने इसे बढ़ाकर 10 हजार रुपये कर दिया है। हमें हमारे हर किसान की चिंता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि गत दिनों मध्यप्रदेश में समर्थन मूल्य पर सर्वाधिक एक करोड़ 29 लाख मीट्रिक टन गेहूं 16 लाख किसानों से खरीदा गया। वर्तमान में धान की खरीदी चल रही है। प्रदेश में भावांतर योजना के माध्यम से भी किसानों को लाभ दिया गया। मध्यप्रदेश न्यूनतम समर्थन मूल्य प्रणाली का बड़ा समर्थक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम कृषि उपज मंडियों के संचालन को बेहतर बना रहे हैं, जिससे उनका अधिक से अधिक लाभ किसानों को मिल सके। प्रदेश में मंडी शुल्क 1 रुपये 50 पैसे से घटाकर 50 पैसे कर दिया गया। इससे किसानों को निश्चित ही फायदा होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि कृषक कीमत आश्वासन और बृद्धि सेवा करार विधेयक किसानों को बाजार की अनिश्चितता के जोखिम से बचाने में अत्यंत सहायक सिद्ध होगा। अनुबंध कृषि से किसानों को अपनी फसल का निश्चित मूल्य मिलेगा, साथ ही बाजार मूल्य बढ़ने पर अनुबंध निरस्त भी किया जा सकता है। इस प्रकार किसानों को हानि की कोई आशंका नहीं है। यह आशंका भी पूर्णतः निर्मूल है कि इससे कोई किसान की भूमि पर कोई कब्जा कर सकता है। तीसरे विधेयक आवश्यक परन्तु संशोधन विधेयक-2020 से कृषि उत्पादों की मांग बढ़ेगी तथा मांग बढ़ने से इसका लाभ किसानों को होगा। इसके साथ ही कृषि उत्पादों की अधिक खरीदी से कोल्ड स्टोरेज, फूड प्रोसेसिंग और कृषि अधोसंरचना आदि का विकास होगा। कृषि उपज खराब नहीं होगी और किसानों को दीर्घगामी लाभ होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार निरंतर किसानों के हित में कार्य कर रही है। केंद्र सरकार ने देश के 3 करोड़ किसानों को 4.2 लाख करोड़ रुपये का रियायती ऋण प्रदान किया, प्रधानमंत्री किसान योजना में 14 करोड़ किसानों को 94 हजार करोड़ रुपये दिये गये, 6 करोड़ से अधिक किसानों को 50 हजार करोड़ रुपये प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के दिलवाये गये तथा लगभग 2.5 करोड़ किसानों को 0.2 लाख करोड़ रुपये किसान क्रेडिट कार्ड योजना के अंतर्गत दिये गये हैं। मध्यप्रदेश सरकार सदैव ही किसान हितैषी सरकार रही है। समय-समय पर सरकार द्वारा किसानों के हित में अनेक दूरगामी फैसले लिये गये हैं। इसका असर हम पूरे प्रदेश के किसानों में देख सकते हैं।

ब्रह्मांड को जानें

पृथ्वी

जीवन मंडल - पारिस्थितिक तंत्र या पर्यावरण की अपनी लय और गति होती है, जो नाजुक रूप से संतुलित आवर्तनों के सम्पूर्ण सेट पर आधारित है। सभी जीव, रोगाणु, पेड़-पौधे, पशु वर्ग और मनुष्य पर्यावरण के साथ स्वयं अपना समायोजन करने और उसकी लय के साथ अपने जीवन को सुव्यवस्थित करने के कारण आज तक जीवित रहे हैं। इसलिये यह नितांत आवश्यक है कि इन आवर्तनों को अक्षुण्ण बनाये रखा जाये। प्रकाश में क्वान्टम कहलाने वाली ऊर्जा पुंज होता है। क्वान्टम ऊर्जा का अंश उसकी आवृत्ति कर समानुपाती होता है। तरंग की लंबाई जितनी छोटी होती है उतनी ही उसकी आवृत्ति उच्च होती है और उसमें ऊर्जा अंश अधिक होता है। जिस प्रक्रिया के द्वारा सौर ऊर्जा अणुओं में अंतरित हो जाती है उसे प्रकाश रासायनिक प्रक्रिया कहते हैं। इस प्रक्रिया में सूर्य का प्रकाश अणु में इलेक्ट्रॉनों को उत्तेजित करता है और उन्हें बाहर की ओर धकेलता है इस प्रक्रिया से मुक्त इलेक्ट्रॉन अपने पड़ोसी परमाणु या अणु से निकले इलेक्ट्रॉनों के साथ जोड़ा बनाते हैं और इस प्रकार निर्मित इलेक्ट्रॉन-युगलों से नये अणुओं का सृजन होता है जीव मंडल में सर्वाधिक महत्वपूर्ण प्रकाश रासायनिक क्रिया-कलाप पौधों में होने वाला प्रकाश संश्लेषण है। प्रकाश संश्लेषण एक जटिल प्रक्रिया है। इसमें क्लोरोफिल अणुओं और पौधों में अन्य वर्णकों द्वारा अवशोषित प्रकाश इस प्रकार से इलेक्ट्रॉनों में स्थानांतरित होता है, जिससे कि मजबूत आक्सीकारकों का निर्माण हो जाये।

- देवेश तिवारी
(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी पर लिखते हैं)

सशस्त्र सेना झण्डा दिवस | **7 दिसम्बर**

सेना के प्रति सम्मान प्रकट करता है सशस्त्र सेना झण्डा दिवस

राजा दुबे
(लेखक, जनसम्पर्क विभाग से सेवानिवृत्त संयुक्त संचालक हैं)

भारतीय सशस्त्र सेना के लिये सात दिसम्बर एक महत्वपूर्ण तिथि होती है। प्रतिवर्ष सात दिसम्बर को सशस्त्र सेना झण्डा दिवस मनाया जाता है। झण्डा दिवस पर देश सेना के प्रति सम्मान प्रकट करता है और उन जांबाज सैनिकों के प्रति एकजुटता दिखाता है, जो देश की रक्षा के लिये अपने प्राणों की आहुति देते हैं। यह दिन उन सैनिकों और सैन्य अधिकारियों की याद में मनाया जाता है, जो सेना में रहकर न केवल सीमाओं की रक्षा करते हैं, बल्कि आतंकवादियों और उग्रवादियों से मुकाबला कर शांति स्थापित करने में अपनी जान तक न्यौछावर कर देते हैं। सशस्त्र झण्डा दिवस इन्हीं जांबाज सैनिकों तथा उनके परिजन के प्रति नागरिकों द्वारा एकजुटता प्रदर्शित करने का दिन होता है, अतः हर एक नागरिक का कर्तव्य है कि वे सात दिसम्बर को सैनिकों के सम्मान तथा उनके कल्याण में अपना योगदान दें। इस दिन सैनिकों के लिये धनराशि का भी संग्रह किया जाता है। यह धन लोगों को झण्डे का एक स्टीकर देकर एकत्रित किया जाता है। गहरे लाल और नीले रंग के झण्डे के स्टीकर की राशि निर्धारित होती है। लोग इस राशि को देकर स्टीकर खरीदते हैं और उसे पिन से अपने सीने पर लगाते हैं। इस तरह वे शहीद अथवा घायल हुए सैनिकों के प्रति सम्मान प्रकट करते हैं। इस दिन संग्रह अभियान से जो राशि एकत्रित होती है, वह झण्डा दिवस कोष में जमा कर दी जाती है। इस संग्रहित राशि का उपयोग युद्ध में शहीद हुए सैनिकों के परिवार या घायल हुए सैनिकों के कल्याण व पुनर्वास के कार्यों में किया जाता है।

यह राशि सैनिक कल्याण बोर्ड के माध्यम से खर्च की जाती है। देश के हर नागरिक को चाहिए कि वह झण्डा दिवस कोष में अपना योगदान दें, ताकि हमारे देश का झण्डा आसमान की ऊंचाइयों को छूता रहे।

सशस्त्र सेना झण्डा दिवस का उद्देश्य और इसका इतिहास

सशस्त्र सेना झण्डा दिवस हमें इस बात का भी अहसास दिलाता है कि सीमा पर मुश्किल हालातों में डटे जवानों के परिजन के लिए हम भी दूसरों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं। इस दिन को मनाने के पीछे तीन प्रमुख उद्देश्य हैं। इनमें पहला उद्देश्य युद्ध के दौरान होने वाली हानि में सहयोग करना, दूसरा उद्देश्य सेना के जवानों और उनके परिवारों की मुश्किल हालात में मदद करना, तीसरा उद्देश्य रिटायर हो चुके जवानों और उनके परिवार का कल्याण करना है। 1949 को युद्ध दिग्गजों और उनके परिजन के कल्याण के लिए सात दिसम्बर को झण्डा दिवस मनाने की शुरुआत हुई। रक्षा समिति ने तय किया था कि यह दिन सैनिकों को चाहे वो पैदल सेना के जांबाज हों या फिर नेवी और एयरफोर्स के, यह उनके प्रति सम्मान प्रदर्शित करने का दिन होगा। बस तभी से सात दिसम्बर को हम अपने सैनिकों की सेवा को याद करते हुए इस दिन को मनाते हैं। आजादी के बाद सरकार को लगा कि सैनिकों के परिवार वालों की जरूरतों का ख्याल रखना सरकार की जवाबदारी है। इसी उद्देश्य से 07 दिसम्बर, 1949 को झण्डा दिवस के रूप में मनाने का फैसला लिया गया। शुरुआत में इस दिन को झण्डा दिवस के रूप में मनाया गया, लेकिन वर्ष 1993 में इस दिन को 'सशस्त्र सेना झण्डा दिवस' का नाम दे दिया गया। इसके बाद से ये दिन सशस्त्र सेना द्वारा मनाया जाने लगा। सशस्त्र सेना झण्डा दिवस के द्वारा जमा हुई राशि युद्ध वीरांगनाओं, सैनिकों की विधवाओं, दिव्यांग सैनिकों और उनके परिवार वालों के कल्याण पर खर्च की जाती है।

अपने सैन्य अधिकारी बेटे की स्मृति में झण्डा दिवस पर प्रदर्शनी लगाती है मां

सेना में कैप्टन रहे देवाशीष शर्मा 10 दिसम्बर, 1994 को ऑपरेशन रक्षक के दौरान आतंकवादियों की गोलीबारी के दौरान वीरगति को प्राप्त हुए थे और मरणोपरांत उन्हें कीर्ति चक्र और वीर चक्र से सम्मानित किया गया था। इन्हीं शहीद की मां छिअत्तर वर्षीय श्रीमती निर्मला शर्मा वर्ष 2007 से प्रतिवर्ष झण्डा दिवस से 10 दिसम्बर तक अपने बेटे की याद में चार दिवसीय सिरेमिक एग्जीबिशन के आयोजन के कारण चर्चित हैं। इस प्रदर्शनी में वे अपने हाथों से बनाए सिरेमिक के पॉट्स प्रदर्शित करतीं हैं और उनकी बिक्री भी करती हैं। बिक्री से प्राप्त राशि सशस्त्र सेना झण्डा निधि में जमा करवाती हैं। इसी कड़ी में भोपाल में 07 से 10 दिसम्बर तक चार दिवसीय एग्जीबिशन जिला सैनिक कल्याण बोर्ड में किया गया। इसमें निर्मला शर्मा के साथ अन्य कलाकारों ने भी अपनी कलाकृतियां प्रदर्शित कीं। एग्जीबिशन प्रतिदिन अपरान्ह तीन से छहः बजे तक लगाई गई। विशिष्ट सेवा पदक से सम्मानित ब्रिगेडियर आर. विनायक, सुप्रसिद्ध लेखिका डॉ. जयलक्ष्मी विनायक और बड़ी संख्या में कलाकार भी मौजूद थे।

एग्जीबिशन में कैप्टन देवाशीष शर्मा की फोटो पर फूल चढ़ाए गए। इसके बाद डॉ. जयलक्ष्मी विनायक ने कैप्टन देवाशीष शर्मा की शौर्य गाथा को बताया। साथ ही उन्होंने देवाशीष पर तैयार एक गाने को भी प्रस्तुत किया। श्रीमती निर्मला शर्मा बताती हैं कि इस अभियान में देशभर के आर्टिस्ट सहयोग करते हैं। हर साल वो अपना काम मुझे दे देते हैं। इस बार भी कई आर्टिस्ट ने अपने आर्टवर्क को डिस्प्ले किया है। उससे प्राप्त राशि और मेरे आर्ट वर्क की राशि और साल भर एग्जीबिशन से प्राप्त राशि आदि सबको मिलाकर मैं 10 दिसम्बर को झण्डा दिवस पर सैनिक कल्याण कोष में यह पैसा दे देती हूं।

प्रधानमंत्री ने झण्डा दिवस पर जवानों के अदम्य साहस को सलाम किया

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने गत वर्ष सशस्त्र सेना झण्डा दिवस पर अपने सम्बोधन में कहा था कि- 'सशस्त्र सेना झण्डा दिवस' पर हम अपने जवानों और उनके परिवारों के अदम्य साहस को सलाम करते हैं। मैं आपसे हमारी सेनाओं के कल्याण में योगदान देने का भी आग्रह करता हूं।' गत वर्ष 24 नवम्बर 2019 को 'मन की बात' के 59वें संस्करण में प्रधानमंत्री ने सशस्त्र सेना झण्डा दिवस के महत्व के बारे में बात की थी और सशस्त्र बलों की वीरता को श्रद्धांजलि अर्पित की थी। उन्होंने लोगों से सशस्त्र बलों के जवानों के कल्याण में भी मदद करने की अपील भी की थी।

उन्होंने आगे इस अवसर पर देशवासियों से अदम्य साहस, वीरता और समर्पण की भावना के प्रति अपना आभार व्यक्त करने की अपील की। उन्होंने इस अवसर पर यह भी कहा था कि आइए हम अपने सशस्त्र बलों के अदम्य साहस, वीरता और समर्पण की भावना के लिए अपना आभार व्यक्त करें और वीर जवानों को याद करें। हर साल सात दिसम्बर को सशस्त्र सेना झण्डा दिवस पर सेना के जवानों को सम्मानित भी किया जाता है। इस वर्ष प्रधानमंत्री ने कहा कि 'सशस्त्र सेना झण्डा दिवस' हमारे सशस्त्र बलों और उनके परिवारों के प्रति आभार व्यक्त करने का दिन है। भारत को उनकी वीरता भरी सेवा और निःस्वार्थ बलिदान पर गर्व है। आओ हमारी सेनाओं के कल्याण में योगदान दें। यह कार्य हमारे कई बहादुर कर्मियों और उनके परिवारों की मदद करेगा।

सशस्त्र बल के सम्मान में दिसम्बर माह गौरव माह के रूप में मनेगा

भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि केंद्र, राज्य और केंद्र शासित प्रदेश दिसम्बर महीने को सशस्त्र बल और इसके पूर्व सैनिकों के योगदान को सम्मानित करने के लिए 'गौरव माह' के रूप में मनाएंगे। सशस्त्र सेना झण्डा दिवस के अवसर पर रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने जनता से सशस्त्र सेना झण्डा दिवस कोष में सहयोग देने की अपील की। सिंह ने कहा कि सैनिकों के महान अवदान के बाद यह उचित ही होगा कि केन्द्र, राज्य और केंद्र शासित प्रदेश के सैनिक बोर्ड्स के जरिए दिसम्बर को गौरव माह के तौर पर मनाएं। सरकार की संस्था केंद्रीय सैनिक बोर्ड पूर्व सैन्यकर्मियों और उन पर आश्रितों के कल्याण के लिए नीतियां बनाता है। वर्ष 1949 से यह झण्डा दिवस शहीदों के साथ-साथ सैनिकों को सम्मानित करने के लिए मनाया जाता है। पूर्व सैनिकों के कल्याण और पुनर्वास के लिए सरकार द्वारा सशस्त्र सेना झण्डा दिवस कोष का गठन किया गया है। देश में 32 लाख से अधिक पूर्व सैनिक हैं और हर साल 60,000 सैनिक सेवानिवृत्ति के बाद इसमें जुड़ जाते हैं। श्री सिंह ने कहा कि हमारी सेनाएं हमेशा देश की संप्रभुता की रक्षा करने के लिए बहादुरी से लड़ती रही हैं। इस प्रक्रिया में कई बार उन्होंने अपने जीवन को भी दांव पर लगाया और अपने परिवार को पीछे छोड़ दिया। रक्षा मंत्री ने कहा हमारे पूर्व सैनिकों के पुनर्वास और कल्याण, हमारे शहीदों और हमारे दिव्यांग सैनिकों के परिजन की देखभाल की जिम्मेदारी हम सब नागरिकों की है। उन्होंने कहा कि झण्डा दिवस हमें इस कोष में योगदान करके इस जिम्मेदारी को पूरा करने का एक अवसर प्रदान करता है। लोगों के स्वैच्छिक योगदान के माध्यम से वर्ष 2019-20 के दौरान 47 करोड़ रुपये जुटाए गए थे, सिंह ने आशा जताई कि लोग आगे भी इसी तरह सहयोग करेंगे।

(फोटो गूगल से साभार)

कार्यालय अधिष्ठाता
स्वशासी छिंदवाड़ा इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस, छिंदवाड़ा (म.प्र.)

E-mail : deanmedicalcollegechhindwara@gmail.com, Phone : 07162-297009

क्रमांक/स्था./विज्ञप्ति/2020/5503 **छिंदवाड़ा, दिनांक : 04.12.2020**

विज्ञप्ति सूचना

संस्था में रिक्त पदों की पूर्ति की जाना है, मध्यप्रदेश शासन चिकित्सा शिक्षा विभाग मंत्रालय के परिपत्र क्रमांक एफ 4-60/2017/55-2, भोपाल दिनांक 06.05.2017/12.05.2017 के द्वारा चिकित्सा महाविद्यालय छिंदवाड़ा के लिये पद सृजित किये गये हैं। मध्यप्रदेश शासन चिकित्सा शिक्षा विभाग मंत्रालय, भोपाल के परिपत्र क्र./1/55/2018 भोपाल दिनांक 07.04.2018 के द्वारा 'मध्यप्रदेश स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालय चिकित्सकीय सेवा आदर्श नियम 2018' प्रतिस्थापित किया गया है, जिसमें नवीन सीधी भर्ती के प्रावधान किये गये हैं, जिनके तहत सीधी भर्ती की जाना है। प्राध्यापक, सह-प्राध्यापक, सहायक प्राध्यापक, प्रदर्शक, आकस्मिक चिकित्सा अधिकारी, महिला चिकित्सा अधिकारी, सीनियर रेसीडेंट एवं जूनियर रेसीडेंट के रिक्त पदों की पूर्ति की जाना है।

समस्त प्रवर्गों के आवेदक आवेदन शुल्क प्रत्येक पद हेतु रुपये 1000/- (शब्दों में रुपये एक हजार मात्र) अधिष्ठाता, छिंदवाड़ा इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस, छिंदवाड़ा के खाते में जमा कर उसकी रसीद आवेदन-पत्र के साथ अनिवार्य रूप से संलग्न करें।

Account Details

A/c Holder	Dean Chhindwara Institute of Medical Sciences, Chhindwara
Bank Name	State Bank of India Circular Road Dist. Chhindwara Madhya Pradesh
A/C No.	37739004173
IFSC	SBIN0000348

आवेदन जमा करने की **अंतिम दिनांक 21.12.2020 शाम 5.30 बजे तक** आमंत्रित किये जाते हैं, निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात् प्राप्त आवेदन अमान्य रहेंगे।

1. उपरोक्त विज्ञापन की जानकारी एवं आवेदन-पत्र का निर्धारित प्रारूप छिंदवाड़ा इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस, छिंदवाड़ा मध्यप्रदेश की वेबसाइट **www.govtmedicalcollegechhindwara.com** एवं **www.medicaleducation.mp.gov.in** पर उपलब्ध है।
2. आवेदन पत्र डाक या ई-मेल **deanmedicalcollegechhindwara@gmail.com** द्वारा अथवा व्यक्तिगत रूप से स्वशासी छिंदवाड़ा इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस, छिंदवाड़ा में जमा कराये जा सकते हैं।
3. साक्षात्कार की संभावित तिथि संस्था की वेबसाइट पर उपलब्ध करायी जावेंगी।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी/अधिष्ठाता

जी-16231/44822/2020 **स्वशासी छिंदवाड़ा इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस, छिंदवाड़ा (म.प्र.)**

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, खंड छिंदवाड़ा
निविदा आमंत्रण सूचना

निविदा जारी करने का दिनांक : 03.12.2020

निम्नलिखित कार्य की निविदा प्रक्रिया ई-प्रोक्युरमेंट ई-टेंडरिंग पद्धति से पोर्टल **http://www.mptenders.gov.in** पर आमंत्रित है। निविदाओं हेतु निविदा प्रपत्र डाउनलोड/क्रय करने की दिनांक 04 दिसम्बर, 2020 समय 10.30 बजे से प्रारंभ है। निविदा का विवरण निम्नानुसार है- **कार्य का नाम-** छिंदवाड़ा जिले के विकासखंड मोहखेड़ के निम्नलिखित गुणवत्ता प्रभावित ग्रामों में जल जीवन मिशन के अंतर्गत विद्यमान (स्थापित) नलजल योजनाओं में विभिन्न प्रकार एवं व्यास के पाइप लाइन बिछाने एवं जोड़ने, 20 कि.ली. क्षमता आर.सी.सी. सम्पवैल, रेडीमेंट मिनी पंप हाउस, विक्र मेसोनरी वाल्व चेंबर, वाउंड्रीवॉल निर्माण, एम.एस. फेब्रिकेटेड रूम, पावर पंप स्थापना, विद्युतीकरण तथा रेट्रोफिटिंग कर शत प्रतिशत घरेलु नल कनेक्शन कार्य प्रावधानुसार 5000 LPH एवं 10000 LPH जल क्षमता फ्लोराइड रिमूव्हल प्लांट का निर्धारित स्पेसिफिकेशन अनुसार प्रदाय प्रतिष्ठापन के माध्यम शुद्ध पेयजल व्यवस्था समस्त आवश्यक सामग्री सहित कार्य, पूर्ण होने के पश्चात् 90 दिन ट्रायल-रन कमिशनिंग तथा 2 वर्ष संचालन एवं संधारण कार्य। (As per BOQ)

ई-टेंडर आई.डी. क्र.	निविदा क्रमांक दिनांक	ग्राम का नाम	अनु. लागत (रु. लाख में)	अमानत राशि रुपये	निविदा प्रपत्र का मूल्य रुपये	निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि समय	निविदा खोलने की नियत दिनांक	ठेकेदार की श्रेणी	कार्य पूर्ण करने की समय अवधि
2020_PHED_114013-1	63/20-21 dt. 03.12.20	लिंगा एवं सिमरिया	162.80	162800	12500	16.12.20 5.30 PM	18.12.20 1.00 PM	नवीन केंद्रीयकृत पद्धति पर 'स' एवं ऊपर	6 माह वर्षाकाल सहित

निविदा प्रपत्र निर्धारित शुल्क, केश-कार्ड, ए.टी.एम. कम डेविट कार्ड अथवा इन्टरनेट बैंकिंग एकाउंट के माध्यम से उपरोक्त वेबसाइट पर भुगतान कर केवल ऑनलाइन पर ही क्रय किये जा सकते हैं।

विस्तृत निविदा एवं अन्य जानकारी उपरोक्त उल्लेखित वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

कार्यपालन यंत्री

जी-16236/44823/2020 **लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड, छिंदवाड़ा (म.प्र.)**

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, खंड छिंदवाड़ा
निविदा आमंत्रण सूचना

निविदा जारी करने का दिनांक : 03.12.2020

निम्नलिखित कार्य की निविदा प्रक्रिया ई-प्रोक्युरमेंट ई-टेंडरिंग पद्धति से पोर्टल **http://www.mptenders.gov.in** पर आमंत्रित है। निविदाओं हेतु निविदा प्रपत्र डाउनलोड/क्रय करने की दिनांक 04 दिसम्बर, 2020 समय 10.30 बजे से प्रारंभ है। निविदा का विवरण निम्नानुसार है- **कार्य का नाम-** छिंदवाड़ा जिले के विकासखंड मोहखेड़ के निम्नलिखित गुणवत्ता प्रभावित ग्रामों में जल जीवन मिशन के अंतर्गत विद्यमान (स्थापित) नलजल योजनाओं में विभिन्न प्रकार एवं व्यास के पाइप लाइन बिछाने एवं जोड़ने, 20 कि.ली. क्षमता आर.सी.सी. सम्पवैल, रेडीमेंट मिनी पंप हाउस, विक्र मेसोनरी वाल्व चेंबर, वाउंड्रीवॉल निर्माण, एम.एस. फेब्रिकेटेड रूम, पावर पंप स्थापना, विद्युतीकरण तथा रेट्रोफिटिंग कर शत प्रतिशत घरेलु नल कनेक्शन कार्य प्रावधानुसार 10000 LPH जल क्षमता फ्लोराइड रिमूव्हल प्लांट का निर्धारित स्पेसिफिकेशन अनुसार प्रदाय प्रतिष्ठापन के माध्यम शुद्ध पेयजल व्यवस्था समस्त आवश्यक सामग्री सहित कार्य, पूर्ण होने के पश्चात् 90 दिन ट्रायल-रन कमिशनिंग तथा 2 वर्ष संचालन एवं संधारण कार्य। (As per BOQ)

ई-टेंडर आई.डी. क्र.	निविदा क्रमांक दिनांक	ग्राम का नाम	अनु. लागत (रु. लाख में)	अमानत राशि रुपये	निविदा प्रपत्र का मूल्य रुपये	निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि समय	निविदा खोलने की नियत दिनांक	ठेकेदार की श्रेणी	कार्य पूर्ण करने की समय अवधि
2020_PHED_114014-1	64/20-21 dt. 03.12.20	पौनार एवं चिखलीकला	145.99	145990	12500	16.12.20 5.30 PM	18.12.20 1.00 PM	नवीन केंद्रीयकृत पद्धति पर 'स' एवं ऊपर	6 माह वर्षाकाल सहित

निविदा प्रपत्र निर्धारित शुल्क, केश-कार्ड, ए.टी.एम. कम डेविट कार्ड अथवा इन्टरनेट बैंकिंग एकाउंट के माध्यम से उपरोक्त वेबसाइट पर भुगतान कर केवल ऑनलाइन पर ही क्रय किये जा सकते हैं।

विस्तृत निविदा एवं अन्य जानकारी उपरोक्त उल्लेखित वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

कार्यपालन यंत्री

जी-16238/44824/2020 **लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड, छिंदवाड़ा (म.प्र.)**

कार्यालय प्रमुख अभियंता, जल संसाधन विभाग, भोपाल

ई-मेल : ceproc.encwrd.bpl@nic.in, फोन : 0755-2767635, फैक्स : 0755-2552406

निविदा सूचना क्रमांक-763/2020-21/प्रमुख अभियंता/ई-टेंडरिंग **भोपाल, दिनांक : 04.11.2020**

निम्न कार्यों हेतु निविदा वेबसाइट **https://www.mptenders.gov.in** पर आमंत्रित की गई है। निविदा प्रपत्र **दिनांक 12.01.2021 को 17.30 बजे तक** क्रय/डाउनलोड तथा प्रस्तुत किये जा सकते हैं। निविदा में संशोधन की स्थिति में वेबसाइट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

स. क्र.	निविदा क्र.	कार्य	जिला	लागत (लाख)
1.	2020_WRD_116655	चोरल परियोजना की मुख्य नहर का विशेष मरम्मत कार्य।	इंदौर	74.66
2.	2020_WRD_116694	**टर्न की पद्धति पर-** बनवानी स्टॉप डेम का निर्माण कार्य। विस्तृत स्कोप ऑफ वर्क के अनुसार परन्तु उस तक सीमित नहीं।	शिवपुरी	299.06
3.	2020_WRD_116695	**टर्न की पद्धति पर-** खडोय स्टॉप डेम का निर्माण कार्य। विस्तृत स्कोप ऑफ वर्क के अनुसार परन्तु उस तक सीमित नहीं।	शिवपुरी	291.52

जी-16246/44827/2020 **मुख्य अभियंता (प्रोक्योरमेंट)**

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खंड भिण्ड

क्रमांक 4367/लेखा/2020-21/का.यं./लो.स्वा.यां.वि./भिण्ड **दिनांक : 02.12.2020**

निविदा विज्ञप्ति क्रमांक 168 से 171

निम्नलिखित कार्य की निविदायें ई-टेंडरिंग पद्धति से पोर्टल **http://www.mptenders.gov.in/nicgep/app** भिण्ड जिले के विभिन्न विकासखंडों के विभिन्न ग्रामों में जल जीवन मिशन के अंतर्गत पाइप लाइन, घरेलु नल कनेक्शन एवं विद्युत संयोजन कार्य हेतु निविदायें निम्नानुसार आमंत्रित हैं।

क्र.	निविदा क्रमांक/ दिनांक	सिस्टम क्रमांक	विकासखंड	ग्रामों/ मजरे की संख्या	निविदा की कुल लागत रु. (लाख में)	धरोहर राशि (EMD)	निविदा प्रपत्र का मूल्य	कार्य पूर्ण करने की अवधि	ठेकेदार की श्रेणी
1.	168/ 02.12.2020	2020_PHED_116599_1	लहार	03	229.14	229140	रु. 15000	6 माह वर्षाकाल सहित	नवीन केंद्रीकृत पंजीयन प्रणाली
2.	169/ 02.12.2020	2020_PHED_116600_1	लहार	03	201.24	201240	रु. 15000	6 माह वर्षाकाल सहित	नवीन केंद्रीकृत पंजीयन प्रणाली
3.	170/ 02.12.2020	2020_PHED_116601_1	लहार	02	176.90	176900	रु. 12500	6 माह वर्षाकाल सहित	नवीन केंद्रीकृत पंजीयन प्रणाली
4.	171/ 02.12.2020	2020_PHED_116602_1	रौन	01	117.15	117150	रु. 12500	6 माह वर्षाकाल सहित	नवीन केंद्रीकृत पंजीयन प्रणाली

निविदा में संशोधन की स्थिति में वेबसाइट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य जानकारी उक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती हैं।

ऑनलाइन निविदा फार्म क्रय करने की अंतिम तिथि - **18.12.2020 17:30 बजे।** ऑनलाइन निविदा दर डालने की अंतिम तिथि - 18.12.2020 17:30 बजे। ऑनलाइन निविदा दर खोलने की तिथि- 21.12.2020 11:00 बजे। निविदा फार्म ऊपर दर्शित वेबसाइट पर (online system) ऑनलाइन भुगतान कर ही क्रय किये जा सकते हैं। निविदा एवं उससे संबंधित जानकारी ऊपर दर्शाई गई वेबसाइट पर देखें।

कार्यपालन यंत्री

जी-16305/44834/2020 **लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, खंड-भिण्ड**

कार्यालय वनमंडल अधिकारी, नरसिंहपुर सामान्य वनमंडल, नरसिंहपुर

फोन : 07792-230624, फैक्स : 07792-230453, E-mail : dfotnpur@mp.gov.in

ऑनलाइन टेंडर की सूचना

वन मंडल नरसिंहपुर अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2020-21 में निर्माण कार्यों हेतु निम्नांकित सामग्री के लिये वाणिज्यिक कर अधिनियम के तहत पंजीकृत, प्रतिष्ठित निर्माताओं तथा अधिकृत विक्रेताओं से नरसिंहपुर, गाडरवारा, गोटेगांव परिक्षेत्रों के लिये ऑनलाइन निविदायें आमंत्रित की जाती हैं।

भाग-एक

क्र.	परिक्षेत्र	स्थल का नाम	ईंट नग में (साइज 8"x4"x4")	गिट्टी 20 (एम.एम.) घ.मी. में	गिट्टी 40 (एम.एम.) घ.मी. में	रेत घ.मी.	ह्वाईट मुरम (घ.मी.)
1.	गाडरवारा	वनरक्षक आवास निर्माण मोहपानी	25000	16	10	39.237	30
2.	नरसिंहपुर	वनरक्षक आवास निर्माण जैतपुर	25000	16	10	39.237	30
3.	नरसिंहपुर	वनरक्षक आवास निर्माण गंगई	25000	16	10	39.237	30
4.	नरसिंहपुर	सागौन वृक्षारोपण घोघरा कक्ष आर.एफ. 75	0	51.702	0	25.851	0
5.	नरसिंहपुर	सागौन वृक्षारोपण पिटवानाला कक्ष आर.एफ. 100	0	43.338	0	21.669	0
6.	नरसिंहपुर	सागौन वृक्षारोपण मुंगवानी कक्षा पी.एफ. 93	0	57.784	0	28.892	0
7.	नरसिंहपुर	मिश्रित वृक्षारोपण कठौतिया कक्ष पी.एफ. 159	0	60.445	0	30.222	0
8.	नरसिंहपुर	मिश्रित वृक्षारोपण खैरवारी कक्ष आर.एफ. 141	0	51.702	0	25.851	0
9.	नरसिंहपुर	मिश्रित वृक्षारोपण टोरिया कक्ष पी.एफ. 158	0	57.784	0	28.892	0
10.	गोटेगांव	वृक्षविहीन पहाड़ी बगासपुर पी.एफ. 27	0	110.376	0	55.188	0
11.	गोटेगांव	मिश्रित वृक्षारोपण कछवा कक्ष आर.एफ. 65	0	49.896	0	24.948	0
12.	गोटेगांव	मिश्रित वृक्षारोपण दौन कक्ष पी.एफ. 61	0	55.944	0	27.972	0
		योग -	**75000**	**538.971**	**30**	**269.49**	**90**

इस निविदा के लिये दिनांक 03.12.2020 से आवेदन केवल ऑनलाइन माध्यम से आमंत्रित किये जा रहे हैं। टेंडर की विस्तृत जानकारी **https://mptenders.gov.in** के माध्यम से प्राप्त की जा सकेगी। निविदा जमा करने की **अंतिम तिथि 23.12.2020 शाम 5.00 बजे तक** रहेगी। निविदा खोलने की तिथि 26.12.2020 को दोपहर 3.00 बजे का रहेगा। उक्त निविदा वन विभाग की ऑफिशियल वेबसाइट **https://mpforest.gov.in** पर भी देखी जा सकेगी।

जी-16306/44835/2020 **वनमंडल अधिकारी, नरसिंहपुर (म.प्र.)**

तकनीकी शिक्षा संचालनालय, मध्यप्रदेश
चतुर्थ तल, सतपुड़ा भवन, भोपाल-462004
प्रतिनियुक्ति हेतु विज्ञापन

संचालनालय तकनीकी शिक्षा प्रोफेशनल एग्जामिनेशन बोर्ड, भोपाल में निम्नलिखित पदों पर प्रतिनियुक्ति हेतु **दिनांक 28.12.2020 सायं 5.00 बजे तक** आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। पदों का विवरण निम्नानुसार है-

स.क्र.	पदनाम	रिक्त पद	प्रतिनियुक्ति हेतु वेतनमान	भर्ती का तरीका
1.	अपर संचालक	01	6वां वेतनमान 37000-67000 +8700 7वां वेतनमान 123100-215900	शासकीय विभागों में प्रशासकीय पद पर कार्यरत अधिकारियों से प्रतिनियुक्ति द्वारा।
2.	संयुक्त संचालक	02	6वां वेतनमान 15600-39100 +7600 7वां वेतनमान 79900-211700	शासकीय विभागों में प्रशासकीय पद पर कार्यरत अधिकारियों से प्रतिनियुक्ति द्वारा।
3.	संयुक्त नियंत्रक	04	6वां वेतनमान 15600-39100 +7600 7वां वेतनमान 79900-211700	शैक्षणिक गतिविधियों वाले विभाग यथा तकनीकी शिक्षा, उच्च शिक्षा, स्कूल शिक्षा, चिकित्सा शिक्षा, कृषि विभाग एवं म.प्र. की की स्टेट यूनिवर्सिटीस, आर.सी.व्ही.पी. नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी एवं शासन के अन्य शैक्षणिक विभाग से प्रतिनियुक्ति द्वारा।
4.	उप संचालक	02	6वां वेतनमान 15600-39100 +6600 7वां वेतनमान 67300-206900	शासकीय विभागों में प्रशासकीय पद पर कार्यरत अधिकारियों से प्रतिनियुक्ति द्वारा।
5.	उप नियंत्रक	03	6वां वेतनमान 15600-39100 +6600 7वां वेतनमान 67300-206900	शैक्षणिक गतिविधियों वाले विभाग यथा तकनीकी शिक्षा, उच्च शिक्षा, स्कूल शिक्षा, चिकित्सा शिक्षा, कृषि विभाग एवं म.प्र. की की स्टेट यूनिवर्सिटीस, आर.सी.व्ही.पी. नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी एवं शासन के अन्य शैक्षणिक विभाग से प्रतिनियुक्ति द्वारा।
6.	सहायक संचालक	01	6वां वेतनमान 15600-39100 +5400 7वां वेतनमान 56100-177500	शासकीय विभागों में प्रशासकीय पद पर कार्यरत अधिकारियों से प्रतिनियुक्ति द्वारा।

नोटः- 1. उपरोक्त पदों की पूर्ति प्रतिनियुक्ति से की जायेगी। 2. प्रतिनियुक्ति हेतु इच्छुक आवेदक प्रशासकीय पदों यदा अपर संचालक, संयुक्त संचालक, उप संचालक हेतु म.प्र. शासन के समस्त विभाग, म.प्र. की स्टेट यूनिवर्सिटीस, आर.सी.व्ही.पी. नरोन्हा प्रशासन अकादमी तथा परीक्षा कार्यों से संबंधित पदों यदा संयुक्त नियंत्रक, उप नियंत्रक हेतु शैक्षणिक गतिविधियों वाले विभाग यदा तकनीकी शिक्षा, उच्च शिक्षा, स्कूल शिक्षा, चिकित्सा शिक्षा, कृषि विभाग एवं म.प्र. की स्टेट यूनिवर्सिटीस, आर.सी.व्ही.पी. नरोन्हा प्रशासन अकादमी एवं अन्य विभाग में कार्यरत अधिकारी अपने आवेदन विभाग प्रमुख के माध्यम से अनापत्ति प्रमाण-पत्र एवं अन्य आवश्यक समस्त प्रमाण-पत्रों सहित निर्धारित प्रपत्र में आवेदन प्रेषित कर सकेंगे। बिना अनापत्ति प्रमाण-पत्र के आवेदन स्वीकार नहीं किये जावेंगे। 3. यदि किसी पद के लिये अधिक वेतनमान वाले व्यक्ति आवेदन करते हैं और उनको प्रतिनियुक्ति दी जाती है तो प्रतिनियुक्ति उपरांत वह किसी उच्च पद हेतु दावा नहीं कर सकेंगे। 4. प्रतिनियुक्ति हेतु आवेदन करते समय सामान्य प्रशासन विभाग, भोपाल के परिपत्र दिनांक 29.02.2008 एवं तकनीकी शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग, मंत्रालय, भोपाल के पृष्ठांकन क्रमांक/एफ 14-8/2009/वयालीस (1) दिनांक 14 मार्च 2014 में दिये गये निर्देशों का अवलोकन कर पात्रता सुनिश्चित कर लेवें। 5. आवेदन पत्र **दिनांक 28.12.2020 सायं 5.00 बजे तक** तकनीकी शिक्षा संचालनालय, चतुर्थ तल, सतपुड़ा भवन, भोपाल, म.प्र. में डाक अथवा व्यक्तिगत रूप से प्रस्तुत किये जा सकते हैं। लिफाफे पर आवेदित पद का नाम अंकित करें। 6. समय-सीमा के पश्चात प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जायेगा। 7. न्यूनतम योग्यता संबंधी प्रमाण-पत्र में किस पद पर एवं संपादित कार्यों का स्पष्ट विवरण होना चाहिये। 8. जिन आवेदकों ने तकनीकी शिक्षा संचालनालय, भोपाल के पत्र क्रमांक/प्रशा/2/राज/ई/2020/1262 एवं 1264, भोपाल दिनांक 12.11.2020 के तारतम्य में आवेदन की अंतिम तिथि 01.12.2020 तक आवेदन-पत्र प्रस्तुत किया है, उन आवेदकों को पुनः आवेदन प्रस्तुत करने की आवश्यकता नहीं है। 9. आवेदन के संबंध में आयुक्त, तकनीकी शिक्षा का निर्णय अंतिम एवं बाध्यकारी होगा। 10. आवेदन का प्रारूप एवं अन्य आवश्यक जानकारी/सर्कुलर तकनीकी शिक्षा संचालनालय की वेबसाइट **www.mptechedu.org** पर उपलब्ध है।

जी-16283/44832/2020 **आयुक्त तकनीकी शिक्षा, मध्यप्रदेश**

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, खंड- हरदा

दूरभाष : 07577-223212, फैक्स : 226777, ईमेल : eephedhar@mp.nic.in

निविदा आमंत्रण सूचना

निम्नलिखित कार्यों की निविदाएं ई-टेण्डरिंग पद्धति से पोर्टल **http://www.mpeproc.gov.in** पर हरदा जिले के विभिन्न ग्रामों में जल जीवन मिशन के अंतर्गत पाइप लाईन, घरेलू नल कनेक्शन विद्युत संयोजन एवं अन्य कार्य हेतु निरविदाएं निम्नानुसार आमंत्रित है :-

निविदा क्र./ दिनांक	सिस्टम क्र.	विकासखण्ड	ग्रामों की संख्या	निविदा की कुल लागत (रु. लाख में)	धरोहर राशि (रु. में)	निविदा प्रपत्र मूल्य (रु. में)	कार्य पूर्ण करने की समयावधि	ठेकेदार की श्रेणी
36/2020-21	117467	टिमरनी	06	193.52	193520	12500	5 माह वर्षाकाल सहित	नवीन केन्द्रीयकृत
37/2020-21	117614	हरदा	11	188.42	188420	12500	5 माह वर्षाकाल सहित	पंजीयन प्रणाली
38/2020-21	117623	खिरकिया	06	199.00	199000	12500	5 माह वर्षाकाल सहित	
39/2020-21	117629	खिरकिया	05	196.20	196200	12500	5 माह वर्षाकाल सहित	
40/2020-21	117634	खिरकिया, टिमरनी	05	177.89	177890	12500	5 माह वर्षाकाल सहित	

ऑनलाइन निविदा फार्म क्रय करने की अंतिम तिथि : **24.12.2020 17.30 बजे**
ऑनलाइन निविदा दर डालने की अंतिम तिथि : 24.12.2020 17.30 बजे
ऑनलाइन निविदा दर खोलने की तिथि : 26.12.2020 11.00 बजे

निविदा फार्म ऊपर दर्शित वेबसाइट पर **(Online System)** ऑनलाइन भुगतान कर ही क्रय किये जा सकते हैं। निविदा एवं उससे संबंधित जानकारी ऊपर दर्शाई गई वेबसाइट पर देखें।

कार्यपालन यंत्री
निविदा सूचना क्रमांक	ई-टेण्डर क्रमांक	विकास-खण्ड/ग्राम का नाम	ग्रामों की संख्या	कार्य की अनु. लागत (लाखों में)	धरोहर राशि	कार्य पूर्ण करने की अवधि निविदा में एनेक्जर 'ई' अनुसार वर्षाकाल सहित	निविदा प्रपत्र का मूल्य	आमंत्रण
16/20-21	2020_PHED_112473_2	बाजना	3	93.75	93750/-	4 माह	10000/-	द्वितीय
17/20-21	2020_PHED_112566_3	रतलाम	3	200.71	200710/-	6 माह	15000/-	तृतीय
17/20-21	2020_PHED_112567_3	रतलाम	3	217.52	217520/-	6 माह	15000/-	तृतीय

शर्तें :-
1. निविदा आमंत्रण सूचना विभाग की वेवसाइट **http://mptenders.gov.in/nicgep/app** पर देखी जा सकती है।
2. निविदा प्रपत्र निर्धारित शुल्क ऑनलाइन पेमेंट **https://mptenders.gov.in/nicgep/app** किया जाना है।
3. विस्तृत निविदा एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेवसाइट पर देखी जा सकती है।
4. उक्त निविदा में संशोधन होने पर ऑनलाइन **https://mptenders.gov.in/nicgep/app** देखे जा सकते हैं। अलग से प्रकाशित नहीं किये जावेंगे।

सदस्य सचिव, जिला जल एवं स्वच्छता मिशन तथा
जी-16352/44837/2020 कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, रतलाम

जब तक कोरोना की दवाई नहीं, तब तक ढिलाई नहीं।

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड, श्योपुर (म.प्र.)

दूरभाष क्रमांक 07530-222185, Email id :- eephed_sheopur@yahoo.com

निविदा आमंत्रण सूचना

मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से म.प्र. लोक निर्माण विभाग में नवीन केन्द्रीयकृत प्रणाली के अंतर्गत पंजीकृत ठेकेदारों से लोक निर्माण के अपेण्डिक्स 2.10 में प्रतिशत दर पर ई-निविदायें Online आमंत्रित की जाती हैं।
कार्य का नाम - श्योपुर जिले के विकासखण्ड कराहल के विभिन्न ग्रामों में जल जीवन मिशन के तहत नलजल योजना अंतर्गत पाइप लाइन बिछाना, पंप हाउस, पाइप लाइन, सबमर्सिबल मोटरपंप क्रय कर नलकूप में डालना, विद्युत लाइन कनेक्शन कर मोटरपंप को जोड़ना आदि सामग्री सहित कार्य। योजनाओं में 90 दिवस ट्रायल रन की निविदा आमंत्रित की जाती है।

क्र.	निविदा सूचना क्रमांक	टेंडर आई.डी.	विकासखण्ड	ग्राम की संख्या	कार्य की अनु. लागत (रु. लाख में)	धरोहर राशि	निविदा प्रपत्र का मूल्य	समय
1.	43/2020-21 दि. 04.12.2020	2020_PHED_117004_1	कराहल	04	131.71	131710/-	12500/-	06 माह

बिड सबमिशन प्रारम्भ दिनांक - 10.12.2020, समय 10.30 बजे से
बिड सबमिशन **अंतिम दिनांक - 17.12.2020, समय 17.30 बजे तक**
बिड खोलने का दिनांक - 21.12.2020, समय 10.30 बजे
नोट - यह निविदा का संक्षिप्त भाग है। विस्तृत जानकारी अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय अथवा वेवसाइट **https://mptenders.gov.in** पर देखी जा सकती है। भविष्य में संभावित समस्त संशोधन उक्त वेवसाइट पर प्रदर्शित किये जावेंगे। संशोधनों का पृथक से प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री
जी-16355/44838/2020 लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग, खण्ड श्योपुर (म.प्र.)

प्रदेश में कोई भी व्यक्ति डरा-धमका कर नहीं करा पाएगा धर्म परिवर्तन

'सरकार लायेगी म.प्र. धर्म स्वातंत्र्य अधिनियम 2020'

भोपाल, प्रदेश में कोई भी व्यक्ति अब किसी को बहला-फुसलाकर, डरा-धमका कर विवाह के माध्यम से अथवा अन्य किसी कपटपूर्ण साधन से प्रत्यक्ष अथवा अन्यथा धर्म परिवर्तन नहीं करा पाएगा। ऐसा प्रयास करने वाले व्यक्ति के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। मध्यप्रदेश सरकार इस संबंध में 'म.प्र. धर्म स्वातंत्र्य अधिनियम 2020' लाने वाली है। यह बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने मंत्रालय में उच्च स्तरीय अधिकारियों की बैठक में धर्म स्वातंत्र्य अधिनियम-2020 के प्रारूप पर चर्चा करते हुये कहीं।

स्वयं, माता-पिता या रक्त संबंधी कर सकेंगे शिकायत

प्रस्तावित अधिनियम के अंतर्गत किसी व्यक्ति द्वारा धर्म परिवर्तन कराने संबंधी प्रयास किए जाने पर प्रभावित व्यक्ति स्वयं, उसके माता-पिता अथवा रक्त संबंधी इसके विरुद्ध शिकायत कर सकेंगे। यह अपराध संज्ञेय, गैर-जमानती तथा सत्र न्यायालय द्वारा विचारणीय होगा।

धर्म परिवर्तन के आशय से किया गया विवाह अकृत व शून्य होगा

जो विवाह धर्म परिवर्तन की नियत से किया गया होगा वह अकृत एवं शून्य होगा। इस प्रयोजन के लिए कुटुम्ब न्यायालय अथवा कुटुम्ब न्यायालय की अधिकारिता में आवेदन करना होगा।

दंड के प्रावधान

किसी भी व्यक्ति द्वारा अधिनियम की धारा 03 का उल्लंघन करने पर 01 वर्ष से 05 वर्ष का कारावास और कम से कम 25 हजार रुपये का अर्थदण्ड होगा। नाबालिग, महिला, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के प्रकरण में 02 से 10 वर्ष के कारावास तथा कम से कम 50 हजार रुपये अर्थदण्ड प्रस्तावित किया गया है।

इसी प्रकार अपना धर्म छुपाकर ऐसा प्रयास करने पर 03 वर्ष से 10 वर्ष का कारावास एवं कम से कम 50 हजार रुपये अर्थदण्ड होगा। सामूहिक धर्म परिवर्तन (02 या अधिक व्यक्ति का) का प्रयास करने पर 05 से 10 वर्ष के कारावास एवं कम से कम 01 लाख रुपये के अर्थदण्ड का प्रावधान किया जा रहा है।

यह कहती है धारा-03

प्रस्तावित 'म.प्र. धर्म स्वातंत्र्य अधिनियम' की धारा 03 के अंतर्गत कोई भी व्यक्ति दूसरे को दिग्भ्रमित कर, प्रलोभन, धमकी, बल, दुष्प्रभाव, विवाह के नाम पर अथवा अन्य कपटपूर्ण तरीके से प्रत्यक्ष अथवा अन्यथा उसका धर्म परिवर्तन अथवा धर्म परिवर्तन का प्रयास नहीं कर सकेगा। कोई भी व्यक्ति धर्म परिवर्तन किए जाने का दुष्प्रेरण अथवा षड्यंत्र नहीं करेगा।

सुशासन के लिए 'रुटीन गवर्नेंस' और 'फोकस्ड एजेंडा' पर करें कार्य

मुख्यमंत्री ने आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश पोर्टल का शुभारंभ किया

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान कमिश्नर्स, आईजी, कलेक्टर्स और पुलिस अधीक्षक के साथ समीक्षा करते हुये।

भोपाल, मध्यप्रदेश में सुशासन के लिए 'रुटीन गवर्नेंस' और 'फोकस्ड एजेंडे' दोनों पर कार्य किया जाए। एक तरफ जहां जनता के रोजमर्रा के कार्य बिना किसी बाधा के सुगमता से हों वहीं आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश तथा शासन की प्राथमिक वाले विषयों पर नियमित रूप से कार्रवाई हो। सी.एम. डैशबोर्ड के माध्यम से शासन के सभी विभागों की निरंतर मॉनीटरिंग एवं रैंकिंग की जाएगी तथा अच्छा कार्य करने वालों को पुरस्कृत किया जाएगा। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कमिश्नर, आईजी, कलेक्टर्स, पुलिस अधीक्षक आदि के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान कहीं। मुख्यमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के प्रथम सत्र में कार्यों की समीक्षा की। वहीं कॉन्फ्रेंसिंग के प्रारंभ में मुख्यमंत्री ने आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के पोर्टल का शुभारंभ किया।

सुशासन की परिभाषा बताई

श्री चौहान ने सुशासन की परिभाषा बताते हुए कहा कि सुशासन का अर्थ है 'जनता को बिना लिए-दिए समय पर शासन द्वारा दी जाने वाली समस्त सुविधाओं का लाभ मिलना चाहिए।' हमारा लक्ष्य है प्रदेश की जनता को सुशासन देना। हमें जनता का कार्य करने के तरीके निकालने हैं न कि कार्य न करने के बहाने तलाशने हैं।

आप शासन के प्रतिनिधि हैं

श्री चौहान ने कमिश्नर्स, आईजी, कलेक्टर्स और पुलिस अधीक्षकों से कहा कि 'आप शासन के प्रतिनिधि हैं अतः अपने क्षेत्र में सुशासन सुनिश्चित करना आप सभी की जिम्मेदारी है। जनता एवं जनप्रतिनिधियों के साथ निरंतर संवाद रखें।'

आत्मनिर्भर पोर्टल पर पूरी जानकारी

मुख्य सचिव श्री इकबाल सिंह बैंस ने बताया कि आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश पोर्टल पर आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश का सभी विभागों का रोडमैप तथा सभी विभागों की विभागवार एवं जिलावार जानकारी अपलोड की गई है। इसके साथ ही समस्त आवश्यक जानकारियों एवं सूचनाओं को भी प्रदर्शित किया गया है।

उपार्जन के साथ ही कलेक्टर्स मिलिंग के कार्य पर भी फोकस करें

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में पहली बार धान के उपार्जन के साथ ही मिलिंग का कार्य भी किया जा रहा है, अतः कलेक्टर्स इस ओर विशेष ध्यान दें। सीमावर्ती कलेक्टर इस बात का विशेष ध्यान रखें कि उपार्जन के लिए प्रदेश के बाहर से धान न आए। समर्थन मूल्य खरीदी के अंतर्गत अभी तक 5 लाख 40 हजार टन धान का उपार्जन किया गया है, वहीं 2 लाख 15 हज़ार टन मोटे अनाज ज्वार व बाजरे का उपार्जन किया गया है।

चिटफंड माफिया के विरुद्ध कार्रवाई को अंजाम तक पहुंचाएं

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में चिटफंड माफियाओं के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही की गई है। प्रदेश में 184 प्रकरण पंजीबद्ध कर 3528 निवेशकों को 17 करोड़ 60 लाख रुपये वापस दिलवाए गए हैं। छतरपुर, कटनी, नीमच और रतलाम जिले के अधिकारी विशेष बधाई के पात्र हैं। उन्होंने कहा कि चिटफंड माफिया के विरुद्ध कार्रवाई को अंजाम तक पहुंचाएं तथा निवेशकों को उनके पैसे वापस दिलवाएं।

मिलावटखोरी महापाप, सख्त कार्रवाई करें

श्री चौहान ने कहा कि मिलावटखोरी महापाप है। मिलावटखोरों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। इस संबंध में ग्वालियर, गुना, मुरैना, जबलपुर, इन्दौर उज्जैन में अच्छी कार्यवाही हुई है, शेष जिलों में भी ऐसी ही कार्रवाई हो।

बेटियों के विरुद्ध अपराधों के प्रति अत्यंत संवेदनशील

मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार बेटियों के विरुद्ध अपराधों के प्रति अत्यंत संवेदनशील है। इस संबंध में सख्त से सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। हाल ही में होशंगाबाद से गायब एक बालिका को नेपाल बॉर्डर से तथा बुदनी से गायब एक बालिका को सिकंदराबाद से वापस लाया गया है।

लिपिकीय अमले की पुर्नसंरचना की अनुशंसा देने समिति गठित

भोपाल, राज्य शासन द्वारा शासन के लिपिकीय अमले की पुर्नसंरचना के संबंध में अनुशंसाएं देने के लिये समिति का गठन किया गया है।

समिति में श्री आई.सी.पी. केसरी, उपाध्यक्ष नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण को समिति का अध्यक्ष बनाया गया है। श्रीमती दीप्ति गौड़ मुकर्जी, प्रमुख सचिव 'कार्मिक' मध्यप्रदेश शासन, सामान्य प्रशासन विभाग, श्री निकुंज श्रीवास्तव, आयुक्त, नगरीय प्रशासन एवं विकास तथा पदेन सचिव, नगरीय विकास एवं आवास विभाग और श्री जॉन किंग्सली, प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश इण्डस्ट्रियल डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड तथा सचिव, औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग को सदस्य बनाया गया है। श्रीमती रूही खान, विशेष कर्त्तव्यस्थ अधिकारी, आरसीव्हीपी नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी तथा उप सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग (अतिरिक्त प्रभार) सदस्य सचिव होंगी। समिति भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए प्रदेश में लिपिकीय अमले की नियुक्ति के लिये अर्हताएं एवं नियुक्ति की प्रक्रिया और सेवा में क्षमतावर्धन हेतु मार्गदर्शी सिद्धांत के संबंध में अनुशंसा देगी।

सरकार आपकी है, आपकी सहमति से ही होगा विकास - नगरीय विकास एवं आवास मंत्री

भोपाल, सरकार आपकी है, आपकी सहमति से ही न्यू मार्केट का विकास होगा। नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री भूपेन्द्र सिंह ने यह बात न्यू मार्केट में व्यावसायिक परिसर के निर्माण कार्य के भूमि-पूजन कार्यक्रम में कही। श्री सिंह ने कहा कि प्रदेश शांति-व्यवस्था के मामले में देश में नम्बर एक है। इससे व्यापारियों को व्यापार करने में कोई कठिनाई नहीं होती।

नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री सिंह ने कहा कि न्यू मार्केट में 45 चबूतरों के स्थान पर भू-तल में 45 दुकानें, प्रथम तल पर 20 एवं द्वितीय तल पर 20 दुकानें बनेंगी। इनकी कुल लागत एक करोड़ 66 लाख रुपये है। उन्होंने बताया कि 45 चबूतरों में व्यापार कर रहे व्यापारियों को उसी स्थान पर पक्की दुकानें दी जायेंगी।

श्री सिंह ने कहा कि न्यू मार्केट भोपाल का प्रतिष्ठित बाजार है। यहां पर व्यावसायिक परिसर बनने से नये लोगों को अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि सरकार शहरों के समुचित विकास के लिये लगातार कार्य कर रही है। श्री सिंह ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी कहते थे कि जितना जरूरी स्वराज है, उतनी ही जरूरी स्वच्छता है। इसी उद्देश्य को लेकर स्वच्छता पर पूरे देश में कार्य किया जा रहा है। इंदौर शहर लगातार देश का स्वच्छतम शहर और भोपाल देश की स्वच्छतम राजधानी बनी हुई है। उन्होंने कहा कि शहर में हरियाली और स्वच्छता की जिम्मेदारी हम सबकी है।

नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री भूपेन्द्र सिंह न्यू मार्केट में व्यावसायिक परिसर के निर्माण कार्य का भूमि-पूजन करते हुये।

श्री सिंह ने नगर निगम कमिश्नर को निर्देशित किया कि व्यापारियों द्वारा दिये गये ज्ञापन पर समुचित कार्यवाही करें। उन्होंने कहा कि जो दुकानें जल गयी हैं, उनके मालिकों को नियमानुसार सहायता देने की कार्यवाही की जायेगी।

श्री सिंह ने उपस्थित नागरिकों को स्वच्छता की शपथ दिलायी और स्वच्छता शपथ पर हस्ताक्षर किये। सांसद साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर ने कहा कि शासन के विकास कार्यों में सहभागी बनें। उन्होंने कहा कि व्यापारी हमेशा सचेत रहें। भोपाल के पूर्व महापौर श्री आलोक शर्मा ने कहा कि न्यू मार्केट का कायाकल्प होना चाहिये। नगर निगम भोपाल के कमिश्नर श्री के.वी.एस. चौधरी कोलासानी ने व्यावसायिक परिसर के निर्माण के संबंध में जानकारी दी। इस दौरान अन्य जन-प्रतिनिधि एवं व्यापारी उपस्थित थे।

प्रदेश में वनवासियों के 2 लाख 60 हजार से अधिक हक प्रमाण-पत्र वितरित

भोपाल, मध्यप्रदेश में वन भूमि पर काबिज वनवासियों को उनकी जमीन के हक प्रमाण-पत्र वितरित किये जाने का कार्य निरंतर जारी है। अब तक आदिम जाति कल्याण विभाग द्वारा करीब 2 लाख 60 हजार से अधिक वन भूमि के व्यक्तिगत एवं सामूहिक दावे मान्य किये जा चुके हैं। जिन दावों को पूर्व में निरस्त किया गया है। उनके पुनरीक्षण का कार्य विभाग द्वारा निरंतर किया जा रहा है।

विभाग द्वारा वनवासियों के 2 लाख 38 हजार 405 व्यक्तिगत दावे और 29 हजार 996 सामुदायिक दावे मान्य किये गये हैं। जिन वनवासियों को हक प्रमाण-पत्र मिले हैं उन्हें राज्य शासन की विभिन्न योजनाओं के तहत मदद भी दी जा रही है। करीब 62 हजार वनवासियों को आवास, 55 हजार वनवासियों को कपिलधारा, 60 हजार वनवासियों को भूमि समतलीकरण और करीब 25 हजार वनवासियों को सिंचाई सुविधा के लिये डीजल एवं विद्युत पम्प उपलब्ध कराये गये हैं।

सामूहिक दावों के मामलों में मध्यप्रदेश देश पर पहले स्थान पर है। वनाधिकार अधिनियम के तहत जिला डिण्डोरी में विशेष पिछड़ी जनजाति समूह की 7 बसाहटों के हैबीटेट राइट मध्यप्रदेश में सबसे पहले दिये गये हैं। वनाधिकार के क्रियान्वयन के लिये प्रदेश में तीन स्तरों पर वनाधिकार समितियों का गठन किया गया है। यह समितियाँ ग्राम स्तर, उप खण्ड और जिला स्तर पर काम कर रही हैं। प्रदेश में वनाधिकार अधिनियम का क्रियान्वयन जनवरी 2008 से प्रारंभ किया गया था। देशभर में सबसे पहले वनाधिकार अधिनियम को मध्यप्रदेश में लागू किया गया।

वनाधिकार हक प्रमाण-पत्र धारकों के अभिलेखों के संधारण, नामांतरण एवं बंटवारे की प्रक्रिया वन विभाग द्वारा निर्धारित की जा चुकी है। वन विभाग को एक लाख 56 हजार अभिलेख एवं दस्तावेज संधारण के लिये जनजाति कार्य विभाग द्वारा उपलब्ध कराये जा चुके हैं।

दावों की समीक्षा के लिये एम.पी. वनमित्र पोर्टल

प्रदेश में सभी स्तर से खारिज किये गये दावों की समीक्षा के लिये एम.पी. वनमित्र पोर्टल को तैयार किया गया है। पोर्टल में वनमित्र एप्लीकेशन के माध्यम से निरस्त दावों की समीक्षा की जा रही है। एम.पी.वनमित्र पोर्टल में पंचायत सचिवों द्वारा प्रोफाइल अपडेट की गई है।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

स्वच्छता के सभी घटकों में मध्यप्रदेश को बनाएंगे नंबर वन

मुख्यमंत्री ने स्वच्छता सेवा सम्मान वितरित किए

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान भोपाल के मिंटो हॉल में स्वच्छता सेवा सम्मान-2020 कार्यक्रम को संबोधित करते हुये।

भोपाल, स्वच्छता के क्षेत्र में मध्यप्रदेश गत कई वर्षों से देश में कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। स्वच्छता सर्वेक्षण में हमारा इंदौर शहर गत 04 वर्षों से लगातार भारत का स्वच्छतम शहर चुना जा रहा है। इसके साथ ही हमारे अन्य नगरीय निकाय भी स्वच्छता के क्षेत्र में अग्रणी बन रहे हैं। हम सब मिलकर संकल्प लेते हैं कि हम मध्यप्रदेश को स्वच्छता के सभी घटकों में नंबर वन बनाएंगे। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने मिंटो हॉल में स्वच्छता सेवा सम्मान-2020 वितरण कार्यक्रम के दौरान कहीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 'स्वच्छता के क्षेत्र में मध्यप्रदेश की उपलब्धियों के लिए मैं मुख्य रूप से सभी सफाईकर्मियों को बधाई देता हूँ तथा उनका अभिनंदन करता हूं।' परिवेश को स्वच्छ रखना हर नागरिक का कर्तव्य है। उन्होंने स्वच्छता सर्वेक्षण-2020 में विभिन्न क्षेत्रों में अव्वल आने वाले प्रदेश के इन्दौर, भोपाल, उज्जैन, सागर, जबलपुर सहित कई नगरीय निकायों को सम्मानित किया।

कार्यक्रम में नगरीय प्रशासन एवं आवास मंत्री श्री भूपेन्द्र सिंह, विभाग के राज्यमंत्री श्री ओ.पी.एस. भदौरिया, सांसद सुश्री प्रज्ञा ठाकुर, इंदौर की महापौर श्रीमती मालिनी गौड़, विधायक श्रीमती कृष्णा गौर, विभाग के प्रमुख सचिव श्री नीतेश व्यास आदि उपस्थित थे।

सुबह से सफाई का काम चालू करते थे

श्री चौहान ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सागर, सिंगरौली एवं इन्दौर नगर निगम के सफाईकर्मियों से बातचीत कर पूछा कि उन्होंने किस तरह अपने नगरीय निकाय को अव्वल बनाया। सागर की सुश्री राजकुमारी ने मुख्यमंत्री को बताया कि वे सुबह से ही सफाई के काम में लग जाती थीं और शाम तक अपनी टीम के साथ लगी रहती थीं। मुख्यमंत्री ने पूरी टीम को बधाई दी।

4 'आर' का प्रयोग किया

सिंगरौली के युवा सफाई समूह के सदस्य आशीष एवं महजबीन ने मुख्यमंत्री को बताया कि उन्होंने 3 आर अर्थात रिसाइकिल, रिड्यूज एवं रीयूज के साथ ही चौथा आर 'रिफ्यूज' का भी प्रयोग किया जिससे स्वच्छता प्राप्त करने में आसानी रही। रिफ्यूज का अर्थ है पॉलीथीन आदि ऐसी वस्तुओं के उपयोग को नकारना जो पर्यावरण को हानि पहुंचाते हैं।

प्रधानमंत्री ने दी स्वच्छता की प्रेरणा

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे दूरदर्शी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने स्वच्छता के महत्व को पहचाना। उन्होंने स्वयं भी झाड़ू पकड़ी और दूसरों को भी पकड़ाई। स्वच्छता के इस अभियान से आज दुनिया में भारत की अलग पहचान बनी है।

मैं भी सफाईकर्मी हूं

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि हमें हर क्षेत्र में प्रदेश को स्वच्छ बनाना है। स्वच्छ परिवेश, मिलावटहीन स्वच्छ खाद्य सामग्री, गुंडों एवं बदमाशों से रहित स्वच्छ प्रदेश। मैं मध्यप्रदेश से मिलावटखोरी, अपराधों आदि की गंदगी को मिटा दूंगा। मैं भी एक सफाईकर्मी हूं।

जीरो वेस्ट वार्ड

इन्दौर नगर निगम के वार्ड क्र.-73 की सुश्री फातिमा आदि ने मुख्यमंत्री को बताया कि उन्होंने अपने वार्ड को 'जीरो वेस्ट वार्ड' बनाया है। अर्थात उनके वार्ड में निकलने वाले गीले एवं सूखे कचरे को वे रीयूज व रिसाइकिल कर लेती हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमें मध्यप्रदेश को भी 'जीरो वेस्ट प्रदेश' बनाना है।

कोरोना के दुष्प्रभावों के संबंध में जनता को किया जाये शिक्षित

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री चौहान ने मंत्रालय में कोरोना की राज्य में स्थिति के संबंध में समीक्षा बैठक की। बैठक में मुख्यमंत्री ने कोरोना के आफ्टर इफेक्ट्स का अध्ययन कर जनता को शिक्षित और सूचित करने के लिए स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिए। श्री चौहान ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग अन्य चिकित्सा संस्थानों के विशेषज्ञों के परामर्श से इसकी पहल करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना पॉजिटिव रहे रोगी की रिपोर्ट जब निगेटिव आती है तब उसे विभिन्न भ्रांतियों के कारण खानपान और स्वास्थ्य रक्षा से जुड़ी आवश्यक सावधानियों का ध्यान रखने के संबंध में वैज्ञानिक आधार पर जानकारियां प्राप्त होनी चाहिए।

घट रहे हैं नए प्रकरण

प्रदेश में 8 दिसम्बर को 1497 केस रिकवर हुए हैं। नए प्रकरण की संख्या 1,345 है। यह घट रहा है। बैठक में बताया गया कि प्रदेश के लगभग सभी जिलों में कोरोना रोगियों की संख्या में कमी आयी है। कुछ दिन पूर्व तक जो पॉजिटिविटी रेट 5.4 था अब वो 4.5 है। इसी तरह ग्रोथ रेट में भी कमी आयी है। इस सप्ताह प्रतिदिन पॉजीटिव रोगियों की औसत दर 500 है, बिगत सप्ताह यह 570 थी।

जन शिक्षा में मॉडल बने मध्यप्रदेश

मुख्यमंत्री ने कहा कि जब कोरोना ने पैर फैलाना शुरू किया तब मार्च अंतिम सप्ताह से मध्यप्रदेश सरकार ने तत्परता से सभी व्यवस्थाएं कीं। मध्यप्रदेश इस वायरस को नियंत्रित करने और रोगियों को बेहतर उपचार देने में आगे रहा। अब मध्यप्रदेश स्वास्थ्य शिक्षा के क्षेत्र में भी मॉडल बन सकता है। वर्तमान में बहुत से नागरिक कोरोना के दुष्प्रभाव को लेकर चिंतित हैं। श्री चौहान ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग एक अभियान संचालित कर लोगों को जन शिक्षा दे सकता है। उन्होंने कहा कि इसमें डायबिटीज या अन्य रोगियों को कोरोना पॉजिटिव होने पर किन बातों का ध्यान रखना होगा, डिस्चार्ज हो चुके रोगियों को खानपान के स्तर पर किन बातों का पालन करना है और क्या स्वस्थ हो चुके रोगी किसी तरह की मानसिक समस्या से प्रभावित तो नहीं हैं, इन समग्र बातों का अध्ययन कर आमजन को जानकारी दी जाए। अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य श्री मोहम्मद सुलेमान ने बताया कि एम्स में आफ्टर केयर वार्ड तैयार किया गया है। प्रदेश में करीब 2 लाख नागरिक कोरोना होने के बाद स्वस्थ हुए हैं।

रोको-टोको अभियान के अच्छे नतीजे

कमिश्नर ग्वालियर ने बताया नागरिकों को मास्क का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया है। रोको-टोको अभियान से लोगों को समझाइश दी गई है। करीब 2 लाख स्टीकर वितरित किए गए। योग के अभ्यास और भाप लेने की समझाइश भी दी गई। इसके साथ ही विद्यार्थियों से स्वास्थ्य जागरूकता पर निबंध भी लिखवाए गए। अभियान के नतीजे अच्छे रहे हैं।

विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के लिए फार्म, दावे-आपत्ति 24 दिसंबर तक लिये जायेंगे

भोपाल, संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री धरणेन्द्र कुमार जैन ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्य जारी है। 25 नवम्बर से दावे-आपत्ति लिये जा रहे हैं। जिन नागरिकों की आयु 1 जनवरी 2021 को या उसके पूर्व 18 वर्ष हो चुकी है किंतु वे मतदाता के रूप में पंजीकृत नहीं हैं। वे अपना नाम निर्वाचक नामावली में शामिल करवा सकते हैं। फार्म, दावे-आपत्ति के लिए विशेष शिविर 19 दिसम्बर, शनिवार एवं 20 दिसम्बर रविवार को लगाये जायेंगे। अधिक जानकारी एवं सहायता के लिये टोल फ्री नंबर 1950 पर संपर्क किया जा सकता है।

इन्दौर, ग्वालियर और जबलपुर की खाद्य प्रयोगशालाओं के निर्माण में लायें तेजी

भोपाल, राज्य खाद्य प्रयोगशाला के अतिरिक्त खाद्य सुरक्षा प्रशासन अंतर्गत इन्दौर, जबलपुर और ग्वालियर में 3 नई प्रयोगशालाओं के निर्माण कार्य को तेजी के साथ पूरा किया जाये। इन प्रयोगशालाओं के लिये जरूरी अधिकारी-कर्मचारियों के पदों की शासन द्वारा स्वीकृति दी जा चुकी है। इनकी भर्ती प्रक्रिया भी शुरू कर दी जाये, ताकि प्रयोगशालाओं का निर्माण कार्य जब पूरा हो, तब प्रयोगशाला के लिये जरूरी स्टाफ भी उपलब्ध हो सके। यह प्रक्रिया अगले वर्ष में पूरी की जानी है। नई प्रयोगशालाओं के बनने से खाद्य पदार्थों के नमूनों की जांच तेजी से हो सकेगी और इन प्रयोगशालाओं में कोई भी व्यक्ति स्वयं भी पदार्थों के नमूने की जांच करवा सकेगा। ये बातें लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी ने मंत्रालय में आयोजित मिलावट से मुक्ति अभियान की समीक्षा बैठक में कहीं। बैठक में अपर मुख्य सचिव लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण श्री मोहम्मद सुलेमान और स्वास्थ्य आयुक्त डॉ. संजय गोयल एवं अन्य अधिकारी मौजूद थे।

स्वास्थ्य मंत्री डॉ. चौधरी ने कहा कि 9 नवम्बर से जारी मिलावट से मुक्ति अभियान में अब तक की कार्यवाही संतोषजनक है, लेकिन अभी भी पूरी तरीके से मिलावटखोरों पर काबू पाया जाना बाकी है। अभियान को एक महीने के लिये और बढ़ाया जाये। उन्होंने कहा कि आम नागरिकों के रोजाना के खाने-पीने में आने वाले जरूरी खाद्य पदार्थों में मिलावट से मुक्ति दिलाने में ही अभियान की सार्थकता है। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. चौधरी ने कहा कि ऐसे क्षेत्रों का चयन कर सघन कार्यवाही करें, जहाँ पर अधिक संख्या में मिलावटखोरी के प्रकरण सामने आये हैं। उन्होंने कहा कि बड़े स्तर पर मिलावट का कारोबार करने वालों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही की जाये। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. चौधरी ने कहा कि ईमानदारी से व्यवसाय करने वाले परेशान नहीं हों, इस बात को भी ध्यान में रखा जाये।

बैठक में बताया गया कि मिलावट से मुक्ति अभियान के अंतर्गत राज्य खाद्य प्रयोगशाला द्वारा 1433 नमूनों की रिपोर्ट जारी की गई, जिनमें 1090 नमूने मानक स्तर के और 193 नमूने अवमानक स्तर के पाये गये। प्रयोगशाला द्वारा जारी नमूनों की रिपोर्ट में 97 नमूने मिथ्याछाप और 20 नमूने असुरक्षित पाये गये। इनके साथ ही 21 अपद्रव्य मिश्रण के नमूने और 12 अन्य धाराओं में प्रतिबंधित नमूने पाये गये। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. चौधरी ने कहा कि नमूनों की संख्या अधिक होने पर इनकी जांच अन्य अधिकृत खाद्य प्रयोगशालाओं से भी करवाई जाये। बैठक में बताया गया कि मिलावट से मुक्ति अभियान के तहत अब तक की गई कार्यवाही में 42 मिलावटखोरों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करवाई गई है और 8 मिलावटखोरों के विरुद्ध राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) के तहत कार्यवाही की गई है।

उप पुलिस अधीक्षकों का संयुक्त दीक्षांत समारोह सम्पन्न

भोपाल, जीवन में सफलता के लिये सदैव विद्यार्थी बने रहना आवश्यक है। सेवा में सदैव वाणी पर संयम रखें। दृढ़ इच्छाशक्ति रखें। अनुभव का कोई सानी नहीं। स्वयं का सदैव आकलन करते रहें। ये बातें गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने उप पुलिस अधीक्षकों के संयुक्त दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कहीं। भौरी पुलिस अकादमी में आयोजित 39वीं, 40वीं और 41वीं बैच के संयुक्त दीक्षांत समारोह से प्रदेश को 128 नये पुलिस अधिकारी मिले। समारोह में प्रशिक्षण के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 36 अधिकारियों को पुरस्कृत किया गया, इनमें 19 महिला अधिकारी हैं। महिला अधिकारियों ने 39वीं एवं 40वीं बैच में ओवरऑल परफॉर्मेंस में प्रथम स्थान प्राप्त किया। पुरस्कृत अधिकारियों के अतिरिक्त शेष अधिकारी अपने-अपने जिलों से यू-ट्यूब लाइव के माध्यम से समारोह में बर्चुअली सम्मिलित हुए।

डॉ. मिश्रा ने कहा कि सेवा के दौरान अपने मन को सदैव मजबूत रखें। उन्होंने कहा कि जब मन कमजोर होता है तो समस्याएं आती हैं, जब मन स्थिर होता है तो चुनौती होती है, लेकिन जब मन मजबूत होता है तो मुसीबतों में से अवसर निकलकर आते हैं। आप सभी अकादमी में शिक्षित भी हुए और प्रशिक्षित भी, बावजूद इसके अनुभव से बड़ा गुरु कोई नहीं है। डॉ. मिश्रा ने कहा कि आप एक महत्वपूर्ण पद पर अपनी सेवाएं देने जा रहे हैं, सदैव स्मरण रहे विश्व में क्रांति, भ्रांति और शांति वाणी से ही हुई है। कार्यक्षेत्र में आपकी वाणी आपकी सफलता का निर्धारण करेगी। डॉ. मिश्रा ने कहा कि आपकी दृष्टि अच्छी होती है तो आपको दुनिया अच्छी लगती है, लेकिन जब आपकी वाणी अच्छी होगी तो आपके शब्द बेहतर होंगे तब दुनिया को आप अच्छे लगेंगे।

गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा उप पुलिस अधीक्षकों के संयुक्त दीक्षांत समारोह में अधिकारियों को पुरस्कृत करते हुये।

चुनौतियों का सामना कर सफल होंगे

संयुक्त दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए पुलिस महानिदेशक श्री विवेक जौहरी ने कहा कि प्रशिक्षण आपको चुनौतियों से मुकाबले के लिए तैयार कर चुका है। बदला हुआ समय चुनौतीपूर्ण है। अपराध के तरीके बदल गए हैं, इसलिए स्वयं को सजग और अपडेट रखते हुए देशभक्ति-जनसेवा के नवीन प्रतिमान स्थापित करें।

महिला उप पुलिस अधीक्षकों ने किया बेहतर प्रदर्शन

समारोह में बताया गया कि तीनों बैच के 128 उप पुलिस अधीक्षक में 56 महिला पुलिस अधिकारी हैं। पुरस्कृत अधिकारियों में 36 में से 19 महिला पुलिस अधिकारी हैं। 39वीं बैच में ऋचा जैन, 40वीं बैच में यशस्वी शिंदे और 41वीं बैच में पराग सैनी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। आन्तरिक परीक्षाओं के मूल्यांकन में 39वीं बैच में प्रिया सिंह और 40वीं बैच में यशस्वी शिंदे ने प्रथम स्थान प्राप्त किया जबकि 41वीं बैच में प्रथम स्थान पराग सैनी ने प्राप्त किया।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

लघु और सीमांत किसानों के लिये स्थापित होगा वेंचर कैपिटल फण्ड

भोपाल, सहकारिता एवं लोक सेवा प्रबंधन मंत्री डॉ. अरविंद सिंह भदौरिया ने कहा कि प्रदेश में लघु और सीमांत खेती वाले किसानों को मजबूत बनाने के उद्देश्य से अपेक्स बैंक के माध्यम से एक वेंचर कैपिटल फण्ड स्थापित करने का निर्णय लिया गया है। यह वेंचर कैपिटल फण्ड एक प्रकार का वित्त पोषण होगा, जिसमें अपेक्स बैंक लघु और सीमांत किसानों के लिये सहायक नवाचारकर्ताओं, फैब्रिकेटर, शोधकर्ताओं और अनुसंधान संगठनों, स्टार्ट-अप कम्पनियों के माध्यम से विकसित किए गए उपकरण, प्रौद्योगिकियों और कृषि पद्धतियों के अनुसंधान, नवाचार और वाणिज्यिक उत्पादन के लिये वित्तीय सहयोग प्रदान करेगा तथा इसके लिये एक इको सिस्टम विकसित करेगा।

डॉ. भदौरिया ने कहा कि प्रदेश सरकार ने हमेशा कृषि के विकास और किसानों के कल्याण पर ध्यान केन्द्रित किया है। राज्य सरकार ने 'आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश' और 'लोकल के लिये वोकल' की दिशा में भी अपनी तैयारियों को मूर्तरूप देना शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा कि कृषि के क्षेत्र में वर्तमान और भविष्य के लिये कई महत्वपूर्ण चुनौतियां हैं, जिनमें उत्पादन लागत के अनुपात आय और लाभ को बढ़ाना, आदान की लागतों में कमी करना, जल, मिट्टी, जैव विविधता में हो रहे नुकसान को कम करना, सस्ते फार्म मशीनरी की उपलब्धता, दक्ष सस्ती तथा पर्यावरणीय रूप से टिकाऊ कृषि पद्धतियां विकसित करना, छोटे और सीमांत किसानों के लिये सस्ती, सुलभ एवं कम ऊर्जा खपत वाली सुगम तकनीक विकसित करना, मानव श्रम को आसान करने वाली फार्म मशीनरी और तकनीक विकसित करने जैसी चुनौतियां शामिल हैं।

डॉ. भदौरिया ने कहा कि राज्य सरकार कृषि के क्षेत्र में इन चुनौतियों से निपटने की दिशा में तेजी से कार्य कर रही है। सरकार ने यह निर्णय लिया है कि प्रदेश में लघु एवं सीमांत कृषक केन्द्रित अनुसंधान एवं तकनीकी नवाचार को बढ़ावा देने के लिये राज्य सहकारी बैंक के स्तर पर कैपिटल फण्ड स्थापित किया जाये।

नवगठित नगरीय निकायों में नियुक्त होंगे प्रशासक

भोपाल, नगरीय विकास एवं आवास विभाग द्वारा नवगठित नगरीय निकायों में समस्त शक्तियों एवं कर्त्तव्यों के निर्वहन के लिये प्रशासक नियुक्त करने के लिये संबंधित जिले के कलेक्टर को अधिकृत किया गया है। प्रशासकों की नियुक्ति आम निर्वाचन सम्पन्न होने और नवीन परिषद् द्वारा कार्यभार ग्रहण करने तक के लिये की गई है। हरदा जिले की नगर परिषद् सिराली, बैतूल जिले की घोड़ाडोंगरी, शाहपुर, मंदसौर जिले की भैंसोदा, शिवपुरी जिले की रन्नौद, पोहरी, मगरोनी, भिण्ड जिले की रौन, मालनपुर, रीवा जिले की डभौरा, शहडोल जिले की बकहो, अनूपपुर जिले की डोला, डुमरकछार, बनगवां, उमरिया जिले की मानपुर, सागर जिले की बिलेहरा, सुरखी, सिबनी जिले की केवलारी, छपारा, खरगोन जिले की बिस्टान, बड़वानी जिले की ठीकरी, निवाली बुजुर्ग, धार जिले की गंधवानी, ग्वालियर जिले की मोहना, गुना जिले की मधुसूदनगढ़, अशोकनगर जिले की पिपरई और पन्ना जिले की नगर परिषद् गुनौर में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व/तहसीलदार को प्रशासक नियुक्त करने के लिये जिला कलेक्टर को अधिकृत किया गया है।

ट्रांसफॉर्मर्स में ना हो गुणवत्ता से कोई समझौता - मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ऊर्जा विभाग की समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुये।

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने ऊर्जा विभाग की समीक्षा बैठक में निर्देश दिए कि किसानों को बिना बाधा के विद्युत सप्लाई, आम लोगों से बकाया देयकों की वसूली और बिजली चोरी रोकने के कार्य प्राथमिकता से किए जाएं। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि नागरिकों को विद्युत की बचत के लिए भी प्रेरित किया जाए। बैठक में ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर भी उपस्थित थे।

श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश में ट्रांसफॉर्मर्स में सुधार की कार्रवाई भी प्राथमिकता से की जाए और गुणवत्ता से किसी भी स्तर पर समझौता नहीं किया जाए। विद्युत उपभोक्ताओं को उत्कृष्ट सेवाएं मिलनी चाहिए। विद्युत पोल और विद्युत लाइन की तार झूलने जैसे दृश्य कहीं दिखाई नहीं देना चाहिए। समय-सीमा में सोलर पम्प स्थापना के कार्य पूर्ण किए जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सिंचाई के लिए किसानों को सौर ऊर्जा जैसे वैकल्पिक साधनों के उपयोग के लिए मार्गदर्शन देकर सहयोग किया जाए। श्री चौहान ने कहा कि विद्युत केंद्रों के शुभारंभ अवसर पर जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने ओंकारेश्वर में प्रस्तावित 600 मेगावॉट के फ्लोटिंग सोलर प्लांट के लिए की गई कार्रवाई की जानकारी प्राप्त की। प्रमुख सचिव ऊर्जा श्री संजय दुबे ने बताया कि इस ऊर्जा परियोजना के लिए प्रारंभिक सर्वेक्षण पूरा कर लिया गया है। विश्व बैंक, आई.एफ.सी. और पावर ग्रिड से योजना में सहयोग की अनुमति प्राप्त हुई है।

ऊर्जा विभाग द्वारा प्रस्तुत प्रेजेंटेशन के संदर्भ में मुख्यमंत्री ने कहा की ऊर्जा मंत्री एवं मुख्य सचिव से विचार विमर्श के बाद पुनः प्रेजेंटेशन प्रस्तुत किया जाए।

मुख्यमंत्री के निर्देश एवं प्रमुख बिन्दु

- जिन स्थानों पर कृषि उपभोक्ताओं को नियमित 10 घंटे विद्युत प्रदाय की जा रही है, वहां के कृषि उपभोक्ताओं से फीडबैक लिया जाये। प्रदेश में उपभोक्ताओं की शिकायतों के निराकरण एवं बकाया राशि के भुगतान के लिए बिजली पंचायत आयोजित की जाए।
- आउट सोर्सिंग में आई.टी.आई. वालों को भर्ती किया जाए। सामग्री क्रय करने में गुणवत्ता का पूरा ध्यान रखा जाए।
- नियमित भुगतान करने वाले उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण विद्युत प्रदाय में प्राथमिकता दी जाए।
- विद्युत लाइनों का रख-रखाव योजनाबद्ध तरीके से किया जाये।
- वसूली के दौरान मानवीय दृष्टिकोण अपनाया जाए। कृषि उपभोक्ताओं के लिए सोलर पम्प की स्थापना फीडरवार करने के निर्देश दिए जाएं।
- विधायकों से प्राप्त कार्यों के संबंध में उन्हें अद्यतन स्थिति से अवगत कराया जाए। सी.एम. हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों के निराकरण की प्रगति पर मुख्यमंत्री श्री चौहान ने प्रशंसा की एवं लंबित शिकायतों के त्वरित निराकरण के लिए निर्देश दिए।
- बड़े बकायादारों से वसूली के लिए प्रभावी कार्यवाही की जाए।

जर्मन कंपनियां मध्यप्रदेश में करेंगी 408 करोड़ रुपये का निवेश

औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन मंत्री श्री राजवर्धन सिंह दत्तीगांव मंत्रालय में उद्योगपतियों के साथ बैठक करते हुये।

भोपाल, मध्यप्रदेश में नवीन निवेश को आकर्षित करने के लिये औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन मंत्री श्री राजवर्धन सिंह दत्तीगांव ने मंत्रालय में उद्योगपतियों के साथ बैठक की। बैठक में उद्योगपतियों ने प्रदेश की उद्योग संवर्धन नीति की सराहना करते हुए प्रदेश में निवेश के प्रति रुचि दिखाई तथा कहा कि वे प्रदेश में उद्योग स्थापित करेंगे। बैठक में मेसर्स हैटिच इंडिया कंपनी ने औद्योगिक क्षेत्र पीथमपुर में लगभग 280 करोड़ रुपये के स्थायी पूंजी निवेश से फर्नीचर फिटिंग निर्माण प्रोजेक्ट का प्रस्ताव दिया, वहीं जेड.एफ. स्टेयरिंग गेयर इंडिया लिमिटेड ने भी औद्योगिक क्षेत्र पीथमपुर में ही लगभग 128 करोड़ रुपये के स्थायी पूंजी निवेश से ऑटो कंपनी निर्माण इकाई की स्थापना का प्रस्ताव दिया। इन दोनों प्रोजेक्ट्स से प्रदेश के लगभग 750 लोगों को प्रत्यक्ष रोज़गार उपलब्ध होगा।

बैठक में बताया गया कि मेसर्स हैटिच कंपनी एक जर्मन बेस कंपनी है तथा वैश्विक बाजार में अपनी उत्पादन लागत तथा उच्च तकनीक के कारण पहचानी जाती है। जर्मन मूल की इस कंपनी की यूरोप, अमेरिका एवं एशिया में 22 उत्पादन इकाईयां स्थापित हैं। भारत में कंपनी द्वारा मेसर्स एडवेंटिज ग्रुप के साथ संयुक्त उपक्रम बनाते हुए मेसर्स हैटिच इंडिया प्राईवेट लि. कंपनी के रूप में कार्य किया जा रहा है। जेड.एफ. स्टेयरिंग गेयर इंडिया लिमिटेड भी जर्मन ऑटो कंपोनेंट निर्माण कंपनी है। यह कंपनी जेड.एफ. फ्रेडरिच सेफिन ए.जी. का संयुक्त उपक्रम है। कंपनी की इकाई पूर्व से पुणे में स्थापित है तथा कंपनी द्वारा पीथमपुर में भी स्टेयरिंग सिस्टम विनिर्माण उद्योग स्थापना का प्रस्ताव है।

बैठक में कंपनियों के प्रतिनिधियों ने पॉवर-प्वाइंट प्रजेंटेशन के माध्यम से अपनी-अपनी कंपनी के बारे में विस्तार से अवगत कराया। बैठक में एम.डी. एमपीआईडीसी श्री जॉन किंग्सली, उप सचिव श्री विजय दत्ता, मेसर्स हैटिच इंडिया कंपनी के मुख्य वित्त अधिकारी श्री सुजीत कुमार के अलावा रमेश कुमार चौहान और महेन्द्र चौहान तथा जेड.एफ. इंडिया के मुख्य वित्त अधिकारी श्री जिनेन्द्र जैन और प्लांट हेड श्री रथीना सिंगारावेलन उपस्थित थे।

निजी स्कूलों को आरटीई फीस का भुगतान किया जायेगा

भोपाल, अशासकीय विद्यालयों को आरटीई फीस का भुगतान पात्रतानुसार किया जायेगा और भुगतान में हुए विलम्ब के कारणों का भी निराकरण किया जायेगा। इस वर्ष मान्यता के नवीनीकरण का शुल्क फिलहाल नहीं लिया जा रहा है। निजी स्कूल सुविधानुसार किश्तों में शुल्क जमा कर सकते हैं। ये बातें स्कूल शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार ने मंत्रालय में आयोजित बैठक में अशासकीय विद्यालयों के संघों के पदाधिकारियों के साथ चर्चा करते हुये कहीं। उन्होंने कोविड-19 वायरस के संक्रमण के चलते उत्पन्न परिस्थितियों में अशासकीय विद्यालयों के संचालन और इसमें आने वाली समस्याओं के संबंध में चर्चा की। श्री परमार ने कहा कि कोविड की रोकथाम और बच्चों को इससे बचाना हमारी पहली प्राथमिकता है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि कक्षाओं में सोशल डिस्टेंसिंग तथा अन्य सावधानियों का पूरा पालन सुनिश्चित किया जाये।

श्री परमार ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के निर्देशानुसार स्कूलों में कक्षा-1 से 8वीं तक की कक्षाएं 31 मार्च तक बंद रहेंगी, तथापि प्रोजेक्ट के आधार पर मूल्यांकन कर बच्चों को अगली कक्षा में प्रवेश दिया जायेगा। पांचवीं और आठवीं की बोर्ड पैटर्न पर आधारित परीक्षाएं इस वर्ष आयोजित नहीं होंगी। कक्षा-10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाएं ली जायेंगी, जिनकी कक्षाएं शीघ्र प्रारंभ होंगी। कक्षा-9 और 11 के विद्यार्थियों को सप्ताह में एक या दो दिन स्कूल बुलाया जा सकेगा।

श्री परमार ने विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि स्कूली बच्चों के आधार सत्यापन और मैपिंग का कार्य सत्र के अंत तक पूरा कर लिया जाये, ताकि आरटीई फीस के भुगतान में विलम्ब न हो। श्री परमार ने स्कूली बच्चों के अभिभावकों से आग्रह किया कि कोविड के चलते जिस अवधि में निजी विद्यालय बंद रहे हैं, उस अवधि की ट्यूशन फीस का भुगतान विद्यालय संचालकों को करें।

लघु उद्योग निगम के सभी कार्य हुये ऑनलाइन

भोपाल, मध्यप्रदेश लघु उद्योग निगम की 2 नई वेबसाइट से अब निगम के सभी कामकाज ऑनलाइन हो गए हैं। पिछले सप्ताह ही विभाग के मंत्री श्री ओमप्रकाश सखलेचा ने वेबसाइट mplun.mpmsme.gov.in प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eproclun.mpmsme. gov.in का लोकार्पण किया था।

निगम के प्रबंध संचालक श्री भास्कर लक्षकार ने बताया कि लघु उद्योग निगम द्वारा विकसित कराये गये पोर्टल में प्रोक्योरमेंट के संबंध में शुरू से अंत तक का समाधान उपलब्ध है। पोर्टल पर उपलब्ध डैश बोर्ड के माध्यम से प्रदायकर्ता एवं निगम द्वारा अपनी गतिविधियों का संपादन, पर्यवेक्षण आदि किया जा सकता है।

निगम के माध्यम से प्रदाय की जाने वाली सामग्रियों के दर निर्धारण हेतु एनआईसी के पोर्टल mptenders.in का उपयोग किया जा रहा है एवं समस्त निविदायें इसी पोर्टल पर आमंत्रित की जा रही हैं। पोर्टल पर उपलब्ध दर अनुबंध के आधार पर क्रयकर्ता विभाग व प्रदायकर्ताओं का चयन कर उन्हें प्रदाय आदेश जारी कर सकेंगे। जारी आदेश को संशोधित करने का प्रावधान भी इसमें किया गया है।

पोर्टल पर विभाग उनके द्वारा जारी प्रदाय आदेश के संबंध में की गई कार्यवाही का अवलोकन भी कर सकता है।

नागरिकों को फोटोयुक्त मतदाता सूची में पंजीकरण के लिए प्रेरित किया जाये

भोपाल, संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री धरणेन्द्र कुमार जैन ने स्वीप पार्टनर की बैठक में कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा फोटोयुक्त निर्वाचन नामावली में नाम जुड़वाने के लिए लोगों को जागरूक किया जाये। उन्होंने बताया कि युवा नागरिक जिनकी आयु 1 जनवरी, 2021 को या उसके पूर्व 18 वर्ष हो चुकी है किन्तु मतदाता के रूप में पंजीकृत नहीं हैं, उनके लिए निर्वाचक नामावली में नाम जुड़वाने के लिए विशेष शिविर लगाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग तथा नगर निगम, नगर पालिका एवं नगर परिषदों के वार्डों में नगरीय विकास एवं आवास विभाग नागरिकों को नाम जुड़वाने प्रेरित करें। कॉलेज छात्रों को उच्च शिक्षा विभाग एन.एस.एस. के माध्यम से तथा सामाजिक न्याय विभाग दिव्यांगजनों के नाम जुड़वाने के लिए प्रयास करें।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

लेफ्टिनेंट जनरल राजीव चौधरी

बॉर्डर रोड ऑर्गेनाइजेशन के महानिदेशक बने

लेफ्टिनेंट जनरल राजीव चौधरी बॉर्डर रोड ऑर्गेनाइजेशन (बीआरओ) के नए महानिदेशक बनाए गए हैं। वे 1983 में कॉर्प ऑफ इंजीनियर्स में कमीशंड किए गए थे। चौधरी बीआरओ के 27वें महानिदेशक हैं। उनके पास देश की सीमा पर सुरक्षा के लिए सड़कों के बेहतर ढांचे को बनाए रखने की बड़ी जिम्मेदारी होगी।

संदीप कटारिया

बाटा कंपनी के ग्लोबल सीईओ बने

भारतीय मूल के संदीप कटारिया फुटवियर सेक्टर की दिग्गज फर्म बाटा के ग्लोबल चीफ एक्जीक्यूटिव ऑफिसर (सीईओ) बने हैं। संदीप वर्तमान में बाटा इंडिया के सीईओ थे। उनके नेतृत्व में बाटा इंडिया ने तरक्की का सफर तय किया। युवा ग्राहकों को लक्ष्य करते हुए उन्होंने बाटा को नई पहचान दिलाने में खासा योगदान दिया था।

अजीत पई

एफसीसी चेयरमैन पद छोड़ेंगे

अमेरिका में भारतीय मूल के अजीत पई ने फेडरल कम्युनिकेशन कमीशन (एफसीसी) के चेयरमैन पद से इस्तीफा देने की घोषणा की है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने उनको चेयरमैन नियुक्त किया था। पई ने कहा कि वह 20 जनवरी को पद छोड़ देंगे। इसी दिन बाइडन 46वें राष्ट्रपति के तौर पर पदभार संभालेंगे।

अयोध्या

सरयू नदी पर जल्द ही रामायण क्रूज सेवा होगी शुरू

अयोध्या में सरयू नदी पर 'रामायण क्रूज सेवा' जल्द ही

शुरू की जाएगी। केंद्रीय पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री ने समीक्षा बैठक के दौरान यह जानकारी दी। जानकारी के अनुसार क्रूज के अंदरूनी भाग और बोर्डिंग पाइंट रामचरितमानस की थीम पर होंगे। इसमें वातानुकूलित 80 सीटें होंगी।

जूलॉजिकल वाइल्ड लाइफ फाउंडेशन ने

शेर शावक और चिम्पांजी की दोस्ती का वीडियो किया शेयर

अमेरिका के फ्लोरिडा स्थित जूलॉजिकल वाइल्ड लाइफ फाउंडेशन ने एक शेर शावक और चिम्पांजी का वीडियो जारी किया है, जिसमें दोनों घास पर खेलते हुए नजर आ रहे हैं। शेर शावक 6 महीने का है और उसका नाम विंटा है। तीन वर्षीय लिबनी नामक चिम्पांजी हर वक्त उसके साथ नजर आती है। फाउंडेशन के निदेशक ने कहा कि वीडियो वायरल इसलिए किया गया ताकि जनमानस के दिमाग पर जानवरों की संवेदनशील मित्रता दिखाई दे सके।

शॉर्ट फिल्म 'शेमलेस'

ऑस्कर में भारत की आधिकारिक प्रविष्टि होगी

लेखक और निर्देशक कीथ गोम्स की शॉर्ट फिल्म 'शेमलेस' 93वें ऑस्कर में भारत की ओर से शॉर्ट फिल्म कैटेगरी में आधिकारिक प्रविष्टि होगी। 15 मिनट की इस फिल्म को नटखट, साउंडप्रूफ, सफर और ट्रैण्ड जैसी शॉर्ट फिल्मों में से चुना गया है। इस फिल्म में सयानी गुप्ता, हुसैन दलाल और ऋषभ कपूर जैसे स्टार्स ने काम किया है।

थाईलैंड में

व्हेल का 5 हजार साल पुराना कंकाल मिला

थाईलैंड में शोधकर्ताओं ने लगभग 40 फीट लंबी व्हेल मछली का कंकाल खोज निकाला है जो लगभग 5 हजार साल पुराना माना गया है। कंकाल बैंकॉक के पश्चिम में सामुत सखोन क्षेत्र में पाया गया है। शोधकर्ताओं ने खुदाई के बाद करीब 80 प्रतिशत हिस्सा बरामद किया है। अब तक पूरी बैक बोन, पांच पसलियां, कंधे की हड्डी और पंखों की पहचान हुई है। कंकाल 12 मीटर (39 फीट) लंबा है और इसकी खोपड़ी 3 मीटर लंबी है।

सर्वाधिक सैलरी वाली नेता कैरी लैम

कभी नहीं रहा बैंक एकाउंट

दुनिया में सबसे ज्यादा सैलरी पाने वाले नेताओं में शुमार कैरी लैम ने कहा है कि उनका बैंक एकाउंट कभी भी नहीं रहा। उन्होंने बताया कि अभी तक कमाया हुआ धन उनके घर में ढेर के रूप में मौजूद है। उन्होंने कहा कि वे हमेशा कैश का इस्तेमाल करती हैं। उन्हें करीब 5 करोड़ रुपये सैलरी मिलती है।

कौटिल्य कटारिया

सबसे कम उम्र का कम्प्यूटर प्रोग्रामर बना

शाजापुर, मध्यप्रदेश के कौटिल्य कटारिया ने इंग्लैंड में 7 साल से कम उम्र में वर्ल्ड रिकॉर्ड बना लिया है। उन्होंने पाइथन लैंग्वेज और कोडिंग सीखकर ऑनलाइन कम्प्यूटर परीक्षा पास करते हुए वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया है। उनका नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में भी दर्ज हो गया। फिलहाल वह इंग्लैंड के नार्थ हैम्प्टन शहर के वुडन पार्क स्कूल की सेकेंड क्लास में पढ़ाई कर रहे हैं।

उत्पल कुमार सिंह

लोकसभा के महासचिव बने

वरिष्ठ आईएएस अफसर उत्पल कुमार सिंह को लोकसभा के महासचिव पद पर नियुक्त किया गया है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला ने नियुक्ति को मंजूरी दी है। यह पद कैबिनेट सचिव की रैंक और दर्जे के समान है। 34 वर्षों का प्रशासनिक अनुभव रखने वाले श्री सिंह स्नेहलता श्रीवास्तव की जगह लेंगे।

जोशुआ वॉन्ग

हांगकांग लोकतंत्र समर्थक नेता हिरासत में लिए गए

चीन की अदालत ने हांगकांग के लोकतंत्र समर्थक 24 वर्षीय नेता जोशुआ वॉन्ग को गैर-कानूनी तरीके से रैली

करने के आरोप में 13 महीने की सजा सुनाई है। यह हांगकांग में इस साल किसी भी आंदोलनकारी को सुनाई गई सबसे लंबी सजा है। जोशुआ ने 2019 में हांगकांग में बड़ी रैली की थी। ब्रिटेन ने जोशुआ की गिरफ्तारी पर नाराजगी जाहिर की है।

थौबल थाना, मणिपुर

देश का सर्वश्रेष्ठ पुलिस स्टेशन

गृह मंत्रालय ने देश के टॉप 10 पुलिस स्टेशनों की एक

सूची जारी की है जिसमें मणिपुर के थौबल का पुलिस स्टेशन शीर्ष पर है। इसके अलावा उत्तरप्रदेश, तमिलनाडु और छत्तीसगढ़ के पुलिस स्टेशन भी इस सूची में शामिल हैं। यह लिस्ट काम के आधार पर तैयार की गई है।

रंजीत सिंह दिसाले

ग्लोबल टीचर प्राइज से सम्मानित

भारत में लड़कियों की शिक्षा में अग्रणी भूमिका निभाने और पाठ्यपुस्तक में त्वरित प्रतिक्रिया (क्यूआर) कोड को आगे बढ़ाने के लिए प्राइमरी विद्यालय के शिक्षक रंजीत सिंह दिसाले को ग्लोबल टीचर प्राइज-2020 से सम्मानित किया गया है। उन्हें पुरस्कार के रूप में लगभग साढ़े सात करोड़ रुपए दिए गए हैं। वह महाराष्ट्र स्थित सोलापुर जिले के रहने वाले हैं।

गीतांजलि राव

प्रतिष्ठित टाइम मैग्जीन ने 'किड ऑफ द ईयर' चुना

भारतीय मूल की अमेरिकी नागरिक गीतांजलि राव को अमेरिका की प्रतिष्ठित टाइम मैग्जीन ने 'किड ऑफ द ईयर' चुना है। 15 वर्षीय गीतांजलि को विज्ञान और तकनीक के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों के लिए यह खिताब दिया गया है। गीतांजलि ने साइबर बुलिंग की पहचान के लिए एप बनाया है। टाइम के अंक में गीतांजलि को न सिर्फ कवर पेज पर स्थान मिला है बल्कि उनका इंटरव्यू हॉलीवुड अभिनेत्री और सामाजिक कार्यकर्ता एंजेलीना जोली ने लिया है।

जापान में किताबों से

वायरस हटाने के लिए अल्ट्रा वायलेट मशीन का हो रहा इस्तेमाल

जिन देशों ने अब तक कोरोना महामारी को बहुत ज्यादा बेकाबू नहीं होने दिया है उनमें जापान भी शामिल है। इसकी वजह है कि जापान सरकार किसी भी स्तर पर कोई कमी नहीं छोड़ना चाहती। यहां तक की लाइब्रेरी की किताबों को भी अल्ट्रा वायलेट स्टर्लाइजिंग मशीन के जरिए वायरसमुक्त किया जा रहा है। जापान में प्रति 10 लाख की आबादी में कोरोना से मौत के मामले कई बड़े देशों से कम हैं।

डॉक्टर स्कॉट एटलस

डोनाल्ड ट्रंप के सलाहकार ने दिया इस्तीफा

कोरोना संक्रमण को रोकने में नाकामी को लेकर आलोचना झेलने के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के विशेष सलाहकार डॉक्टर स्कॉट एटलस ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। एटलस महज 4 माह इस पद पर रह पाए। मास्क को अनुपयोगी बताते हुए उन्होंने लॉकडाउन का भी विरोध किया था। इसीलिए उनकी सभी जगह आलोचना भी हुई थी जिसे लेकर वे अत्यंत दुखी भी रहे थे।

स्मृति शेष

एमडीएच के संस्थापक महाशय धर्मपाल का निधन

एमडीएच मसाले के प्रबंध निदेशक, समाजसेवी और पद्मभूषण महाशय धर्मपाल गुलाटी का 98 वर्ष की उम्र में निधन हो गया है। उन्हें मसाला किंग के नाम से जाना जाता था। वह अपनी मसाला कंपनी एमडीएच (महाशिया दी हट्टी) के मालिक और सीईओ थे। 1500 रुपये से कारोबार शुरू करने वाले महाशय की देशभर में मसाला फैक्ट्रियां हैं।



पिज्जा हट शुरू करने वाले फ्रैंक कार्नी का निधन

अपनी मां से उधार लेकर पिज्जा कारोबार शुरू करने वाले फ्रैंक कार्नी का 82 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। फ्रैंक ने 19 वर्ष की उम्र में अपनी पढ़ाई के दौरान भाई के साथ मिलकर पिज्जा का व्यवसाय पिज्जा हट के नाम से शुरू किया था। 1977 में पेप्सिको ने 30 करोड़ डॉलर में पिज्जा हट को खरीद लिया था।

नागालैंड के पूर्व विधायक लुंगबे मेरू का निधन

नागालैंड के पूर्व विधायक लुंगबे मेरू का दीमापुर में निधन हो गया। श्री मेरू नागालैंड के पेरेन जिले के अंतर्गत पेरेन विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से निर्वाचित हुए थे। वह 86 वर्ष के थे। दो फरवरी 1934 को जन्मे लुंगबे 1964 में डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ नागालैंड के सदस्य के रूप में नागालैंड विधानसभा के लिए निर्वाचित हुए थे।

कादम्बिनी के पूर्व संपादक राजीव कटारा का निधन

देश की प्रतिष्ठित पत्रिका 'कादम्बिनी' के पूर्व संपादक और वरिष्ठ पत्रकार राजीव कटारा का 60 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। वे कोरोना संक्रमण के कारण लंबे समय से बीमार थे। उन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय से हिंदी में एम.ए. और एम.फिल. किया था। उन्होंने 'चौथी दुनिया' से पत्रकारिता शुरू की थी। उसके बाद वे 'संडे आब्जर्वर' और 'जागरण' से भी जुड़े रहे।

फिल्म एंड टेलीविजन अभिनेता विश्वमोहन बडोला का निधन

वर्षों से फिल्म और टेलीविजन इंडस्ट्री में सक्रिय रहे अभिनेता विश्वमोहन बडोला का पिछले दिनों मुंबई में 84 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। वे थियेटर, पत्रकारिता और सिंगिंग में खासी जानकारी रखते थे। उन्होंने आखिरी बार मनोज वाजपेयी कृत फिल्म 'मिसिंग' में अभिनय किया था।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गुगल से साभार)

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग, सेतु निर्माण संभाग, भोपाल (म.प्र.)
निविदा सूचना

निविदा सूचना क्रमांक 14/2020-21/का.यं. **भोपाल, दिनांक : 02.12.2020**

निम्नलिखित कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट **www.mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

क्र.	टेण्डर क्रमांक	जिला	कार्य का प्रकार	कार्य का नाम	आमंत्रण क्र.	कार्य की अनु. राशि (रु. लाख में)	टीप
1.	2020_PWDRB_116731_1	सीहोर	पुल कार्य	जिला सीहोर में बड़नगर गांव के पास सीप नदी पर जलमग्नीय पुल एवं पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य।	प्रथम	453.09	मूल एफ.डी.आर. का भुगतान ऑनलाइन होगा एवं समस्त दस्तावेज ऑनलाइन जमा होंगे।
						453.09	

उपरोक्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) ऑनलाइन भुगतान करने के उपरान्त वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि 22.12.2020 (17.30) बजे निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखा जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार-पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।
मूल एफ.डी.आर. का भुगतान केवल ऑनलाइन होगा एवं अन्य दस्तावेज ऑनलाइन जमा होंगे। भौतिक रूप से किसी भी प्रकार के दस्तावेज कार्यालय में जमा नहीं किये जायेंगे।

कार्यपालन यंत्री
जी-16447/44846/2020 **लोक निर्माण विभाग, सेतु निर्माण संभाग, भोपाल (म.प्र.)**

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, खण्ड-अशोकनगर

क्रमांक 5023/व.ले.लि../2020-21/का.यं./लो.स्वा.यां.वि./अशोकनगर **दिनांक : 10.12.2020**

निविदा विज्ञप्ति क्रमांक 116 से 120/व.ले.लि./2020-21

निम्नलिखित कार्य की निविदाएं ई-टेण्डरिंग पद्धति से पोर्टल **http://www.mptenders.gov.in/nicgep/app** पर अशोकनगर जिले के विभिन्न समस्त विकासखण्डों के विभिन्न ग्रामों के स्कूल एवं आंगनवाड़ी में जल जीवन मिशन के अंतर्गत पाइप लाइन, नल कनेक्शन, HDPE, पानी टैंक एवं विद्युत संयोजन कार्य हेतु निविदाएं निम्नानुसार आमंत्रित हैं।

स. क्र.	निविदा क्रमांक/ दिनांक	सिस्टम क्रमांक	विकासखण्ड	ग्रामों/स्कूल आंगनवाड़ी संख्या	निविदा की कुल लागत रु. (लाख में)	धरोहर राशि (EMD)	निविदा प्रपत्र का मूल्य	कार्य पूर्ण करने की अवधि	ठेकेदार की श्रेणी
1.	116/10.12.2020	2020_PHED_117884_1	मुंगावली	326	399.69	399690/-	रु. 15000/-	6 माह वर्षाकाल सहित	नवीन केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली
2.	117/10.12.2020	2020_PHED_117889_1	चन्देरी	161	197.85	197850/-	रु. 12500/-	6 माह वर्षाकाल सहित	नवीन केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली
3.	118/10.12.2020	2020_PHED_117891_1	ईसागढ़	383	469.42	469416/-	रु. 15000/-	6 माह वर्षाकाल सहित	नवीन केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली
4.	119/10.12.2020	2020_PHED_117896_1	अशोकनगर	212	260.24	260237/-	रु. 15000/-	6 माह वर्षाकाल सहित	नवीन केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली
5.	120/10.12.2020	2020_PHED_117899_1	अशोकनगर	211	259.01	259013/-	रु. 15000/-	6 माह वर्षाकाल सहित	नवीन केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली

निविदा में संशोधन की स्थिति में वेबसाइट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य जानकारी उक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है।
ऑनलाइन निविदा फार्म क्रय करने की अंतिम तिथि : 22.12.2020, 17.00 बजे
ऑनलाइन निविदा दर डालने की अंतिम तिथि : 22.12.2020, 17.00 बजे
ऑनलाइन निविदा दर खोलने की तिथि : 24.12.2020, 9.00 बजे
निविदा फार्म ऊपर दर्शित वेबसाइट पर (Online System) ऑनलाइन भुगतान कर ही क्रय किये जा सकते हैं। निविदा एवं उससे संबंधित जानकारी ऊपर दर्शाई गई वेबसाइट पर देखें।

सदस्य, सचिव जिला जल एवं स्वच्छता मिशन तथा
जी-16424/44841/2020 **कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, खण्ड अशोकनगर, जिला अशोकनगर**

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग, संभाग शाजापुर (म.प्र.)
निविदा सूचना

निविदा सूचना क्रमांक 07/2020-21 **शाजापुर, दिनांक : 07.12.2020**

निम्नलिखित कार्य हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट **https://.mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

क्र.	टेण्डर क्रमांक	जिला	कार्य का प्रकार	कार्य का नाम	आमंत्रण क्र.	ठेके की अनु. राशि (रु. लाख में)	भौतिक रूप से एनवलप प्रस्तुत करने का कार्यालय (मूल एफ.डी.आर. एवं अन्य दस्तावेज)
1.	117291	शाजापुर	मार्ग नवीनीकरण	ए.बी. रोड एन.एच. 3 शाजापुर शहरी क्षेत्र लम्बाई 9.60 कि.मी. में बी.टी. नवीनीकरण का कार्य।	प्रथम	265.21	मुख्य अभियंता, लोक निर्माण विभाग परिक्षेत्र उज्जैन में दिनांक 24.12.2020 समय सायं 5.30 बजे तक प्राप्त किया जावेगा।
2.	117292	शाजापुर	मार्ग नवीनीकरण	बिरगोद टाण्डा पिन्दोनिया दौरापुरा सुल्तानपुरा छापरिया मार्ग के कि.मी. 1/2 से 14/6 लम्बाई 13.56 कि.मी में बी.टी. नवीनीकरण का कार्य।	प्रथम	215.70	मुख्य अभियंता, लोक निर्माण विभाग परिक्षेत्र उज्जैन में दिनांक 24.12.2020 समय सायं 5.30 बजे तक प्राप्त किया जावेगा।
3.	117293	शाजापुर	मार्ग नवीनीकरण	पोचानेर शेरपुरा मार्ग लम्बाई 2.30 कि.मी में बी.टी. नवीनीकरण का कार्य।	प्रथम	18.68	कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग ए.बी. रोड, शाजापुर में दिनांक 24.12.2020 समय सायं 5.30 बजे तक प्राप्त किया जावेगा।
4.	117294	शाजापुर	मार्ग नवीनीकरण	भूरिया, खजुरिया, फरड़, वेरछा, दात्तार मार्ग के कि.मी. 1/2 से 2/10 एवं 8/2 से 8/6 लम्बाई 2.60 कि.मी. में बी.टी. नवीनीकरण का कार्य।	प्रथम	16.93	कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग ए.बी. रोड, शाजापुर में दिनांक 24.12.2020 समय सायं 5.30 बजे तक प्राप्त किया जावेगा।
5.	117295	शाजापुर	भवन संधारण	न्याय विभाग शाजापुर के शासकीय आवास गृह क्र. डी-275, एफ-79, एफ-34, एफ-42, एफ-43, एफ-75, एवं जी-274, में मरम्मत का कार्य।	प्रथम	6.72	कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग ए.बी. रोड, शाजापुर में दिनांक 24.12.2020 समय सायं 5.30 बजे तक प्राप्त किया जावेगा।
				कुल योग		**523.24**	

उपरोक्त वेबसाइट ऑनलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। **निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि 23.12.2020, 17.30 बजे** निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखा जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार-पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।
मूल एफ.डी.आर. एवं अन्य दस्तावेज दिनांक 24.12.2020, 17.30 बजे तक उपरोक्तानुसार संबंधित कार्यालय में प्राप्त की जावेगी।

कार्यपालन यंत्री
जी-16449/44847/2020 **लोक निर्माण विभाग, संभाग, शाजापुर (म.प्र.)**

कार्यालय मुख्य अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, इंदौर परिक्षेत्र इंदौर

फोन - 0731-2541498, फैक्स : 0731-2536575
(E-mail ID : cephedind@nic.in & cephedind@gmail.com)

निविदा सूचना क्रमांक - 25/2020-21 **दिनांक : 09.12.2020**

इन्दौर परिक्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न खण्डों में जल जीवन मिशन के अंतर्गत विभिन्न ग्रामों की नलजल योजनाओं के क्रियान्वयन कार्य हेतु निम्नानुसार निविदा सूचना ई-टेण्डरिंग पद्धति से ई-टेण्डर पोर्टल (http://www.mptenders.gov.in/nicgep/app) पर निविदा प्रपत्र "अपेन्डिक्स-2.10" प्रतिशत दर पर आमंत्रित की जाती है :-

क्र.	सिस्टम टेंडर क्रमांक	जिले/ खण्ड का नाम	विकास-खण्ड	योजनाओं/ ग्रामों की संख्या	आमंत्रण का प्रकार	कार्य की अनु. लागत (रु. लाख में)	धरोहर राशि रु.	निविदा विक्रय एवं जमा की जाने की अंतिम तिथि
1.	2020_PHED 117524_1	Indore	Sanwar	7 Villages	Third	502.35	502356/-	**22.12.2020**
2.	2020_PHED 117525_1	Barwani	Barwani	4 Villages	Third	516.68	516681/-	22.12.2020
3.	2020_PHED 117527_1	Dhar	Umarban	7 Villages	Second	792.06	792500/-	22.12.2020

नोट :- 1. निविदा के अन्य विवरण की विस्तृत जानकारी **http://www.mptenders.gov.in** पर देखी जा सकती है।
2. उपरोक्त निविदाओं में भविष्य में किये जाने वाले समस्त संशोधनों को समाचार-पत्रों में प्रकाशित नहीं किया जावेगा। उक्त संशोधन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर ही प्रकाशित किये जावेंगे।

अधीक्षण यंत्री (प्रोक्योरमेंट)
जी-16438/44845/2020 **लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, इंदौर परिक्षेत्र, इंदौर**

जब तक कोरोना की दवाई नहीं, तब तक ढिलाई नहीं।

कार्यालय प्रमुख अभियंता
जल संसाधन विभाग, भोपाल

ई-मेल - ceproc.encwrd.bpl@nic.in
फोन - 0755-2767635, फैक्स - 0755 - 2552406

निविदा सूचना क्रमांक - 764/2020-21/प्रमुख अभियंता/ई-टेंडरिंग **भोपाल, दिनांक 10.12.2020**

निम्न कार्यों हेतु निविदा वेबसाइट **https://www.mptenders.gov.in** पर आमंत्रित की गई है। निविदा प्रपत्र **दिनांक 12.01.2021 को 17.30 बजे तक** क्रय/डाउनलोड तथा प्रस्तुत किये जा सकते हैं।
निविदा में संशोधन की स्थिति में वेबसाइट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

स.क्र.	निविदा क्र.	कार्य	जिला	लागत (लाख)
1.	2020_WRD_117657	**टर्न की पद्धति पर** :- टिल्लर बांध की बायीं मुख्य नहर की आर. डी. 3000 मीटर पर आर.आर.सी. एक्वाडक्ट का निर्माण कार्य। विस्तृत स्कोप ऑफ वर्क के अनुसार परन्तु उस तक सीमित नहीं।	शाजापुर	131.04
2.	2020_WRD_117688	तिघरा बांध का विशेष मरम्मत कार्य।	ग्वालियर	1676.91

मुख्य अभियंता
जी-16430/44842/2020 **(प्रोक्योरमेंट)**

दो गज की दूरी, मास्क है जरूरी।

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, बालाघाट
ई-टेंडरिंग निविदा आमंत्रण

बालाघाट जिले के विकासखण्डों के ग्रामों में नलजल प्रदाय, नवीन योजना एवं रेट्रोफिटिंग योजना अंतर्गत पेयजल प्रदाय प्रारंभ करने हेतु योजना संबंधी कार्य की मुहरबंद निविदा प्रपत्र "अ 2.10" (प्रतिशत दर) में एम.पी. टेण्डर्स पद्धति के माध्यम से लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है जो कि एम.पी. टेण्डर्स सिस्टम पोर्टल के **http://mptenders.gov.in** द्वारा निर्धारित शेड्यूल के अनुसार निविदा प्रक्रिया की जावेगी।

निविदा का विवरण निम्नानुसार है :-

ई-टेंडरिंग पद्धति क्रमांक	निविदा क्रमांक/ आमंत्रित दिनांक	कार्य की अनुमा. लागत (राशि रु. (लाख में)	धरोहर राशि (अर्नेस्ट मनी) रु. में	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु. में)	कार्य पूर्ण करने की समयावधि	निविदा प्रपत्र क्रय करने की एवं दर प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि	ऑनलाइन खुलने की तिथि	पंजीकृत ठेकेदार की श्रेणी
2020_PHED_117762_1	82/09.12.20	354.43	354430/-	15000/-	9 माह	**23.12.20**	26.12.20	लोक निर्माण विभाग में नवीन केन्द्रीयकृत पंजीयन
2020_PHED_117769_1	83/09.12.20	376.41	376410/-	15000/-	9 माह	23.12.20	26.12.20	लोक निर्माण विभाग में नवीन केन्द्रीयकृत पंजीयन

निविदा आमंत्रण सूचना विस्तृत विवरण एवं Key dates की जानकारी वेबसाइट **http://www.mptenders.gov.in** पर देखी जा सकती है।

नोट :- 1. सभी इच्छुक ठेकेदार ई-टेंडरिंग पोर्टल (http://mptenders.gov.in) में पंजीयन करायें।

2. "निविदा में भविष्य में किये जाने वाले समस्त संशोधनों को समाचार-पत्रों में प्रकाशित नहीं किया जायेगा। यह संशोधन केवल http://mptenders.gov.in पर ही प्रकाशित किये जायेंगे।"

निविदा प्रपत्र निर्धारित शुल्क, क्रेडिट कार्ड, ए.टी.एम. कम डेबिट कार्ड अथवा इंटरनेट बैंकिंग एकाउण्ट के माध्यम से उपरोक्त वेबसाइट पर भुगतान कर केवल ऑनलाइन पर ही क्रय किये जा सकते हैं।

विस्तृत निविदा एवं अन्य जानकारी उपरोक्त उल्लेखित वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड
बालाघाट (म.प्र.) (07632-241131)

जी-16431/44843/2020

SHRI REWA GURJAR BAL NIKETAN COLLEGE, SANAWAD

(Approved by Govt. of MP and Affiliated to DAVV, Indore)
Khargone Road, Sanawad-451111 Ph. No. 07280-233771
E-mail : srg.college@gmail.com,
Advertisement for Principal and Various Regular Faculty in the College
(under code 28 Norms)

Subjects :
Botany /Microbiology/ Biotechnology /Commerce/Management/ Sociology / Mathematics//Political Science/Seeds Technology / Compute/ Hindi / English Literature/ Chemistry/ Zoology/ Physics/ Horticulture/ Sports /Home Science

Posts :
Assistant Professor/Associate Professor/Professor.

For other Course : B.Ed. 16 Posts

*Candidate who are eligible under code 28 Norms of university can apply within 15 days.

R-44863/2020 **PRINCIPAL**

TRANSNATIONAL KNOWLEDGE SOCIETY'S
SHIVAJIRAO KADAM INSTITUTE OF TECHNOLOGY & MANAGEMENT

SKILL - INNOVATION - TRANSFORMATION | An ISO 9001:2015 Certified Institute
(ESTD.2009) Tillore Khurd, Near Ralamandal, Indore (M.P.) Ph.: 0731-3557650

APPOINTMENTS

APPLICATIONS ARE INVITED FOR FOLLOWING INSTITUTIONS

SHIVAJIRAO KADAM INSTITUTE OF PHARMACEUTICAL EDUCATION & RESEARCH
Professors / Asso. Professors/Asst. Professors
For (Pharmaceutics/ Pharmacognosy/ Pharmaceutical Chemistry/Pharmacology)
Eligibility: As per UGC/AICTE/PCI /RGPV Norms (Statute 30)

COLLEGE OF PROFESSIONAL STUDIES - ATC
Principal/Professors/Asso. Professors/Asst. Professors
For (Commerce/Management/English/Hindi)
Eligibility: As per UGC/AICTE/DAVV Norms (Code 28)

SHIVAJIRAO KADAM INSTITUTE OF TECHNOLOGY & MANAGEMENT
Director (Management)/Professors / Asso. Professors
Asst. Professors
For (CSE/ME/EC/CE/HUMANITIES)
(HR/Finance/Marketing/IT/Production/Business Analytics)
Eligibility: As per UGC/AICTE/RGPV (Statute 30)/DAVV Norms (Code 28)

NON TEACHING STAFF : Office Assistant, Lab,Technician, Marketing Executives, Tele Callers, Accountant, Asst. Manager (HR).

Interested candidates may send their applications in the prescribed format (available on the Institute website) along with latest **CV** and necessary documents within 7 days and/or mail at hr@skitm.in

ANIL PUB.

R-44864/2020

घर-घर करें सर्वे, कुपोषित और बीमार बच्चे मिलने पर इलाज करवायें

भोपाल, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी ने शहडोल में संभाग के विभिन्न जिलों में संचालित स्वास्थ्य विभाग के कार्यक्रमों, योजनाओं और कोविड नियंत्रण रोकथाम की कार्यवाही की समीक्षा की।

स्वास्थ्य मंत्री डॉ. चौधरी ने कहा कि आयुष्मान भारत के सभी परिवारों के कार्ड बनाये जायें। उन्होंने कहा कि संभाग के जिलों में सभी परिवारों के घर-घर जाकर एएनएम और आँगनवाड़ी कार्यकर्ता बीमार और कुपोषित बच्चों का सर्वे करें। आवश्यकतानुसार बच्चों को उपचार दिलवायें।

स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों एवं उप स्वास्थ्य केंद्रों में आने वाले मरीजों को स्वास्थ्य सेवाओं का पूरा लाभ मिलना चाहिए तथा स्वास्थ्य केंद्रों से मरीज को स्वस्थ होकर घर जाना चाहिए।

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, मण्डला (म.प्र.)

दूरभाष - 07642-252443, ई-मेल - eephedmal@mp.nic.in, फैक्स - 07642-253622
निविदा क्र. 163 से 177/2020-21/नि. शाखा/लो.स्वा.यां./2020 **मण्डला, दिनांक 08.12.2020**

निविदा आमंत्रण सूचना

निम्नानुसार कार्य हेतु ऑनलाइन वेबसाइट **http://mptenders.gov.in/nicgep/app** पर निविदा आमंत्रित किये जाते हैं। ऑनलाइन निविदा प्रस्तुत किये जाने की **अंतिम तिथि 26.12.2020, सायं 17.30 बजे** तथा निविदा खुलने का **दिनांक 28.12.2020, सायं 15.00 बजे** के पश्चात है। निविदा से संबंधित कोई भी संशोधन ई-टेण्डरिंग पोर्टल पर प्रदर्शित है। विस्तृत निविदा एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट **http://mptenders.gov.in/nicgep/app** पर देखी जा सकती है।

Name of Work :- Retrofitting of Pipe Water Supply Scheme of FHTC and RCC overhead Tank and Sumpwell and laying and jointing of Pipeline at various Villages of different Blocks of District Mandla Including Cost of All Matarial and Labour with 90 Days Trial Run/Commissioning period of Successful Entire Scheme.

NIT No.	Tender ID No.	Name of Villeges	Name of Block	Probable Amount	EMD	Tender Doc. Fee	Time
163-2020-21	2020_PHED_117523_1	Pathasihora, Gokul Thana, Jhiriya, Khirkhiri, Bhainswahi, Ghateri, Jeonara and Bijegaon	Nainpur	195.03	195030/-	12500/-	9 माह वर्षाकाल सहित
164-2020-21	2020_PHED_117537_1	Manegaon, Indri, Mohgaon, Jaltara, Pondi (Katiya Tola) and Deori	Nainpur	167.63	167630/-	12500/-	9 माह वर्षाकाल सहित
165-2020-21	2020_PHED_117540_1	Ramgadhi, Maldha, Putarra, Atariya, Saliwada Mal, Jaitpuri and Delha	Nainpur	192.33	192330/-	12500/-	9 माह वर्षाकाल सहित
166-2020-21	2020_PHED_117544_1	Khursipar (B), Ramdeori, Ballamdungariya, Kokiwada, Alipur	Nainpur	141.28	141280/-	12500/-	9 माह वर्षाकाल सहित
167-2020-21	2020_PHED_117548_1	Katangseoni, Mehraseoni, Bhikampur Kohka, Gadbisora, Kohari	Niwas	127.60	127600/-	12500/-	9 माह वर्षाकाल सहित
168-2020-21	2020_PHED_117554_1	Majhgaon, Medhi, Saraswahi, Aamadadar, Padarpani and Mohgaon	Niwas	140.06	140060/-	12500/-	9 माह वर्षाकाल सहित
169-2020-21	2020_PHED_117558_1	Bamhni, Bhawal, Patharri, Bijegaon, Barbaspur and Harratikur	Narayanganj	155.62	155620/-	12500/-	9 माह वर्षाकाल सहित
170-2020-21	2020_PHED_117559_1	Kapa	Narayanganj	51.04	51040/-	10000/-	9 माह वर्षाकाल सहित
171-2020-21	2020_PHED_117584_1	Chiraidongri, Deori, Maili and Fadki Mal	Narayanganj	140.44	140440/-	12500/-	9 माह वर्षाकाल सहित
172-2020-21	2020_PHED_117585_1	Banji, Bhapsa, Newsa, Basaniya and Khamtipur	Bichhiya	143.15	143150/-	12500/-	9 माह वर्षाकाल सहित
173-2020-21	2020_PHED_117589_1	Ramkhiriya, Kopariya, Bodasilli and Andiya Ryt	Mohgaon	133.85	133850/-	12500/-	9 माह वर्षाकाल सहित
174-2020-21	2020_PHED_117593_1	Maniksara, Khamerkheda, Chargaon Mal, Kukra and Samnapur	Bijadandi	148.11	148110/-	12500/-	9 माह वर्षाकाल सहित
175-2020-21	2020_PHED_117605_1	Duba, Menpuri, Kolamgahan, Dadhi Ryt and Bija	Mawai	166.77	166770/-	12500/-	9 माह वर्षाकाल सहित
176-2020-21	2020_PHED_117607_1	Malara, Devagaon and Baja	Mandla	46.50	50000/-	5000/-	6 माह वर्षाकाल सहित
177-2020-21	2020_PHED_117609_1	Madhupuri, Suktara Kudvan and Padmi	Mandla	74.47	74470/-	10000/-	6 माह वर्षाकाल सहित

नोट :- निविदा प्रपत्र उपरोक्त वेबसाइट पर कैश कार्ड, ए.टी.एम. कम डेबिट कार्ड या इंटरनेट बैंकिंग एकाउण्ट के माध्यम से ऑनलाइन भुगतान पर क्रय किया जा सकता है। निविदा संबंधित आवश्यक दस्तावेज, रजिस्टर्ड डाक अथवा वाहक के हस्ते इस कार्यालय में **दिनांक 26.12.2020 तक** प्रस्तुत किया जा सकता है।

Member Secretary, District Water and Sanitation Mission
Executive Engineer PHE Division, Mandla District Mandla

G-16517/44855/2020

LAL BAHADUR SHASTRI INSTITUTE OF TECHNOLOGY & MANAGEMENT (LBSITM), INDORE

Approved by AICTE and Affiliated to DAVV, Indore , (M.P.)

Applications are invited for:

PRINCIPAL (Under DAVV College Code 28).

ASSISTANT PROFESSOR Commerce (2 positions), Management for BBA & B.Com (Hons.) (2 positions), B.Com (Plain) (2 positions), Management for MBA (3 positions). Under College Code 28.

AREAS OF SPECIALIZATION Marketing, Human Resources, Finance, Info. Technology, Economics, Operations and General Management.

SYSTEMS ADMINISTRATOR (Computer/ IT).

LIBRANRIAN

SPORTS OFFICER

Eligibility- As per UGC/AICTE Norms.

Please mail your application with resume to **directorlbsitm@gmail.com**

409/3, Village Solsinda, PO Dharampuri, Tehsil Sanwer, SH-27, Dist. Indore-453551 (MP). M: +91 99933 72364/ 98260 99290

SONALI PUB.

R-44862/2020

स्मृति शेष

समकालीन चर्चित रचनाकारों में अग्रगण्य थे मंगलेश डबराल

वरिष्ठ कवि, पत्रकार और पटकथा लेखक मंगलेश डबराल का 09 दिसम्बर 2020 को निधन हो गया है। वे बहत्तर साल के थे और कोरोना से संक्रमित थे। साहित्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित कवि-लेखक मंगलेश डबराल हिन्दी के समकालीन चर्चित कवियों में अग्रगण्य थे। मंगलेश डबराल ने कविता, डायरी, गद्य, अनुवाद, संपादन, पत्रकारिता और पटकथा लेखन जैसी साहित्य की विविध विधाओं में समान अधिकार के साथ लेखन किया। मंगलेश डबराल का जन्म 16 मई 1948 को टिहरी गढ़वाल, उत्तराखंड के काफलपानी गांव में हुआ था। आपकी शुरुआती शिक्षा-दीक्षा देहरादुन में हुई थी। मंगलेश डबराल ने साहित्यिक सफर इलाहाबाद से ही शुरू किया था और पत्रकारिता की धार भी उन्हें इलाहाबाद से ही मिली।

इलाहाबाद में उन्होंने 'अमृत प्रभात' में घूमता आइना स्तंभ शुरू किया था, जिसे उनके कवि मित्र वीरेन डंगवाल लिखा करते थे। रामजी पांडेय, मंगलेश डबराल और वीरेन डंगवाल की तिकड़ी को महादेवी जी त्रिदेव कहा करती थीं। तब कॉफी हाउस में मंगलेश नियमित बैठकी करते थे। उन्हें विजय देव नारायण साही जी संग कविता पर विमर्श करते देखा। उन्हीं दिनों उनका पहला कविता संग्रह 'पहाड़ पर लालटेन' प्रकाशित हुआ था। कविता को जीवन मूल्यों की ही तरह उन्होंने जिया, कभी ठेठ कवि सम्मेलनी माहौल में भी उन्हें जनता से गंभीर संवाद करते देखा। एक बार भोपाल में उनके कविता संग्रह 'घर का रास्ता' पर विमर्श हुआ। आयोजक थे कवि भगवत रावत। उन्होंने कहा था कि घर का रास्ता ही वस्तुतः कविता का रास्ता है, क्योंकि यह नए मनुष्य की प्रतिष्ठा करती है।

बहुविध लेखन के साथ मंगलेश डबराल ने कविता के क्षेत्र में उत्कृष्ट लेखन किया। मंगलेशजी ने साहित्य और पत्रकारिता की विभिन्न विधाओं में लेखन किया मगर आलोचकों और सुधी पाठकों का मानना है कि कविता विधा में उनका लेखन उत्कृष्ट रहा। मंगलेशजी की कई किताबें और संग्रह छाप चुके हैं। पहाड़ पर लालटेन, घर का रास्ता, हम जो देखते हैं, आवाज भी एक जगह है और नये युग में शत्रु- मंगलेश के पांच चर्चित काव्य संग्रह हैं। मंगलेश डबराल जनसत्ता के साहित्य संपादक भी रह चुके हैं। इसके अलावा, उन्होंने कुछ समय तक लखनऊ से प्रकाशित होने वाले अमृत प्रभात में भी नौकरी की। इस समय वे नेशनल बुक ट्रस्ट से जुड़े थे। आपको अपने चर्चित काव्य संग्रह 'हम जो देखते हैं' के लिये वर्ष 2000 में साहित्य अकादमी सम्मान से अलंकृत किया गया था। दिल्ली हिन्दी अकादमी के साहित्यकार सम्मान और कुमार विकल स्मृति पुरस्कार से सम्मानित मंगलेश डबराल एक उत्कृष्ट अनुवादक के रूप में भी जाने जाते हैं। मंगलेश डबराल की कविताओं के भारतीय भाषाओं के अतिरिक्त अंग्रेज़ी, रूसी, जर्मन, डच, स्पेनिश, पुर्तगाली, इतालवी, फ्रांसीसी, पोलिश और बुल्गारियाई भाषाओं में भी अनुवाद प्रकाशित हो चुके हैं। कविता के अतिरिक्त वे साहित्य, सिनेमा, संचार माध्यम और संस्कृति के विषयों पर नियमित लेखन भी किया करते थे।

मंगलेश, तुम पर वृत्तचित्र बना तो पटकथा कौन लिखेगा?

मंगलेश डबराल सुप्रसिद्ध लेखकों बाबा नागार्जुन, निर्मल वर्मा, यू.आर. अनंतमूर्ति, महाश्वेता देवी, कुर्रतुल ऐन हैदर और

गुरदयाल सिंह पर केंद्रित वृत्त चित्रों का पटकथा लेखन किया। एक बार तो जनसत्ता के संपादक प्रभाष जोशी ने उनकी मेधा पर बड़ी टिप्पणी की थी कि भविष्य में यदि मंगलेश तुम पर केन्द्रित वृतचित्र बना तो उसकी पटकथा कौन लिखेगा? फिर अपनी ही इस टिप्पणी को विस्तार देते हुए प्रभाषजी ने कहा था कि मंगलेश ऐसा करो तुम को तुम से अच्छा कौन जानता है? तो तुम ऐसा करो तुम अपने ऊपर बनने वाले वृत्तचित्र की पटकथा खुद ही लिख दो। इस टिप्पणी पर तब मंगलेश मुस्कराये थे मगर इस विधा में वाकई मंगलेश लाजवाब थे। पटकथा लेखन की एक राष्ट्रीय कार्यशाला में उन्होंने कहा भी था कि इस विधा में मुझे लगता है आपका तटस्थ होना बेहद जरूरी है। यदि आप बाबा नागार्जुन पर वृत्तचित्र बना रहें हैं तो उनके प्रति यदि आपके मन में यदि श्रद्धाभाव है तब आपको पटकथा लिखते समय उसे मन से कुछ समय के लिये निकालना ही होगा। मंगलेश मानते थे कि एक लेखक की पटकथा में उसकी सृजनात्मक पृष्ठभूमि का उल्लेख नितांत जरूरी ही नहीं अनिवार्य होता है। इस विधा में उन्हें अद्भुत दक्षता प्राप्त थी।

कविता की ताकत और अहमियत को समझने वाले कवि थे मंगलेश

मंगलेश ने एक बार कहा था कि कविता में इतनी ताकत होती है कि वो किसी भी तानाशाही सत्ता को उखाड़ फेंक सकती है। डबराल अक्सर इस बात का उल्लेख करते थे कि 'हर जोर जुल्म की टक्कर में हड़ताल हमारा नारा है, 'क्रांति के लिए उठे कदम', 'क्रांति के लिए जली मशाल' और 'मेरा नाम तेरा नाम', ... यह कविताएं उस जमाने में लिखी गई जब अपना हक मांगने के लिए संघर्षों का दौर जारी था। भारत में ही नहीं, बल्कि अमेरिका, जर्मनी, फ्रांस और ब्रिटेन समेत कई देशों में कविताओं ने क्रांति को हवा दी थी और तब से लेकर अब तक निरंकुश शासक के दमन पर कविताएं अंकुश लगा रही हैं। मंगलेश डबराल ने कहा था कि कविता ने बहुत कुछ झेला है। वह रोई भी है, चीखी भी है और चिल्लाई भी है। एक जमाना था जब कविताओं के माध्यम से सच्चाई लिखने पर गोली तक मार दी जाती थी। देश निकाला देने के अलावा मृत्यु के बाद भी रचनाकारों को अपमानित किया जाता रहा है। समय बदला मगर कविता ने अपने तेवर नहीं बदले। सच कहें तो डबराल कविता की ताकत और अहमियत को समझने वाले कवि थे। मंगलेश डबराल ने दुनिया के कई कवियों की रचनाओं का जिक्र करते हुए कवि कर्म को बहुमूल्य बताया। वे कहते थे, कविता की ताकत का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि समय-समय पर इसने तानाशाह के सिंहासन हिलाकर रख दिये। कई कवियों ने तो सच्चाई लिखने के लिए अपने जीवन का बलिदान तक दिया। स्पेन के पावलो नेरुदा व वॉल्टर बैंजामिन जैसे साहित्यकारों ने मानवता की रक्षा के लिए अपनी कलम चलाई। सूर्यकांत त्रिपाठी निराला और सुमित्रानंदन पंत जैसे भारत के कवियों की रचनाओं ने लोगों को जीवन का सार समझाया। उस जमाने में निकलने वाले कविता पोस्टर आज भी प्रासंगिक हैं।

पहाड़ों और मैदानों के द्वंद्व से हमेशा-हमेशा के लिये मुक्त हो गये मंगलेश

जर्मन कवि बर्तोल्त ब्रेख्त की एक कविता में बड़े तल्ख अंदाज में यह लिखा था कि ' पहाड़ों की यातनाएं हमारे पीछे हैं, मैदानों की हमारे आगे'।

मंगलेश डबराल को यह पंक्तियां बहुत प्रिय थी और वो अक्सर इसे दोहराया करते थे। ऐसा लगता था जैसे पहाड़ों पर न रह पाने और मैदानों को न सह पाने का जो अनकहा दुख है, उसमें ये पंक्तियां उन्हें कोई दिलासा देती हों। वह अपने भीतर के दुख को जीवन के कार्य-व्यापार में बाहर नहीं आने देते थे। कातर पड़ना उन्हें गवारा नहीं था। एक रात साढ़े तीन बजे गाजियाबाद के वसुंधरा के एक निजी अस्पताल में भर्ती होने से पहले उनको बुखार था और उनकी पत्नी और बेटी को भी। उन्होंने बेटी की कोविड जांच कराई और जब पता चला कि उसे कोविड नहीं है तो मान लिया कि उनको भी नहीं होगा। यह वह जिद थी, खुद को कमजोर और बीमार न मानने की, जो अंतिम समय में उनके लिए आत्महंता लापरवाही में बदल गई। वसुंधरा के अस्पताल में वे करीब दस दिन लड़ते हैं, उसके बाद उन्हें उनके आग्रह पर एम्स ले जाया गया। लेकिन धूमपान से पहले से छलनी उनके फेफड़ों पर कोरोना का हमला सांघातिक साबित हुआ। मंगलेश पहाड़ों और मैदानों के बीच के द्वंद्व से हमेशा-हमेशा के लिये मुक्त हो गये।

- राजा दुबे

(लेखक, जनसम्पर्क विभाग से सेवानिवृत्त संयुक्त संचालक हैं)

तथ्यों (फैक्ट्स) को कैसे रखें याद

"प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता के लिये प्रभावी रणनीति बनाना आवश्यक है। यह भी महत्वपूर्ण है परीक्षा के पाठ्यक्रम में विविधता होने तथा पाठ्यक्रम अत्यधिक विस्तृत होने से हजारों तथ्यों को याद रखना चुनौतीपूर्ण होता है, किन्तु सफलता हेतु तथ्यों को याद रखना अनिवार्य है। तथ्यों को स्थायी रूप से याद रखने के लिये प्रतिभागी छात्र कई तरीके ईजाद करते हैं, इन्हीं तरीकों में से कुछ चुनिंदा तरीकों का संकलन प्रस्तुत किया जा रहा है, जो प्रतिभागियों के लिये उपयोगी होगा।"

1. वलित (Fold) पर्वत को याद रखने का तरीका -

"यू आर ए हिमालय"

यू - यूराल
आ - आल्प्स
र - रॉकी
ए - एण्डीज
हिमालय

यूराल (रूस), आल्प्स (यूरोप), रॉकी-एंडीज (अमरीका) तथा हिमालय वलित पर्वत के उदाहरण हैं।

2. भारत में 8 केन्द्रशासित प्रदेश निम्न हैं -

"चल दिल दें आप"
(चलो दिल दो आप)

च - चंडीगढ़
ल - लक्षद्वीप
दिल - दिल्ली
दें - दादरा एवं नागर हवेली तथा दमन और दीव
आ - अण्डमान और निकोबार
प - पाण्डिचेरी

(**नोट** - जम्मू कश्मीर एवं लद्दाख 31 अक्टूबर 2019 को केन्द्रशासित बने। 26 जनवरी 2020 को दादरा एवं नागर हवेली तथा दमन और दीव को मिलाकर एक केन्द्रशासित प्रदेश बनाया गया।)

3. संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के स्थायी सदस्य देश -

FRACE (फ्रेंश)
F - फ्रांस, R - रूस, A - अमेरिका
C - चीन, E - इंग्लैंड

(**नोट** - 1945 में स्थापित संयुक्त राष्ट्र में 193 सदस्य देश हैं, संयुक्त राष्ट्र के प्रमुख अंगों में से एक है सुरक्षा परिषद। सुरक्षा परिषद में 5 स्थायी एवं 10 अस्थायी सदस्य होते हैं। 5 स्थायी सदस्य हैं - FRACE)

4. कर्क रेखा भारत के 8 राज्यों से गुजरती है -

मित्र पर गमछा झार
मि - मिजोरम
त्र - त्रिपुरा
प - प. बंगाल
र - राजस्थान
ग - गुजरात
म - मध्यप्रदेश
छा - छत्तीसगढ़
झार - झारखंड

(**नोट** - भूमध्य रेखा के समानान्तर उत्तरी गोलार्द्ध में 23.50° डिग्री रेखा को कर्क रेखा कहा जाता है। यह भारत के 8 राज्यों से गुजरती है। इसे पश्चिम से पूर्व के क्रम में निम्न तरह से भी याद रख सकते हैं - (गर्मछझपटम) गुजरात, राजस्थान, मध्यप्रदेश, झारखंड, प. बंगाल, त्रिपुरा तथा मिजोरम।)

5. मुगल शासक बाबर द्वारा लड़े गये 4 प्रमुख युद्ध का क्रम -

"पान खा चल घर"
पान - पानीपत युद्ध (1526)
खा - खानवा (1527)
चल - चन्देरी (1528)
घर - घाघरा (1529)

(**नोट** - पानीपत के प्रथम युद्ध 1526 के बाद ही बाबर ने भारत में मुगल वंश की स्थापना की।)

6. भारत के पड़ोसी देश -

"बचपन में एम.बी.ए."
ब - बांग्लादेश
च - चीन
प - पाकिस्तान
न - नेपाल
एम. - म्यांमार
बी. - भूटान
ए. - अफगानिस्तान

(**नोट** - भारत की सीमा 7 देशों से मिलती है।)

7. विटामिन ब उसके रासायनिक नाम -

रथ एक टॉफी
र - रेटिनाल (A)
थ - थायमिन (B)
ए - एस्कार्बिक (C)
क - कॉलेकैल्सिफेरॉल (D)
टॉ - टोकोफेरॉल (E)
फी - फिलोक्विनोस (K)

8. संयुक्त राष्ट्र की कार्यकारी भाषायें -

(एस.आर. का फेस)
SR का FACE
S - स्पेनिश
R - रसियन
F - फ्रेंच
A - अरबी
C - चायनीज
E - इंग्लिश

9. जनसंख्या में विश्व के शीर्ष देश -

ट्रिक - C.I.A.
(अमेरिका की गुप्तचर एजेंसी C.I.A. है)
C - चीन
I - इंडिया
A - अमेरिका

(**नोट** - इसके बाद इंडोनेशिया, पाकिस्तान एवं ब्राजील का क्रम है।)

10. लॉन टेनिस के चार ग्रैंड स्लैम प्रतियोगिताओं को क्रमशः याद रखने की ट्रिक -

(अफवाह नहीं अफवा)
"AFWA"
A - ऑस्ट्रेलियन ओपन
F - फ्रेंच ओपन
W - विम्बलडन
A - अमेरिकी ओपन
(यूएस ओपन)

11. विश्व के महासागरों को याद रखने का ट्रिक -

प्रशान्त के अंटल हिन्दी पढ़ाते हैं और अंटाआर्कटिका समझाते हैं।
प्रशान्त
अटलांटिक
हिन्द
अंटार्कटिक

(प्रशान्त सबसे बड़ा और सबसे गहरा महासागर है।)

विश्व के महासागरों का एक शार्ट ट्रिक निम्नवत भी हो सकता है-

'PAISA'
Pacific, Atlantic, Indian Ocean, Southern Ocean, Arctic Ocean

- ऋचा भदौरिया

(लेखिका, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी विषयों पर नियमित लेखन करती हैं।)

जिस उदारता और प्यार को हम दूसरों से अपने लिये उम्मीद करते हैं, वही उदारता और प्यार हमें दूसरों को भी बांटना चाहिये - एरिक हॉफर

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिये महत्वपूर्ण प्रश्न

सामान्य हिन्दी

निर्देश :- सही विकल्प का चयन करें?

1. गुण स्वर संधि का उदाहरण है?
(A) तत्रैव (B) व्यर्थ
(C) देवेन्द्र (D) सज्जन
उत्तर :- (C) देवेन्द्र

2. दीर्घ स्वर संधि का उदाहरण है?
(A) सद्गति (B) सदानंद
(C) अत्यधिक (D) गीतांजलि
उत्तर :- (D) गीतांजलि

3. वृद्धि स्वर संधि है?
(A) न्यून (B) राकेश
(C) सदैव (D) प्रत्येक
उत्तर :- (C) सदैव

4. अयादि स्वर संधि है?
(A) उच्चारण (B) नायक
(C) अब्ज (D) पित्राज्ञा
उत्तर :- (B) नायक

5. यण संधि है?
(A) प्रत्यूष (B) जलोर्मि
(C) रमेश (D) जलौक
उत्तर :- (A) प्रत्यूष

6. अव्ययी भाव समास का उदाहरण है?
(A) रस भरा (B) ब्राह्मण पुत्र
(C) जलमग्न (D) परोक्ष
उत्तर :- (D) परोक्ष

7. विष्णुदत्त में कौन-सा समास है?
(A) तत्पुरुष (B) द्विगु
(C) द्वंद्व (D) बहुव्रीहि
उत्तर :- (A) तत्पुरुष

8. जिस समास में पूर्व पद गौण रहता है तथा उत्तर पद प्रधान होता है। उसे कौन-सा समास कहते हैं?
(A) कर्मधारय (B) द्विगु
(C) तत्पुरुष (D) अव्ययी भाव
उत्तर :- (C) तत्पुरुष समास

9. खगेश में कौन-सा समास है?
(A) द्वंद्व (B) बहुव्रीहि
(C) दिगु (D) अव्ययीभाव
उत्तर :- (B) बहुव्रीहि

10. शीतोष्ण कौन-सा समास है?
(A) बहुव्रीहि (B) द्विगु
(C) तत्पुरुष (D) द्वंद्व
उत्तर :- (D) द्वंद्व समास

निर्देश :- नीचे कुछ मुहावरे दिए गए हैं। प्रत्येक के चार विकल्प अर्थ दिए गए हैं। सही का चयन करें -

11. अपनी खिचड़ी अलग पकाना?
(A) स्वयं अपनी हानि करना
(B) अलग रहना
(C) स्वार्थ सिद्ध करना
(D) आत्मनिर्भर होना
उत्तर :- (B) अलग रहना

12. हवा लगना?
(A) बगावत करना
(B) डर जाना
(C) असर पड़ना
(D) पश्चाताप करना
उत्तर :- (C) असर पड़ना

13. गिरगिट की तरह रंग बदलना?
(A) निश्चिंत होना
(B) उत्साहित होना
(C) सिद्धांत हीन होना
(D) अनुभवी होना
उत्तर :- (C) सिद्धांतहीन होना

14. वेद वाक्य मानना?
(A) क्रोध करना
(B) आरंभ करना
(C) आदर करना
(D) सत्य मानना
उत्तर :- (D) सत्य मानना

15. मक्खियां मारना?
(A) बेकार बैठना
(B) कायरता दिखाना
(C) भयभीत होना
(D) भेद खोलना
उत्तर :- (A) बेकार बैठना

निर्देश :- नीचे कुछ प्रसिद्ध हिन्दी की उक्तियां दी जा रही हैं। प्रत्येक के चार विकल्प हैं। सही विकल्प का चयन करें।

16. पानी गये न ऊबरे, मोती मानुष चून?
(A) कबीरदास (B) सूरदास
(C) रहीम (D) कबीरदास
उत्तर :- (C) रहीम

17. जाकी रही भावना जैसी, प्रभु मूरत देखी तिन तैसी?
(A) कबीरदास (B) जायसी
(C) तुलसीदास (D) सूरदास
उत्तर :- (C) तुलसीदास

18. संतन को कहां सीकरी सो काम है?
(A) हरिदास (B) कुंभनदास
(C) कृष्णदास (D) सूरदास
उत्तर :- (B) कुंभनदास

19. पानी परात को हाथ छुओ नहीं, नैनन के जल सो पग धोए?
(A) नरोत्तम दास(B) आलम
(C) सूरदास (D) रसखान
उत्तर :- (A) नरोत्तम दास

20. बुंदेले हरबोलों के मुंह हमने सुनी कहानी थी। खूब लड़ी मर्दानी वह तो झांसी वाली रानी थी?
(A) सोहनलाल द्विवेदी
(B) रामधारी सिंह दिनकर
(C) श्याम नारायण पाण्डेय
(D) सुभद्रा कुमारी चौहान
उत्तर :- (D) सुभद्रा कुमारी चौहान

21. 'ण' वर्ग का उच्चारण स्थान है?
(A) तालु (B) मूर्धा
(C) उष्म (D) कंठ
उत्तर :- (B) मूर्धा

22. निम्न में से कौन-सा वर्ण घोष है?
(A) ख (B) च
(C) म (D) ठ
उत्तर :- (C) म

23. शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए?
(A) दीर्घायु (B) दीरघायु
(C) दीघायु (D) दीर्घीयु
उत्तर :- (A) दीर्घायु

निर्देश :- निम्नलिखित पद्यांशों में प्रयुक्त अलंकार बताइए -

24. चारू चन्द्र की चंचल किरणें, खेल रही हैं जल-थल में?
(A) उत्प्रेक्षा (B) श्लेष
(C) अनुप्रास (D) यमक
उत्तर :- (C) अनुप्रास

25. पीपर पात सरिस मन डोला?
(A) उत्प्रेक्षा (B) यमक
(C) उपमा (D) अनुप्रास
उत्तर :- (D) अनुप्रास

26. एक राम घनश्याम हित चातक तुलसीदास?
(A) रूपक (B) उत्प्रेक्षा
(C) यमक (D) श्लेष
उत्तर :- (A) रूपक

27. कहती हुई यों उत्तरा के नेत्र जल से भर गए, हिम के कणों से पूर्ण मानो हो गए पंकज नए?
(A) यमक (B) उत्प्रेक्षा
(C) रूपक (D) अनुप्रास
उत्तर :- (B) उत्प्रेक्षा

28. रौद्र रस का स्थायी भाव है?
(A) रति (B) शोक
(C) हास (D) क्रोध
उत्तर :- (D) क्रोध

29. करुण रस का स्थायी भाव है?
(A) क्रोध (B) शोक
(C) विस्मय (D) उत्साह
उत्तर :- (B) शोक

30. "भाव" जिसके हृदय में रहते हैं। उसे क्या कहते हैं?
(A) आलंबन
(B) उद्दीपन
(C) आश्रय
(D) आलंबन जन्य उद्दीपन
उत्तर :- (C) आश्रय

31. 'स्वेद' निम्नलिखित में से क्या है?
(A) आलंबन
(B) उद्दीपन विभाव
(C) संचारी भाव
(D) अनुभाव
उत्तर :- (D) अनुभाव

32. निम्न में से संचारी भाव कौन-सा है?
(A) एकांत स्थल
(B) प्रलय
(C) निद्रा
(D) कम्प
उत्तर :- (C) निद्रा

33. 'छंद' का सर्वप्रथम उल्लेख कहाँ मिलता है?
(A) रामायण (B) महाभारत
(C) ऋग्वेद (D) उपनिषद
उत्तर :- (C) ऋग्वेद

34. छंद कितने प्रकार के होते हैं?
(A) 2 (B) 3
(C) 4 (D) 5
उत्तर :- (B) 3

35. सम मात्रिक छंद का उदाहरण है?
(A) चौपाई (B) सोरठा
(C) दोहा (D) ये सभी
उत्तर :- (A) चौपाई

36. अर्द्धसम मात्रिक छंद है?
(A) सोरठा (B) रोला
(C) चौपाई (D) दोहा
उत्तर :- (D) दोहा

37. भाषा का विकास होता है?
(A) मानवीय भावों के विचारों से
(B) ध्वनि प्रतीकों से
(C) बोलियों से
(D) जन-साधारण के माध्यम से
उत्तर :- (C) बोलियों से

38. भाषा का निर्माण होता है?
(A) भाव व्यंजनाओं से
(B) ध्वनि प्रतीकों से
(C) शब्द चित्रों से
(D) व्यावहारिक वाक्यों से
उत्तर :- (B) ध्वनि प्रतीकों से

39. "जननी जन्म भूमिश्च" को सम्बद्ध किया जा सकता है?
(A) भारतीय भाषाओं से
(B) चीनी भाषा से
(C) मातृभाषा से
(D) जापानी भाषा से
उत्तर :- (C) मातृभाषा से

40. हिन्दी में कितने कारक माने गए हैं?
(A) 5 (B) 6
(C) 7 (D) 8
उत्तर :- (D) 8

41. उत्कर्ष का विशेषण होगा?
(A) अपकर्ष (B) उत्कृष्ट
(C) निकृष्ट (D) सत्कर्ष
उत्तर :- (B) उत्कृष्ट

42. 'हरा रूमाल' में हरा किस प्रकार का विशेषण है?
(A) गुण वाचक
(B) आकृति वाचक
(C) परिमाण वाचक
(D) सार्वनामिक
उत्तर :- (A) गुण वाचक

43. मुख्य क्रिया के साथ प्रयुक्त होकर अर्थ को स्पष्ट एवं पूर्ण करने में सहायता पहुंचाने वाली क्रिया को कहते हैं?
(A) पूर्णकालिक
(B) सहायक क्रिया
(C) लाभ बोधक
(D) नाम धातु
उत्तर :- (B) सहायक क्रिया

44. निम्न शब्दों में से कौन-सा काल वाचक क्रिया विशेषण है?
(A) यहां (B) ऐसे
(C) रात भर (D) बाहर
उत्तर :- (C) रात भर

45. जो संज्ञा किसी व्यक्ति, वस्तु या स्थान का बोध कराती है उसे कहते हैं?
(A) व्यक्ति वाचक संज्ञा
(B) भाव वाचक संज्ञा
(C) द्रव्य वाचक संज्ञा
(D) जाति वाचक संज्ञा
उत्तर :- (A) व्यक्ति वाचक संज्ञा

46. हिन्दी की उत्पत्ति किस अपभ्रंश से मानी जाती है?
(A) खस
(B) शौरसेनी
(C) ब्राचड
(D) इनमें से कोई नहीं
उत्तर :- (D) शौरसेनी

47. इनमें से कौन पश्चिमी हिन्दी की बोली नहीं है?
(A) खड़ी बोली (B) बांगरू
(C) मगही (D) बुंदेली
उत्तर :- (C) मगही

48. देवनागरी लिपि का विकास किस लिपि से हुआ है?
(A) मुरुमुखी (B) चित्रलिपि
(C) ब्राम्ही (D) खरोष्टी
उत्तर :- (C) ब्राम्ही लिपि से

49. दोहा मूलतः किस भाषा का छंद है?
(A) संस्कृत (B) प्राकृत
(C) अपभ्रंश (D) हिन्दी
उत्तर :- (C) अपभ्रंश

50. इनमें से किस बोली का बिहारी हिन्दी से संबंध नहीं है?
(A) मैथली (B) भोजपुरी
(C) अवधी (D) मगही
उत्तर :- (C) अवधी

- डॉ. राम मनोहर उपाध्याय
(लेखक, माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय, भोपाल (म.प्र.) के जनसंचार विभाग में अतिथि शिक्षक हैं)

दिव्यांगों के प्रति दृष्टिकोण बदलना है जरूरी

दिव्यांग व्यक्तियों में दृष्टिबाधित, श्रवणबाधित, मूक, अस्थि दिव्यांग और मानसिक रूप से दिव्यांग व्यक्ति शामिल हैं

दिव्यांग व्यक्तियों के अधिकारों की आवाज उठाने के लिये प्रसिद्ध नेत्रहीन गायक स्टिवी वण्डर ने एक बार कहा था कि 'आज प्यार को भी प्यार की ज़रूरत है।' उन्होंने दिव्यांग समुदाय को समर्थन तथा सहारा दिये जाने की दलील देते हुए कहा था कि उत्पीड़न के चक्र को तोड़ना बहुत महत्वपूर्ण है। कई साल पहले किये गए समानता के उन वादों को पूरा करने का यह एक आह्वान था। दुनिया भर में एक अरब से ज्यादा लोग विकलांगता (दिव्यांगता) और उससे जुड़े पूर्वाग्रहों का शिकार हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार दुनिया की लगभग 15 प्रतिशत आबादी किसी न किसी तरह की विकलांगता से पीड़ित है। ये कहना अनुचित नहीं होगा कि विकलांग लोग सबसे बड़ी वैश्विक अल्पसंख्यक आबादी बन गए हैं। ये आबादी निरन्तर भेदभाव के कारण शिक्षा, रोज़गार, स्वास्थ्य सेवा और अन्य अवसरों तक समान पहुँच से वंचित रहती है।

कोविड-19 महामारी का दिव्यांग वर्ग पर प्रभाव

संयुक्त राष्ट्र में दिव्यांग व्यक्तियों के समावेश के लिये वर्ष 2019 में एक रणनीति शुरू की थी, जिसका मकसद पूरे संगठन और उसके कार्यकलापों में परिवर्तनशील और दीर्घकालीन बदलाव लाना है। संयुक्त राष्ट्र (यूएन) प्रमुख एंतोनियो गुटेरेश ने मई 2020 में एक नीति-पत्र जारी किया था, जिसमें दिव्यांग व्यक्तियों पर कोविड-19 के प्रभाव की तरफ ध्यान दिलाया गया था। संयुक्त राष्ट्र महासचिव ने कहा है कि महामारी ने पहले से ही मौजूद असमानताओं को और गहरा बना दिया है, जिनका सामना दुनिया के लगभग एक अरब दिव्यांगों को करना पड़ता है। कोविड-19 महामारी का असर हाशिये पर धकेले हुए समुदायों पर सबसे ज़्यादा पड़ा है। दिव्यांग छात्रों के लिये डिजिटल मंचों के माध्यम से दूरस्थ शिक्षा प्राप्त करना बेहद कठिन हो रहा है। भारत में यूनेस्को की 2019 की शिक्षा रिपोर्ट (UNESCO's 2019 State of the Education Report of India) में यह स्वीकार किया गया है कि समावेशी शिक्षा लागू करना बेहद जटिल है और इसके लिये विभिन्न संदर्भों में बच्चों और उनके परिवारों की विविध आवश्यकताओं की एक अच्छी समझ की आवश्यकता है। भारत ने एक मज़बूत कानूनी ढांचा बनाने और स्कूलों में दिव्यांग बच्चों की नामांकन दर में सुधार करने वाले कार्यक्रम बढ़ाने के मामले में काफी प्रगति की है। यूनेस्को (UNESCO) ने विश्व स्तर पर ग्लोबल एक्शन ऑन डिसेबिलिटी (GLAD) नेटवर्क के साथ भागीदारी करके विकलांगों पर स्कूल बन्द होने के प्रभाव को कम करने के लिये रणनीति बनाने की आवश्यकता के बारे में जागरूकता फैलाई है। इसके अलावा उल्लेखनीय 'राष्ट्रीय शिक्षा नीति' 2020 जारी होने से भी अपार सम्भावनाएं खुलने का ऐतिहासिक अवसर प्राप्त होने की उम्मीद है। संगीत से जुड़े स्टीवी वण्डर और एण्ड्रिया बोसेली और भारत की पैरा-एथलीट दीपा मलिक ने काफी पहले ही समावेशन के मानदण्ड शामिल करने की शुरुआत कर दी है। सही निवेश के साथ भारत में दिव्यांग युवा भी देश की सबसे बड़ी सम्पदा हो सकते हैं। सभी स्तरों व क्षेत्रों में समावेश लाकर और विकलांग प्रतिभाओं को शामिल करके सभी संस्थाएं नवाचार के ज़रिये वैश्विक समस्याओं से निपट सकती हैं।

दिव्यांग बाधा नहीं अवसर हैं

विकलांगता यानी की दिव्यांगता को किसी बाधा की तरह नहीं, बल्कि समाज में नवाचार के अवसर के रूप में देखना चाहिये, जिससे आवश्यक कौशल और प्रतिभा का उपयोग हो सके। दिव्यांगों विशेष रूप से युवाओं को एक ऐसे वक्त की ज़रूरत है, जो उन्हें संयुक्त राष्ट्र के टिकाऊ विकास लक्ष्य हासिल करने में सक्रिय भागीदार बनाने के लिये सशक्त कर सके। दुनिया भर में 3 दिसंबर का दिन विश्व दिव्यांग (विकलांग या निःशक्तजन) दिवस के तौर पर मनाया जाता है। संयुक्त राष्ट्र द्वारा इस तारीख को इंटरनेशनल डे ऑफ पर्सन विद डिसएबिलिटी (IDPD) के तौर पर मान्यता दी गई है। इस दिन दिव्यांगों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने और उन्हें बराबरी का मौका देने के लिये प्रोत्साहित करने जैसे विषयों पर विचार-विमर्श होता है। साथ ही इस दिन विभिन्न कार्यक्रम,

(शेष अगले पृष्ठ पर)

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए

प्राचीन इतिहास

1. सतना स्थित 'भरहूत स्तूप' की खोज किसने की थी?
(अ) कनिंघम
(ब) जनरल रायलट
(स) डेजरफील्ड
(द) जेम्स एलेक्जेण्डर
उत्तर (अ) कनिंघम

2. किस स्तूप को 'धर्मराजिका स्तूप' माना जाता है?
(अ) अमरावती (ब) नागार्जुनी स्तूप
(स) साँची (द) सारनाथ
उत्तर (द) सारनाथ स्तूप

3. (1) यह यूनानी व रोमन कला से प्रभावित है?
(2) इस कला में गहरे नीले एवं काले पत्थरों का प्रयोग हुआ है?
(3) यह यथार्थवादी है ?
उपरोक्त तथ्यों में किस कला के बारे में जानकारी दी गयी है -
(अ) मथुरा कला
(ब) गांधार कला
(स) अमरावती कला
(द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर (ब) गांधार कला

4. विक्रमशिला विश्वविद्यालय की स्थापना किसने की थी?
(अ) धर्मपाल (ब) जगदल
(स) शीलभद्र (द) कुमारगुप्त
उत्तर (अ) धर्मपाल

5. मालवा, कायथा, नवदाटोली किस प्रकार के स्थल थे?
(अ) पुरापाषाण कालीन
(ब) मध्यपाषाण कालीन
(स) ताम्रपाषाण कालीन
(द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर (स) ताम्रपाषाण कालीन

6. संस्कृत भाषा व्याकरण की प्रथम रचना कौन-सी है?
(अ) पिंगल शास्त्र
(ब) अष्टाध्यायी
(स) अर्थशास्त्र
(द) गार्गी संहिता
उत्तर (ब) अष्टाध्यायी

7. 'नेचुरल हिस्ट्री' नामक पुस्तक किसके द्वारा लिखी गई?
(अ) टॉलेमी (ब) डाइमेकस
(स) टिसियस (द) प्लिनी
उत्तर (द) प्लिनी

8. 'कंग्युर' तथा 'तंग्यूर' नामक ग्रंथ की रचना किसने की थी?
(अ) मार्कोपोलो (ब) अलबरूनी
(स) तारानाथ (द) इत्सिंग
उत्तर (स) तारानाथ

9. 'न्याय दर्शन' का प्रतिपादन किसने किया था?
(अ) गौतम (ब) कपिल
(स) वादरायण (द) जैमिनी
उत्तर (अ) गौतम

10. 'शतुद्रि' किस नदी का प्राचीन नाम है?
(अ) रावी (ब) व्यास
(स) स्वात् (द) सतलज
उत्तर (द) सतलज

11. एलोरा के प्रसिद्ध कैलाश मंदिरों का निर्माण किन शासकों ने करवाया था?
(अ) राष्ट्रकूट (ब) सातवाहन
(स) कुषाण (द) चोल
उत्तर (अ) राष्ट्रकूट

12. 'लिंगायत संप्रदाय' किस धर्म का भाग है?
(अ) शैव (ब) वैष्णव
(स) बौद्ध (द) जैन
उत्तर (अ) शैव

13. बौद्ध धर्म में 'धर्मचक्रप्रवर्तन' किस घटना को कहा गया है?
(अ) बुद्ध का गृह त्याग
(ब) बुद्ध के प्रथम उपदेश
(स) बुद्ध के जन्म
(द) बुद्ध की मृत्यु
उत्तर (ब) बुद्ध के प्रथम उपदेश

14. बुद्ध ने अपना प्रथम उपदेश कहां दिया था?
(अ) श्रावस्ती (ब) गया
(स) सारनाथ (द) साँची
उत्तर (स) सारनाथ

15. बुद्ध के द्वारा जन साधारण को उपदेश किस भाषा में दिए गए थे?
(अ) प्राकृत (ब) पालि
(स) हिंदी (द) संस्कृत
उत्तर (ब) पालि

16. कृष्ण का उल्लेख सर्वप्रथम किस उपनिषद् में मिला?
(अ) वृहदारण्यक (ब) मल्ल
(स) छांदोग्य (द) श्वेताम्बर
उत्तर (स) छांदोग्य

17. 'तवांग मठ' कहाँ स्थित है?
(अ) बोधगया
(ब) अरुणाचल प्रदेश
(स) लद्दाख
(द) मैसूर
उत्तर (ब) अरुणाचल प्रदेश

18. श्रौतसूत्र, गृह्य सूत्र, धर्मसूत्र एवं शुल्वसूत्र किस वेदांग के प्रकार हैं?
(अ) शिक्षा (ब) व्याकरण
(स) निरुक्त (द) कल्प
उत्तर (द) कल्प

19. सर्वाधिक प्राचीन स्मृति कौन-सी मानी जाती है?
(अ) याज्ञवल्क्य
(ब) विष्णु
(स) मनु
(द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर (स) मनुस्मृति

20. तृतीय बौद्ध संगीति किसकी अध्यक्षता में संपन्न हुई?
(अ) सावकमीर
(ब) मोगलिपुत्त तिस्स
(स) वलुमित्र
(द) महाकल्लप
उत्तर (ब) मोगलिपुत्त तिस्स

21. 'विशुद्ध मग्ग' के रचनाकार कौन हैं?
(अ) बुद्धघोष (ब) बुद्धदत्त
(स) धर्मकीर्ति (द) दिंगनाग
उत्तर (अ) बुद्धघोष

22. बुद्ध के जीवन से संबंधित घटना में 'घोड़ा' किसका प्रतीक है?
(अ) बुद्ध के गर्भ में आने का
(ब) यौवन
(स) समृद्धि
(द) गृह त्याग
उत्तर (द) गृह त्याग

23. बोधिसत्व की अवधारणा के अनुसार 'पापों एवं दुष्टों' के विनाशक बुद्ध का क्या नाम है?
(अ) मैत्रेय
(ब) अवलोकितेश्वर
(स) वज्रपाणि
(द) क्षितिगर्भ
उत्तर (स) वज्रपाणि

24. 23वें जैन तीर्थंकर 'पार्श्वनाथ' ने अपना शरीर कहाँ पर त्यागा था?
(अ) पावापुरी (ब) सम्मेद शिखर
(स) माउंट आबू (द) सोनागिरी
उत्तर (ब) सम्मेद शिखर

25. जैन धर्म में सत्कर्म के लिए कितने पापों से मुक्त होना बताया गया है?
(अ) 20 (ब) 22
(स) 21 (द) 18
उत्तर (द) 18

26. 'हरिवंशपुराण' की रचना किसने की?
(अ) मद्रबाहु (ब) हेमचंद्र
(स) जिनसेन (द) अमोघवर्ष
उत्तर (स) जिनसेन

27. उत्तर वैदिक काल में 'निष्क' और 'शतमान' किसकी इकाईयाँ थीं?
(अ) माप (ब) तौल
(स) मुद्रा (द) भूमि
उत्तर (स) मुद्रा

28. 16 महाजनपदों में से एक 'वत्स' महाजनपद की राजधानी क्या थी?
(अ) इन्द्रप्रस्थ (ब) मथुरा
(स) श्रावस्ती (द) कौशाम्बी
उत्तर (द) कौशाम्बी

29. हर्यक वंश का अंतिम शासक कौन था?
(अ) उदयिन (ब) नागदशक
(स) शिशुनाग (द) अजातशत्रु
उत्तर (ब) नागदशक

30. 'पशुबलि की निंदा' अशोक के किस शिलालेख में की गई है?
(अ) प्रथम (ब) द्वितीय
(स) पंचम (द) सप्तम
उत्तर (अ) प्रथम

31. किस अभिलेख को 'रानी का अभिलेख' कहा जाता है?
(अ) रामपुरवा
(ब) रूम्मिन देई
(स) शर-ए-कुना
(द) कौशांवी
उत्तर (द) कौशांवी

32. कण्व वंश की स्थापना किसने की थी?
(अ) देवभूति (ब) सुशर्मा
(स) श्रीगुप्त (द) वासुदेव
उत्तर (द) वासुदेव

33. धनवंतरी किसके दरबार में रहता था?
(अ) श्रीगुप्त (ब) चंद्रगुप्त - II
(स) स्कंध गुप्त (द) कुमार गुप्त
उत्तर (ब) चंद्रगुप्त - II

34. 'सामवेद' के पाठकर्ता को क्या कहते हैं?
(अ) होतृ
(ब) उद्गातृ
(स) अध्वर्यु
(द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर (ब) उद्गातृ

35. 'पल्लव वंश' का संस्थापक कौन था?
(अ) महेंद्र वर्मन (ब) नरसिंह वर्मन
(स) सिंह विष्णु (द) नंदि वर्मन
उत्तर (स) सिंह विष्णु

36. 'एहोल अभिलेख' का संबंध किससे है?
(अ) पुलकेशिन - I
(ब) कीर्तिवर्मन
(स) यशोवर्मन
(द) पुलकेशिन - II
उत्तर (द) पुलकेशिन - II

37. 'होयसल वंश' की स्थापना किसने की थी?
(अ) वीर वल्लाल
(ब) विष्णुवर्धन
(स) भिल्लम
(द) रामचंद्र
उत्तर (ब) विष्णुवर्धन

38. चित्तौड़ में त्रिभुवन नारायण मंदिर का निर्माण किस शासक ने करवाया था?
(अ) धंगदेव
(ब) कीर्तिवर्मन
(स) उपेंद्र कृष्ण राज
(द) राजा भोज
उत्तर (द) राजा भोज

39. सोलंकी वंश की स्थापना किसने की थी?
(अ) कुमारपाल (ब) मूलराज प्रथम
(स) कर्ण - I (द) भीम प्रथम
उत्तर (ब) मूलराज प्रथम

40. 'प्रबंध चिंतामणि' के लेखक कौन हैं?
(अ) श्री हर्ष (ब) राजा भोज
(स) कृष्ण-मिश्र (द) मेरुतुंग
उत्तर (द) मेरुतुंग

41. गाथा सप्तशती की रचना किसने की?
(अ) हाल (ब) शातकर्णी
(स) वसुमित्र (द) अश्वघोष
उत्तर (अ) हाल

42. किन अभिलेखों में अशोक का नाम अशोक मिलता है?
(अ) मास्की एवं गुर्जरा
(ब) कौशांवी
(स) शार-ए-कुना
(द) रूम्मिन देई
उत्तर (अ) मास्की एवं गुर्जरा

43. शिशुनाग वंश का अंतिम शासक कौन था?
(अ) कालाशोक (ब) शिशुनाग
(स) घनानंद (द) नंदिवर्धन
उत्तर (द) नंदिवर्धन

44. आजीवक संप्रदाय की स्थापना किसने की थी?
(अ) पूरन कश्यप
(ब) संजय बेट्ठलिपुत्त
(स) मक्खलि गोशाल
(द) आचार्य अजित
उत्तर (स) मक्खलि गोशाल

45. हड़प्पाकालीन स्थल लोथल किस राज्य में स्थित है?
(अ) राजस्थान (ब) उ.प्र.
(स) हरियाणा (द) गुजरात
उत्तर (द) गुजरात

46. कांदरिया महादेव मंदिर किस प्रकार की निर्माण की शैली का उदाहरण है?
(अ) पंचायतन (ब) द्रविड़
(स) नागर (द) वेसर
उत्तर (अ) पंचायतन

47. सर्वाधिक प्राचीन पुराण कौन-सा है?
(अ) वायु पुराण (ब) विष्णु पुराण
(स) ब्राह्मण (द) मत्स्य पुराण
उत्तर (द) मत्स्य पुराण

- आशीष कुमार श्रीवास
(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी विषय पर लेखन करते हैं।)

(पिछले पृष्ठ का शेष)

गतिविधियां और सम्मान समारोह भी आयोजित किए जाते हैं। संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय न्यूयॉर्क में हर साल इस दिवस के मुख्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। जिसमें दुनियाभर के दिव्यांग वर्ग के लोगों के हित में विशेषज्ञ और प्रतिष्ठित लोगों द्वारा चर्चा-परिचर्चा की जाती है। वर्ष 1983 से 1992 तक संयुक्त राष्ट्र द्वारा दिव्यांग लोगों के लिये समर्पित दशक मनाया गया था। वार्षिक तौर पर इस दिवस का आयोजन वर्ष 1992 में संयुक्त राष्ट्र जनरल असेम्बली द्वारा पारित निर्णय से प्रारंभ हुआ था। संयुक्त राष्ट्र द्वारा अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय और क्षेत्रीय स्तर पर दिव्यांगजनों के लिये पुनरुद्धार, रोकथाम, प्रचार और बराबरी के मौकों पर जोर देने के लिये योजना बनायी जाती है। समाज में उनकी बराबरी के विकास के लिये दिव्यांग व्यक्तियों के अधिकारों के बारे में लोगों को जागरुक करने के लिये, सामान्य नागरिकों की तरह ही उनके सेहत पर भी ध्यान देने के लिये और उनकी सामाजिक-आर्थिक स्थिति को सुधारने के लिये काम किया गया है। वर्ष 2018 दिसंबर में पहली बार विकलांगता और विकास के विषय पर यूएन रिपोर्ट को जारी किया गया था। इसके ज़रिए तीन मुख्य चुनौतियों को रेखांकित किया गया जिसमें पहली चुनौती ग़रीबी का असंगत स्तर, दूसरी शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं, रोज़गार तक पहुंच न होना और तीसरी निर्णय लेने की प्रक्रिया और राजनीति में हिस्सेदारी न होना था। आज हमारे समाज में दिव्यांगों को हेय दृष्टि से देखा जाता है, लेकिन हमें और हमारे आसपास के लोगों को इस वर्ग के प्रति दृष्टिकोण बदलने की अवश्यकता है।

अन्य महत्वपूर्ण जानकारी

- हर वर्ष संयुक्त राष्ट्र द्वारा इस दिवस के लिये विशेष थीम तय की जाती है। इस वर्ष की थीम "Building Back Better : toward a disability-inclusive, accessible and sustainable post COVID-19 World" निर्धारित की गई है।
- जनगणना 2011 के अनुसार देश में 2.68 करोड़ लोग दिव्यांगता की श्रेणी में आते हैं। इन आंकड़ों के अनुसार देश की आवादी के करीब 2 से 3 (2.21) फीसदी लोग दिव्यांग हैं।
- दुनिया की कुल जनसंख्या लगभग 7 विलियन है। इनमें से एक विलियन लोग दिव्यांग हैं। इस तरह दुनिया में हर 7 में से एक व्यक्ति दिव्यांग है।
- दुनिया के लगभग 15 फीसदी लोग दिव्यांगता की श्रेणी में आते हैं।
- 100 विलियन से ज्यादा बच्चे दुनिया भर में दिव्यांगता की श्रेणी में हैं।
- सामान्य बच्चों की तुलना में दिव्यांग बच्चों में हिंसा की आशंका 4 गुना ज्यादा रहती है।
- 80 फीसदी दिव्यांग लोग विकासशील देशों यानी डेवलपिंग कंट्रीज में रहते हैं।
- कुल दिव्यांग लोगों में से 50 फीसदी लोग अपने स्वास्थ्य का खर्च उठाने में असमर्थ हैं।

देश में दिव्यांगजनों के सशक्तीकरण के लिये बनाया गया विभाग

सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के तहत दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग की स्थापना मई 2012 में की गई थी, इसका उद्देश्य दिव्यांगजनों के सशक्तीकरण और समावेशन की सुविधा और सभी विकास एजेंडों की देखभाल के लिए एक नोडल एजेंसी के रूप में कार्य करना है। इस विभाग के गठन के पीछे की सोच कुछ इस तरह है : एक समावेशी समाज का निर्माण करना जिसमें दिव्यांगों के विकास और विकास के लिए समान अवसर प्रदान किए जाते हैं ताकि वे उत्पादक, सुरक्षित और सम्मानजनक जीवन जी सकें। वहीं इसका मिशन है दिव्यांगजनों को विभिन्न अधिनियमों, संस्थानों, संगठनों और योजनाओं के माध्यम से सशक्त बनाने, उनके पुनर्वास के लिए और एक सक्षम वातावरण बनाने के लिए जो ऐसे व्यक्तियों को समान अवसर और उनके अधिकारों की सुरक्षा प्रदान करता है और उन्हें समाज में स्वतंत्र और उत्पादक सदस्यों के रूप में भाग लेने में सक्षम बनाता है। अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस पर मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय दिव्यांगजन सशक्तिकरण पुरस्कार प्रदान किए जाते हैं। वर्ष 2019 में दिव्यांगजन सशक्तीकरण के लिए 14 श्रेणियों के तहत राष्ट्रीय पुरस्कार दिए गए थे। सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के साथ दिव्यांग व्यक्तियों के विभाग (दिव्यांगजन) ने 25 जुलाई, 2020 को एक विज्ञापन जारी किया था, जिसमें राष्ट्रीय पुरस्कार, 2020 के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए थे। इस पुरस्कार की राष्ट्रीय चयन समिति की बैठक 01 दिसंबर 2020 को आयोजित होने वाली थी, लेकिन कोविड-19 महामारी की मौजूदा स्थिति के कारण यह बैठक स्थगित कर दी गई।

(शेष अगले पृष्ठ पर)

प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए महत्वपूर्ण प्रश्न

तर्कशक्ति

प्रश्न (1-5) निम्नलिखित पहेली को पढ़कर पूछे गये प्रश्नों के उत्तर दीजिये-

आठ विभिन्न रंगों अर्थात लाल, पीला, हरा, नीला, बैंगनी, गुलाबी, भूरा और सफेद रंग के आठ घोड़े सड़क के दोनों किनारों पर बंधे हैं। सड़क की प्रत्येक ओर चार घोड़े बंधे हैं। प्रत्येक घोड़े का मुख सड़क की दूसरी ओर बंधे घोड़े की ओर है। गुलाबी रंग का घोड़ा, भूरे रंग के घोड़े के विकर्णन विपरीत है और ये दोनों घोड़े छोरों पर बंधे हैं। लाल रंग का घोड़ा, पीले रंग के घोड़े के विपरीत है तथा जिस ओर हरे रंग का घोड़ा बंधा है उसी ओर बंधा हुआ है। बैंगनी रंग का घोड़ा सफेद रंग के घोड़े के विपरीत है लेकिन नीले रंग के घोड़े की समान ओर नहीं है। नीले और भूरे रंग के घोड़े सड़क के एक ही ओर हैं।

प्रश्नों के उत्तर दीजिये -

प्र. 1. नीले और भूरे रंग के घोड़े के बीच कितने घोड़े हैं?
(a) 0 (b) 1
(c) 2 (d) 3

प्र. 2. निम्न में से कौन-सा युग्म विकर्णन विपरीत है?
(a) गुलाबी और बैंगनी
(b) नीला और हरा
(c) पीला और हरा
(d) लाल और हरा

प्र. 3. कौन-से घोड़े एक ही ओर बंधे हैं?
(a) गुलाबी, भूरा
(b) नीला, हरा
(c) पीला, हरा
(d) लाल, हरा

प्र. 4. कौन-सा घोड़ा भूरे रंग के विपरीत बंधा है?
(a) लाल (b) गुलाबी
(c) हरा (d) नीला

प्र. 5. कौन-सा घोड़ा नीले घोड़े के विपरीत बंधा है?
(a) लाल (b) गुलाबी
(c) हरा (d) भूरा

उत्तर (1-5)
(1) (c) 2
(2) (b) नीला और हरा
(3) (d) लाल और हरा
(4) (c) हरा
(5) (b) गुलाबी

व्याख्या (1-5) प्रश्नानुसार

गुलाबी	बैंगनी/लाल	लाल/बैंगनी	हरा
नीला	सफेद/पीला	पीला/सफेद	भूरा

प्रश्न (6-10) निम्नलिखित पहेली के आधार पर प्रश्नों के उत्तर दीजिये -

आठ व्यक्ति आदित्य, चारू, शीतल, प्रिया, अमित, प्रेरणा, स्नेहा, स्वरा एक इमारत की विभिन्न मंजिलों पर रहते हैं। सबसे नीचे की मंजिल पहली है। हर एक के पास एक भिन्न ब्रैंड की गाड़ी है - ऑडी, स्कॉर्पियो, वैगन-आर, सैन्ट्रो, फॉक्सवैगन, एसयूवी, टोयोटा, चेवी।

सैन्ट्रो गाड़ी का मालिक वैगन-आर और फॉक्सवैगन गाड़ी के मालिक के मध्य रहता है, उनमें से कोई भी स्वरा नहीं है। एसयूवी गाड़ी का मालिक ऑडी के मालिक के ठीक नीचे रहता है। प्रिया के पास टोयोटा है और न तो वह ऊपरी मंजिल और न पहली मंजिल पर रहती है। अमित के पास एसयूवी गाड़ी है। आदित्य, अमित के ठीक ऊपर रहता है। प्रेरणा जो स्कॉर्पियो की मालिक नहीं है, वह दूसरी मंजिल पर रहती है। प्रेरणा, फॉक्सवैगन गाड़ी के मालिक के ठीक नीचे है। आदित्य, प्रिया के ऊपर कहीं रहता है। शीतल, टोयोटा और चेवी के मालिकों के निकटतम नहीं रहती है। चारू, सैन्ट्रो के मालिक के ठीक नीचे रहती है, लेकिन सबसे नीचे वाली मंजिल पर नहीं रहती है।

प्रश्नों के उत्तर दीजिये -

प्र. 6. स्कॉर्पियो गाड़ी का मालिक कौन है?
(a) आदित्य
(b) स्वरा
(c) शीतल
(d) अमित

प्र. 7. टोयोटा और सैन्ट्रो के मालिक के मध्य कौन है?
(a) प्रेरणा (b) चारू
(c) स्नेहा (d) प्रिया

प्र. 8. आठवीं मंजिल पर कौन रहता है?
(a) आदित्य (b) अमित
(c) चारू (d) स्वरा

प्र. 9. शीतल किस मंजिल पर रहती है?
(a) चौथी (b) दूसरी
(c) पहली (d) सातवीं

प्र. 10. अमित के पास कौन-सी गाड़ी है?
(a) सैन्ट्रो (b) एसयूवी
(c) ऑडी (d) टोयोटा

उत्तर (6-10)
(6) (b) स्वरा
(7) (c) स्नेहा
(8) (a) आदित्य
(9) (a) चौथी
(10) (b) एसयूवी

व्याख्या (6-10) प्रश्नानुसार
8 → आदित्य → ऑडी
7 → अमित → एसयूवी
6 → प्रिया → टोयोटा
5 → स्नेहा → वैगन-आर
4 → शीतल → सैन्ट्रो
3 → चारू → फॉक्सवैगन
2 → प्रेरणा → चेवी
1 → स्वरा → स्कॉर्पियो

प्र. 11. अभिव्यक्ति $F \geq U$ और $T > B$ को सही बनाने के लिये दी गई अभिव्यक्ति में रिक्त स्थान पर निम्न में से कौन-से प्रतीक आने चाहिये?

$F \geq J \geq S = X =$
$B....U \leq X....T$

(a) =, <
(b) >, <
(c) >, ≤
(d) ≤, =

उत्तर (11) (a) =, <

प्र. 12. $L \leq I$ और $N > K$ को सही बनाने के लिये दी गई अभिव्यक्ति में रिक्त स्थान पर क्या आना चाहिये?

$I > J = K....L \leq M < N$

(a) ≥
(b) >
(c) ≤
(d) यह नहीं हो सकते

उत्तर (12) (d)

प्र. 13. कथन -

$O = M < T \leq A \leq$
$B < C \leq J = I$

निष्कर्ष -
(a) $B < I$
(b) $J > T$

उत्तर (13) दोनों निष्कर्ष सत्य हैं।

व्याख्या (13) प्रश्नानुसार
(a) $B < I$ (✓)
(b) $J > T$ (✓)

प्र. 14. कथन -

$I > J \geq K > L \leq M < N$

निष्कर्ष -
(a) $L \leq I$
(b) $N > K$

उत्तर (14) दोनों निष्कर्ष असत्य हैं।

व्याख्या (14)
(a) $L \leq I$ (×)
(b) $N > K$ (×)

प्र. 15. कथन -

$F \geq J \geq S = X = B \geq U \leq X$

निष्कर्ष -
(a) $F > U$
(b) $F \geq B$

उत्तर (15) केवल (b) सत्य है।

व्याख्या (15)
(a) $F > U$ (×)
(b) $F \geq B$ (✓)

प्रश्न (16-20)

कुछ व्यक्ति एक रैखिक पंक्ति में बैठे हैं और उनका मुख उत्तर दिशा में है। A, B के दायें तीसरे स्थान पर है, जो पंक्ति के अंतिम छोर पर बैठा है। A और C के बीच एक व्यक्ति है। A और E के बीच में सात से अधिक व्यक्ति बैठे हैं। C और K, जो B का पड़ोसी नहीं है, के बीच तीन व्यक्ति बैठे हैं। A के बायें बैठने वाले व्यक्तियों की संख्या K और H के बीच में बैठे व्यक्तियों के समान है। C और A के बीच बैठे व्यक्तियों की संख्या I और E के बीच बैठे व्यक्तियों की संख्या से एक कम है। I, H के ठीक बायें बैठा है। J, E के दायें दूसरे स्थान पर बैठा है और अंतिम छोर पर है।

प्रश्नों के उत्तर दीजिये -

प्र. 16. पंक्ति में कितने व्यक्ति हैं?
(a) 19 (b) 16
(c) 17 (d) 18

प्र. 17. K के संदर्भ में H का क्या स्थान है?
(a) दायें से चौथा
(b) दायें से तीसरा
(c) दायें से पांचवां
(d) दायें से छठा

प्र. 18. K और J के ठीक बीच में कौन बैठा है?
(a) I (b) C
(c) H (d) E

प्र. 19. J के दायें कितने लोग हैं?
(a) 7 (b) 8
(c) 2 (d) 0

प्र. 20. A और C के बीच कितने व्यक्ति हैं?
(a) 0 (b) 1
(c) 2 (d) 7

उत्तर (16-20)
(16) (d) 18
(17) (a) दायें से चौथा
(18) (c) H
(19) (d) 0
(20) (b) 1

व्याख्या (16-20) प्रश्नानुसार,



प्रश्न (21-25) निम्नलिखित पहेली के आधार पर प्रश्नों के उत्तर दीजिये -

M, N, O, P, Q, R और S एक सात मंजिला इमारत में रहते हैं। सबसे नीचे वाली मंजिल-1 है। इनमें चार पुरुष और तीन महिलायें हैं। S मंजिल-2 पर रहता है। N के ऊपर कोई महिला नहीं रहती। S और N महिलायें हैं। P एक विषम संख्या वाली मंजिल पर रहता है पर वह न तो सबसे ऊपर न ही सबसे नीचे किसी मंजिल पर रहता है। Q सबसे ऊपर रहता है। कोई भी महिला सबसे ऊपर या सबसे नीचे नहीं रहती। R, O के ठीक नीचे रहते हैं। O एक महिला है। कोई भी दो पुरुष या दो महिला एक दूसरे के ठीक ऊपर या नीचे नहीं रहते हैं।

प्र. 21. मंजिल-5 पर कौन रहता है?
(a) M (b) S
(c) P (d) R

प्र. 22. निम्न में से एक अलग कौन है?
(a) Q (b) N
(c) P (d) M

प्र. 23. N और S के बीच कौन रहता है?
(a) M (b) Q
(c) R (d) O

प्र. 24. M किस मंजिल पर रहता है?
(a) 1 (b) 2
(c) 4 (d) 7

प्र. 25. R के ठीक नीचे कौन रहता है?
(a) M (b) O
(c) S (d) P

उत्तर (21-25)
(21) (c) P
(22) (b) N
(23) (d) O
(24) (a) 1
(25) (c) S

व्याख्या (21-25) प्रश्नानुसार,
7 → Q^+
6 → N^-
5 → P^+
4 → O^-
3 → R^+
2 → S^-
1 → M^+

- ऋचा दुबे
(लेखिका, बैंकिंग परीक्षाओं की तैयारी विषयों पर लिखती हैं)

(पिछले पृष्ठ का शेष)

कोविड की स्थिति में सुधार होने के बाद राष्ट्रीय चयन समिति की बैठक आयोजित कर इस प्रक्रिया को पूरा किया जायेगा।

हमारे देश में सुगम्य भारत अभियान (एआईसी) 3 दिसंबर, 2015 को लॉन्च किया गया था। यह अभियान दिव्यांग व्यक्तियों के लिए सार्वभौमिक पहुंच प्रदान करने के लिए सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा शुरू किया गया एक देशव्यापी अभियान है। इस अभियान का उद्देश्य विकलांग व्यक्तियों को जीवन के सभी क्षेत्रों में भागीदारी करने के लिए समान अवसर एवं आत्मनिर्भर जीवन प्रदान करना है। सुगम्य भारत अभियान सुगम्य भौतिक वातावरण, परिवहन, सूचना एवं संचार पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करने पर केन्द्रित है। सुगम्य भारत अभियान मोबाइल एप बनाया गया है। इस मोबाइल एप के माध्यम से कोई भी व्यक्ति जो सरकार को किसी अगम्य सार्वजनिक स्थान जैसे स्कूल, अस्पताल, सरकारी दफ्तर आदि के बारे में सूचित करना चाहता है, उसकी तस्वीर या वीडियो लेकर सुगम्य भारत पोर्टल पर अपलोड कर सकता है। पोर्टल उस इमारत को पूरी तरह से सुगम्य बनाने के लिए सुगम्यता जांच, वित्तीय स्वीकृति और आवश्यक बदलाव करने के लिए अनुरोध पर कार्रवाई करेगा। मोबाइल एप्लिकेशन और पोर्टल सुगम्यता अभियान में बड़ी कंपनियों और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों की भागीदारी चाहता है जो सुगम्यता जांच का संचालन करने, इमारतों/परिवहन और वेबसाइटों के सुगम्यता रूपांतरण में मदद कर सकें।

दिव्यांग के लिये कानून

संयुक्त राष्ट्र संधि और उसके आनुषांगिक विषयों को प्रभावी बनाने वाला निःशक्त व्यक्ति अधिकार विधेयक 2014 काफी व्यापक है। भारत में निःशक्तजनों से भेदभाव किए जाने पर दो साल तक की कैद और अधिकतम पांच लाख रुपये के जुर्माने का प्रावधान है। दिव्यांगों की श्रेणी में तेजाव हमले के पीड़ितों को भी शामिल किया गया है। निःशक्त व्यक्तियों के अधिकारों पर और इसके तहत दिव्यांगों की श्रेणियों को सात से बढ़ाकर 21 कर दिया गया है। इन 21 श्रेणी में तेजाव हमले के पीड़ितों और पार्किंसन के रोगियों को भी शामिल किया गया है।

- सरकारी नौकरियों में दिव्यांगजनों के लिए आरक्षण 3 प्रतिशत से बढ़ाकर 4 प्रतिशत कर दिया गया है।
- 180 देशों ने संयुक्त राष्ट्र के उस कन्वेंशन को स्वीकारा है, जिसमें दिव्यांगजनों के अधिकार की बात कही गई है।
- एसडीजी यानी सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल या सतत विकास लक्ष्यों में कई लक्ष्य ऐसे हैं जो दिव्यांगों के संदर्भ में हैं।

- रश्मि रंजन
(लेखिका समसामयिक मुद्दों पर लेखन करती हैं।)

दो गज की दूरी, मास्क है जरूरी।

आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश अन्तर्गत 800 नयी दुग्ध सहकारी समितियां गठित

भोपाल, सहकारिता एवं लोक सेवा प्रबंधन मंत्री डॉ. अरविन्द सिंह भदौरिया ने बताया कि आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश अन्तर्गत प्रदेश में 800 नवीन दुग्ध सहकारी समितियों का गठन किया जा रहा है। इससे प्रदेश के 40 हजार दुग्ध उत्पादकों को लाभ होगा। दुग्ध संघों द्वारा इन किसानों से एक लाख 20 हजार लीटर दुग्ध क्रय किया जा सकेगा।

डॉ. भदौरिया ने बताया कि दुग्ध सहकारी समितियों से संबंधित प्रदेश के 2 लाख 68 हजार दुग्ध उत्पादकों के किसान क्रेडिट कार्ड बनाये जा रहे हैं। इसके अन्तर्गत पशुपालकों को पशुपालन के लिए 1 लाख 60 हजार रुपये से 3 लाख रुपये तक का ऋण प्राप्त हो सकेगा। उन्होंने बताया कि इस योजना के अन्तर्गत भूमिहीन पशुपालक भी ऋण प्राप्त करने के लिये पात्र हैं। डॉ. भदौरिया ने बताया कि जिला सहकारी केंद्रीय बैंकों द्वारा दुग्ध उत्पादक समितियों के सदस्यों एवं अन्य पशुपालकों को उनकी क्रेडिट की महती आवश्यकता को देखते हुए क्रेडिट कार्ड उपलब्ध कराये जाने का अभियान प्रारंभ किया गया है। अभी तक सहकारी बैंकों द्वारा 6,300 से अधिक पशुपालक कृषकों को 18 करोड़ 86 लाख रुपये की साख में सीमा केसीसी स्वीकृत किये जा चुके हैं। उक्त स्वीकृत प्रकरणों में से 3,040 कृषकों को 8 करोड़ 39 लाख रुपये का ऋण वितरण भी किया जा चुका है।

डॉ. भदौरिया ने यह भी बताया कि जिला सहकारी बैंकों द्वारा मत्स्य पालकों को भी क्रेडिट कार्ड जारी किये जाने का अभियान प्रारंभ किया गया है, जिससे मछुआरों को क्रेडिट की आवश्यकता को पूरा किया जा सके। अभी तक लगभग 662 मत्स्य पालकों को कृषकों को 54 लाख 50 हजार रुपये के क्रेडिट कार्ड जारी किये जा चुके हैं, जबकि 378 कृषकों को 20 लाख 53 हजार रुपये का ऋण वितरण भी किया जा चुका है।

OBJECTIVE QUESTIONS FOR COMPETITIVE EXAMINATION

Subject : GENERAL ENGLISH

Fill in the blanks with suitable articles. (Question Nos. 1 to 5)

1. There is ..... girl on the road.
(a) an (b) the
(c) a (d) no article

2. Samuel has bought ..... packet of cookies.
(a) an (b) a
(c) the (d) no article

3. This hotel serves ..... food to needy people at low cost.
(a) an (b) the
(c) a (d) no article

4. Raju is reading ..... journal of social issues.
(a) an (b) the
(c) no article (d) a

5. Seeta waited ..... hour in the market for her mother.
(a) a (b) an
(c) the (d) no article

Fill in the blank spaces with suitable prepositions. (Question Nos. 6 to 12)

6. This bungalow belongs ..... Rajkumar.
(a) in (b) with
(c) to (d) on

7. He will attend the programme ..... time.
(a) at (b) on
(c) by (d) in

8. The tobacco shop is ..... the end of this lane.
(a) of (b) from
(c) at (d) in

9. They are wandering ..... the garden now.
(a) at (b) of
(c) in (d) to

10. There are only Rs. 500 notes ..... my wallet.
(a) about (b) on
(c) in (d) into

11. Sanjay goes to his office ..... foot.
(a) from (b) by
(c) to (d) on

12. The secret of the story is disclosed ..... the page no. 35.
(a) of (b) by
(c) in (d) on

Fill in the blanks with suitable form of the verb. (Question Nos. 13 to 18)

13. Suicide ..... the sign of cowardice.
(a) was (b) had
(c) is (d) has been

14. Fortune ..... the brave.
(a) has favoured
(b) favouring
(c) Favours
(d) had favoured

15. Now the government ..... to distribute vaccine in all corners of the country.
(a) Plans
(b) planned
(c) has planned
(d) is planning

16. My mother ..... food when I reached home last night.
(a) cooked
(b) has cooked
(c) was being cooking
(d) was cooking

17. I ..... my uncle in Pune two years ago.
(a) meet
(b) met
(c) have met
(d) is meeting

18. Sharda ..... her hometown in next Deewali vacation.
(a) will be visit
(b) will visit
(c) visited
(d) will being visited

Change the Voice. (Question Nos. 19 to 25)

19. Narrate the story.
(a) You narrate the story.
(b) You must narrate the story.
(c) Let the story be narrated.
(d) You are requested to narrate the story.

20. Two patients were vaccinated by the new doctor.
(a) The new doctor vaccines the two patients.
(b) The new doctor was vaccinated by two patients.
(c) The new doctor vaccinated two patients.
(d) Vaccination on two patients was done by the new doctor.

21. A new laptop is purchased by Ramnaresh.
(a) Is Ramnaresh purchased a new laptop?
(b) Ramnaresh purchases a new laptop.
(c) Ramnaresh is purchased a new laptop.
(d) A new laptop purchases Ramnaresh.

22. He does it nicely.
(a) Nicely done it is.
(b) It is done by him nicely.
(c) It did nicely by him.
(d) Nicely it was did.

23. Her brother has adopted a child.
(a) A child has adopted by her brother.
(b) A child has been adopted by her brother.
(c) Her brother has been adopted by a child.
(d) A child was being adopted by her brother.

24. Sameer offered the beggar a job.
(a) The beggar offered a job by Sameer.
(b) A job is offered by Sameer to the beggar.
(c) The beggar was offered a job by Sameer.
(d) A job was offered by the beggar.

25. Hari cheated the customers in price.
(a) The customers in price cheat by Hari.
(b) In price, the customers were cheated to Hari.
(c) The price was cheated to customers by Hari.
(d) The customers were cheated in price by Hari.

Do as directed. (Question Nos. 26 to 30)

26. Dr. Naren always attended the poor patients.
(Make it negative without changing the meaning)
(a) Dr. Naren always neglected the poor patients.
(b) Dr. Naren never neglected the poor patients.
(c) Dr. Naren neglected the poor patients.
(d) Dr. Naren was helpful and careful to the poor patients.

27. I hate gambling. (Make it negative without changing the meaning)
(a) I like gambling most.
(b) I don't like gambling.
(c) I dislike gambling.
(d) I don't hate gambling.

28. It is a very delicate gift. (Make it exclamatory)
(a) Wow! This is very much delicate gift.
(b) How delicate gift it is!
(c) What a delicate gift it is!
(d) Is is a very delicate gift.

29. She was very cheerful lady. (Make it exclamatory)
(a) She is extremely cheerful lady.
(b) What a cheerful lady she was!
(c) How cheerful lady she was!
(d) How is she cheerful lady!

30. Is this an expensive pen? (Make it assertive)
(a) This is an expensive pen.
(b) How expensive pen this is!
(c) This is not an expensive pen.
(d) Is this not an expensive pen.

Choose the word opposite to the meaning of the given word. (Question Nos. 31 to 35)

31. Caged
(a) Confined
(b) Forsake
(c) Free
(d) Enslaved

32. Analogous
(a) Similar
(b) Dissimilar
(c) Matching
(d) Same

33. Shallow
(a) Low (b) Deep
(c) Thin (d) Petty

34. Diligent
(a) Assiduous
(b) Upbeat
(c) Hardworking
(d) Lazy

35. Vanish
(a) Disappear
(b) Appear
(c) Evaporate
(d) Fade

Synonym (Question Nos. 36 to 40)

36. Didactic
(a) Moralistic
(b) Immoral
(c) Depraved
(d) Corrupt

37. Baffle
(a) Terse (b) Soothe
(c) Perplex (d) Solvent

38. Gape
(a) Regard (b) Separate
(c) Connect (d) Fix

39. Ardent
(a) Disloyal (b) Fickle
(c) Devoted (d) Picky

40. Worth
(a) Devalue
(b) Diminish
(c) Cheap
(d) Value

One word substitutions. (Question Nos. 41 to 45)

41. A state, society or group governed by old people.
(a) Neocracy
(b) Kakistocracy
(c) Democracy
(d) Gerontocracy

42. A large bedroom for a number of people in lodge/guest house.
(a) Cloakroom
(b) Dormitory
(c) Drey
(d) Inn

43. A community of people smaller than a village.
(a) Countryside
(b) Town
(c) Hamlet
(d) Remote

44. One who believes in fate.
(a) Lucky (b) Fatalist
(c) Fortuner (d) Heretic

45. A person who is mentally ill.
(a) Immoral
(b) Lunatic
(c) Labyrinth
(d) Melancholic

In each of the following questions, find out the correctly spelt word. (Question Nos. 46 to 50)

46. (a) Pandemik
(b) Pandamic
(c) Pendamic
(d) Pandemic

47. (a) Polici (b) Polacy
(c) Palicy (d) Policy

48. (a) Blenket (b) Blanket
(c) Blankit (d) Balankit

49. (a) Medisin
(b) Medicine
(c) Medicin
(d) Medisine

50. (a) Tournamint
(b) Tournament
(c) Tourenament
(d) Tuornament

Answers

1. c, 2. b, 3. d, 4. d, 5. b, 6. c, 7. b, 8. c, 9. c, 10. c, 11. d, 12. d, 13. c, 14. c, 15. d, 16. d, 17. b, 18. b, 19. c, 20. c, 21. b, 22. b, 23. b, 24. c, 25. d, 26. b, 27. b, 28. c, 29. c, 30. c, 31. c, 32. b, 33. b, 34. d, 35. b, 36. a, 37. c, 38. b, 39. c, 40. d, 41. d, 42. b, 43. c, 44. b, 45. b, 46. d, 47. d, 48. b, 49. b, 50. b.

Explanation

3. No article is used before the material noun. Food is material hence option 'd' is right answer.

30. Positive interrogatives are made negative assertive and vice-versa. Hence positive interrogative sentence is changed into negative assertive sentence.

- Prafulkumar Prakash Vaidhya
(Assistant Professor in English Sardar Patel Mahavidyalaya, Chandrapur)

कृषि उपभोक्ताओं को घोषित अवधि में निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाए

भोपाल, मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक श्री विशेष गढ़पाले ने कृषि उपभोक्ताओं को घोषित अवधि में निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए सभी वृत्त प्रभारियों को निर्देशित किया कि निर्धारित समयावधि में जले/फेल ट्रांसफार्मर बदले जाएं। जले/फेल ट्रांसफार्मर बदलने में किसी भी प्रकार की कोताही बरतने पर सख्त कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने यह भी निर्देशित किया है कि सभी कलेक्टर तथा शासकीय आवासों को आवंटित करने वाले अधिकारियों को सूचना भेजी जाए कि अधिकारियों या कर्मचारियों द्वारा आवास रिक्त करते समय मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी से एनओसी अनिवार्य रूप से ली जाए। यह निर्देश प्रबंध संचालक ने कंपनी मुख्यालय में आयोजित समन्वय बैठक में मुख्य महाप्रबंधकों और मैदानी अधिकारियों को दिए।

प्रबंध संचालक श्री गढ़पाले ने सूचना प्रौद्योगिकी गतिविधियों की समीक्षा करते हुए कहा कि वृत्त स्तर पर ई-ऑफिस प्रारंभ करने की कार्यवाही को पूर्ण किया जाए और ई-ऑफिस को प्रारंभ करने के लिए अधिकारियों एवं कर्मचारियों को ट्रेनिंग देने के लिए विस्तार से कार्यक्रम तैयार किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रणाली सुदृढ़ीकरण के लिए वितरण ट्रांसफार्मर उन्नयन के प्रस्ताव का परीक्षण किया जाए और यदि किसी संभाग द्वारा गलत प्राक्कलन तैयार किया गया है तो ऐसे मामलों पर निगरानी रखते हुए उन्नयन की कार्यवाही नहीं की जाए।

प्रबंध संचालक श्री गढ़पाले ने निर्देश दिए कि प्रत्येक लाइन कर्मचारी को सेफ्टी उपकरण उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए और यदि कोई लाइन कर्मचारी कार्य के दौरान सेफ्टी उपकरण का इस्तेमाल नहीं करता है तो पहले समझाइश और बाद में कार्यवाही भी की जाए। उन्होंने सोलर ऊर्जा के कनेक्शन के लिए प्रचार-प्रसार के निर्देश दिए ताकि अधिकाधिक लोग सब्सिडी का लाभ लेते हुए अपने निवास/परिसर की छतों पर सोलर पैनल लगाने के लिए प्रेरित हों।

प्रबंध संचालक ने मैदानी मुख्य महाप्रबंधकों को निर्देश दिए कि उपकेंद्रों में पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था होना चाहिए ताकि वहां कार्यरत ऑपरेटर उपकेंद्र के अंदर रात्रि के समय भी फाल्ट, खराबी आदि आने पर उसे आसानी से सुधार सके। इस मौके पर ग्वालियर एवं चंबल संभाग में विद्युत वितरण व्यवस्था के लिए प्लान तैयार करने के लिए निर्देश दिए गए। उपभोक्ताओं की सुविधा और शासन की योजनाओं का लाभ जो हितग्राही ले रहें है, उनके मोबाइल नंबर एवं आधार का संकलन तेजी से किया जाए। पीडीसी (स्थाई रूप से विच्छेदित) कनेक्शनों की समीक्षा की जाए और जो बकाया राशि है उसकी वसूली के लिए कानूनसम्मत कार्यवाही की जाए। बैठक में यह निर्देश दिए गये कि जो नये सब स्टेशन बन गये हैं, उनके बनने से उस क्षेत्र विशेष में कितना लोड बढ़ा है, उसके अनुसार नये कनेक्शन स्वीकृत किये जाएं ताकि उपभोक्ताओं को पर्याप्त वोल्टेज पर बिजली मिले और कंपनी को राजस्व भी प्राप्त हो सके। बैठक में सुरक्षा सैनिकों द्वारा अवैध कनेक्शनों की जांच के दौरान जप्त तार, हीटर आदि का साप्ताहिक रिकॉर्ड रखने के निर्देश दिए, ताकि अगली बार निरीक्षण करने पर सुरक्षा सैनिक यह जान सकें कि उस क्षेत्र विशेष के लोगों ने पुनः अवैध रूप से तार तो नहीं जोड़ लिये हैं। इससे सुरक्षा सैनिकों को प्रभावी कार्यवाही करने में मदद मिलेगी।

दो गज की दूरी, मास्क है जरूरी।

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए

सामान्य अध्ययन

1. निम्नलिखित में से कौन-सा नगर 'क्वीन ऑफ डेक्कन' के उपनाम से जाना जाता है?
(A) पुणे (B) सूरत
(C) खजुराहो (D) कोचीन
उत्तर (A) पुणे

2. आचार्य विनोबा भावे को किस वर्ष भारत रत्न दिया गया था?
(A) 1983 (B) 1984
(C) 1979 (D) 1982
उत्तर (A) 1983

3. कैरेबियन प्रीमियर लीग-2020 की विजेता कौन-सी टीम है?
(A) जमैका तैलवाह
(B) बारबाडोस ट्राइडेंट्स
(C) सेंट लुसिया
(D) ट्रिनबैगो नाइट राइडर्स
उत्तर (D) ट्रिनबैगो नाइट राइडर्स

4. भारतीय नेपोलियन की उपाधि निम्नलिखित में से किसे दी गई है?
(A) चन्द्रगुप्त मौर्य
(B) समुद्रगुप्त
(C) चन्द्रगुप्त प्रथम
(D) हर्षवर्धन
उत्तर (B) समुद्रगुप्त

5. वायुमण्डलीय दाब किस यंत्र द्वारा नापा जाता है?
(A) बैरोमीटर (B) मिलीमीटर
(C) वोल्टमीटर (D) डेफामीटर
उत्तर (A) बैरोमीटर

6. अमीबा में कुल कितनी कोशिका होती हैं?
(A) एक (B) दो
(C) तीन (D) एक भी नहीं
उत्तर (A) एक

7. नागालैंड भारत का विधिवत राज्य निम्नलिखित में से कब बना?
(A) 1963 (B) 1964
(C) 1965 (D) 1966
उत्तर (A) 1963

8. मुख्यमंत्री की नियुक्ति किसके द्वारा की जाती है?
(A) मुख्य न्यायाधीश
(B) राज्यपाल
(C) राष्ट्रपति
(D) इनमें से कोई नहीं
उत्तर (B) राज्यपाल

9. तेल और प्राकृतिक गैस निगम की स्थापना कब की गई थी?
(A) 1956 (B) 1955
(C) 1957 (D) 1958
उत्तर (A) 1956

10. भारत और नेपाल के बीच संयुक्त परियोजना कौनसी है?
(A) मचुकुंड परियोजना
(B) माही परियोजना
(C) कोसी परियोजना
(D) डेजला-देवड़ा परियोजना
उत्तर (C) कोसी परियोजना

11. "खादर" शब्द का प्रयोग निम्नलिखित में से किसके लिए किया जाता है?
(A) पुरानी जलोढ़ मिट्टी
(B) नवीन जलोढ़ मिट्टी
(C) रेतीली मिट्टी
(D) अर्ध काली मिट्टी
उत्तर (B) नवीन जलोढ़ मिट्टी

12. फूलों की घाटी निम्नलिखित में से कहां स्थित है?
(A) कश्मीर हिमालय
(B) नेपाल हिमालय
(C) गढ़वाल हिमालय
(D) हिमाचल हिमालय
उत्तर (C) गढ़वाल हिमालय

13. निम्न पठार को पूर्व से पश्चिम की ओर व्यवस्थित करें?
1. बुंदेलखंड पठार
2. बघेलखंड पठार
3. मालवा का पठार
4. छोटा नागपुर का पठार
कौन सा सही है -
(A) 4, 1, 3, 2
(B) 2, 1, 3, 4
(C) 4, 2, 1, 3
(D) 3, 1, 4, 2
उत्तर (C) 4, 2, 1, 3

14. भारतीय रेगिस्तान की महत्वपूर्ण नदी निम्नलिखित में से कौन-सी है?
(A) नर्मदा (B) लूनी
(C) ताप्ती (D) झेलम
उत्तर (B) लूनी

15. निम्नलिखित में से कौन-सा ई-मेल का सही प्रारूप है?
(A) abc.com
(B) abc.in
(C) abc@def.com
(D) abc@def
उत्तर (C) abc@def.com

16. मेल बॉक्स से ई-मेल लाने के लिए निम्न में से किस प्रोटोकॉल का उपयोग किया जाता है?
(A) एफटीवी (B) पीओपी 3
(C) एचटीटीपी (D) आईएमएपी
उत्तर (B) पीओपी 3

17. सर्च इंजन बिंग निम्नलिखित में से किसका है?
(A) गुगल (B) अमेजॉन
(C) आईबीएम (D) माइक्रोसॉफ्ट
उत्तर (D) माइक्रोसॉफ्ट

18. वायरलेस माउस द्वारा संचार करने के लिए किन तरंगों का उपयोग किया जाता है?
(A) इन्फ्रारेड
(B) माइक्रोवेव
(C) रेडियो तरंगें
(D) इनमें से कोई नहीं
उत्तर (A) इन्फ्रारेड

19. इंटरनेट पर प्रत्येक कम्प्यूटर पर दिये गए पते को क्या कहा जाता है?
(A) हार्डवेयर नंबर
(B) डिवाइस पता
(C) आई पी एड्रेस
(D) नेट एड्रेस
उत्तर (C) आई पी एड्रेस

20. चितवन राष्ट्रीय उद्यान किस देश में स्थित है?
(A) नेपाल (B) भूटान
(C) भारत (D) बांग्लादेश
उत्तर (A) नेपाल
व्याख्या - चितवन राष्ट्रीय उद्यान दक्षिण मध्य नेपाल में स्थित है।

21. वर्ष 2020 में निम्नलिखित में से कितने लोगों को 'पद्म विभूषण' से सम्मानित किया गया है?
(A) 16 (B) 7
(C) 11 (D) 14
उत्तर (B) 7

22. पद्म पुरस्कारों की स्थापना कब की गई थी?
(A) 1954 (B) 1955
(C) 1956 (D) 1950
उत्तर (A) 1954

23. लाल किले में मोती मस्जिद किस मुगल सम्राट द्वारा बनवायी गयी थी?
(A) शाहजहां
(B) अकबर
(C) औरंगजेब
(D) अकबर द्वितीय
उत्तर (C) औरंगजेब

24. मक्का निम्नलिखित में से किसकी फसल है?
(A) खरीफ
(B) जायद
(C) रबी
(D) इनमें से कोई नहीं
उत्तर (A) खरीफ

25. हाल ही में पश्चिमी और दक्षिणी भारत के कौन से केंद्र शासित प्रदेश 'वन नेशन वन राशन कार्ड' योजना में शामिल हो गए हैं?
(A) लद्दाख और पुडुचेरी
(B) लद्दाख और दमन
(C) लद्दाख और लक्षद्वीप
(D) पुडुचेरी और लक्षद्वीप
उत्तर (C) लद्दाख और लक्षद्वीप

26. भारत ने निम्नलिखित में से किस देश से विटामिन C के आयात पर एंटी डंपिंग जांच शुरू की है?
(A) जापान
(B) संयुक्त राज्य अमेरिका
(C) कनाडा
(D) चीन
उत्तर (D) चीन

27. 48वां वार्षिक विश्व ओपन शतरंज टूर्नामेंट के विजेता निम्नलिखित में से कौन रहे?
(A) कार्तिक वेंकटरमन
(B) पी. इनियन
(C) पी. कार्तिकेयन
(D) विश्वनाथन आनंद
उत्तर (B) पी. इनियन

28. राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय के नए अध्यक्ष के रूप में निम्नलिखित में से किसे नियुक्त किया गया है?
(A) परेश रावल
(B) नसीरुद्दीन शाह
(C) प्रकाश राज
(D) अनुपम खेर
उत्तर (A) परेश रावल

29. कौन-सा एक प्राकृतिक चुंबक नहीं है?
(A) लोडस्टोन
(B) फैराइट
(C) टाइटेनियम
(D) इनमें से कोई नहीं
उत्तर (C) टाइटेनियम

30. बंधुआ श्रम प्रणाली (उन्मूलन) अधिनियम निम्नलिखित में से किस वर्ष पारित किया गया?
(A) 1975 (B) 1976
(C) 1876 (D) 1977
उत्तर (B) 1976

31. न्यायिक सक्रियता की अवधारणा किस देश से आई?
(A) कनाडा
(B) जर्मनी
(C) संयुक्त राज्य अमेरिका
(D) ब्रिटेन
उत्तर (C) संयुक्त राज्य अमेरिका

32. मुख्यमंत्री को पद और गोपनीयता की शपथ निम्नलिखित में से कौन दिलाता है?
(A) राज्यपाल
(B) राष्ट्रपति
(C) भारत के मुख्य न्यायाधीश
(D) इनमें से कोई नहीं
उत्तर (A) राज्यपाल

33. पूर्वांचल की पहाड़ियों द्वारा भारत निम्नलिखित में से किस देश से अलग होता है?
(A) म्यांमार (B) नेपाल
(C) मलेशिया (D) इंडोनेशिया
उत्तर (A) म्यांमार

34. वह मछली जिसका निवास तो महासागर है परन्तु उसे प्रजनन के लिये ताजे पानी की आवश्यकता होती है?
(A) व्हेल
(B) शार्क
(C) सालमन
(D) इनमें से कोई नहीं
उत्तर (C) सालमन

35. काशी लालिमा निम्नलिखित में से किसकी प्रजाति है?
(A) आलू (B) भिंडी
(C) चावल (D) गेहूं
उत्तर (B) भिंडी

36. सरकारिया आयोग निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?
(A) केन्द्र - राज्य संबंध
(B) राज्यों के मध्य जल बंटवारा
(C) अल्पसंख्यकों से
(D) इनमें से कोई नहीं
उत्तर (A) केन्द्र - राज्य संबंध

37. नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हाइड्रोलॉजी कहां स्थित है?
(A) रुड़की (B) गोवा
(C) हरिद्वार (D) ऋषिकेष
उत्तर (A) रुड़की

38. श्रमेव जयते योजना की शुरुआत निम्नलिखित में से कब की गई?
(A) 1914 (B) 2014
(C) 2015 (D) 2016
उत्तर (B) 2014

39. फ्रेंच ओपन निम्नलिखित में से किस कोर्ट पर खेला जाता है?
(A) घास
(B) मिट्टी
(C) हार्डकोर्ट
(D) इनमें से कोई नहीं
उत्तर (B) मिट्टी

40. मुरुगप्पा गोल्ड कप किस खेल से संबंधित है?
(A) फुटबॉल (B) क्रिकेट
(C) हॉकी (D) टेबल टेनिस
उत्तर (C) हॉकी

41. मोटेरा स्टेडियम कहां स्थित है?
(A) बड़ौदा (B) जामनगर
(C) अहमदाबाद (D) सूरत
उत्तर (C) अहमदाबाद

42. पीवीसी निम्नलिखित में से किसका बहुलक है?
(A) प्रोपेन
(B) विनाइल क्लोराइड
(C) कार्बोनेट
(D) इनमें से कोई नहीं
उत्तर (B) विनाइल क्लोराइड

43. 'किम्बरले प्रक्रिया' निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?
(A) गोल्ड (सोना)
(B) हीरा
(C) चांदी
(D) ग्रेफाइट
उत्तर (B) हीरा

44. पहले परमाणु रिएक्टर (भारत निर्मित) का नाम क्या था?
(A) लक्ष्मी (B) मोहनी
(C) गंगोत्री (D) अप्सरा
उत्तर (D) अप्सरा

45. वल्कनीकरण की प्रक्रिया में निम्नलिखित में से कौन-सा तत्व प्राकृतिक रबर में जोड़ा जाता है?
(A) कार्बन
(B) सल्फर
(C) एल्यूमीनियम
(D) जस्ता
उत्तर (B) सल्फर

46. महायान बौद्ध धर्म के संबंध में निम्नलिखित में से किसे भविष्य का बुद्ध माना गया है?
(A) काकचंदा (B) अमिताभ
(C) कनक मुनि (D) मैत्रेय
उत्तर (D) मैत्रेय

47. भारतीय संग्रहालय कोलकाता की स्थापना निम्नलिखित में से कब हुई?
(A) 1814 (B) 1914
(C) 1815 (D) 1915
उत्तर (A) 1814

48. पंडित जसराज का संबंध निम्नलिखित में से किस घराने से है?
(A) जयपुर (B) बनारस
(C) मेवाती (D) जोधपुर
उत्तर (C) मेवाती

- पूर्वी जैन
(लेखिका, प्रतियोगी परीक्षाओं संबंधी विषयों पर लेखन करती हैं।)

मध्यप्रदेश की बाघिन ओडिशा से वापस लाई जायेगी

मुख्यमंत्री ने ओडिशा के मुख्यमंत्री से देख-रेख के लिये किया आग्रह

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने मध्यप्रदेश की बाघिन सुंदरी को वापस प्रदेश लाने के तारतम्य में ओडिशा के मुख्यमंत्री श्री नवीन पटनायक से अनुरोध किया है कि जब तक बाघिन कान्हा टाइगर रिजर्व के घोरेला केंद्र में वापस नहीं लाई जाती, तब तक सुंदरी बाघिन की पर्याप्त देखभाल और उसे अनुकूल वातावरण प्रदान किये जाने के संबंध में संबंधितों को निर्देश दें।

उल्लेखनीय है कि देश में बाघ संरक्षण कार्यक्रम को मजबूती प्रदान करने के उद्देश्य से ओडिशा राज्य के सतकोसिया टाइगर रिज़र्व में बाघ पुनर्स्थापना कार्यक्रम के अंतर्गत मध्यप्रदेश सरकार द्वारा राज्यों की सीमाओं से परे जाकर सोचते हुए राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण एवं ओडिशा सरकार के अनुरोध पर वर्ष 2018 में एक बाघ युगल प्रदान किया गया था।

दुर्भाग्यवश सतकोसिया टाइगर रिज़र्व ओडिशा में नर बाघ की मृत्यु हो गई और मादा बाघिन सुंदरी द्वारा जन-हानि किये जाने के चलते बनी परिस्थितियों के फलस्वरूप सुंदरी को नवम्बर-2018 से बाड़े में रख दिया गया। श्री चौहान ने समाचार-पत्रों का हवाला देते हुए कहा है कि सतकोसिया टाइगर रिज़र्व में सुंदरी बाघिन का रख-रखाव वन्य-जीव अधिनियम के मानकों के अनुरूप नहीं है। इसके कारण वह नैसर्गिक व्यवहार प्रदर्शित नहीं कर पा रही है।

श्री चौहान ने अपने पत्र में कहा है कि ओडिशा सरकार के अनुरोध पर मध्यप्रदेश से विशेषज्ञ दल भेजकर बाघिन को पुनः राज्य में लाकर मुक्त किये जाने की संभावनाओं पर विचार किया गया था, किन्तु विशेषज्ञ दल ने पाया कि लम्बी अवधि तक बाड़े में रहने और निरंतर मानव की उपस्थिति की आदी होने के फलस्वरूप खुले वन क्षेत्र में मुक्त करने पर बाघिन और नागरिकों दोनों की सुरक्षा को खतरा होना संभावित है।

मुख्यमंत्री ने अपने पत्र में उल्लेख किया है कि मध्यप्रदेश में कान्हा, बांधवगढ़ और पेंच टाइगर रिज़र्व में बाघ सफारी के निर्माण के लिये राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण द्वारा सैद्धांतिक अनुमति प्रदान की जा चुकी है। वर्तमान में घोरेला केंद्र में प्रशिक्षणरत एक अनाथ बाघ शावक को उपयुक्त वन क्षेत्र में मुक्त करने के बाद बाघिन सुंदरी को इस केंद्र में रखा जायेगा और टाइगर सफारी बनने के उपरांत विशेषज्ञों के परामर्श के अनुसार आगामी निर्णय लिया जायेगा।

मुख्यमंत्री ने ओडिशा के मुख्यमंत्री श्री पटनायक से अनुरोध किया है कि मध्यप्रदेश के कान्हा टाइगर रिज़र्व के घोरेला केंद्र में सुंदरी बाघिन को वापस रखने की परिस्थितियाँ निर्मित होने तक उसकी पर्याप्त देखभाल एवं अनुकूल वातावरण प्रदान किये जाने के बारे में संबंधितों को निर्देश देना उचित होगा।

खेल चर्चा

कोरी एंडरसन ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से लिया संन्यास

ऑकलैंड, दिग्गज बल्लेबाज कोरी एंडरसन ने न्यूजीलैंड की तरफ से इंटरनेशनल क्रिकेट नहीं खेलने का फैसला किया है। वो अब अमेरिका की टीम से क्रिकेट खेलेंगे। एंडरसन ने अमेरिका में होने वाली टी-20 लीग के लिए 3 साल का करार किया है। 29 वर्षीय एंडरसन न्यूजीलैंड की नेशनल टीम से काफी लंबे समय से बाहर चल रहे थे, उन्होंने अपने कॅरियर में 49 वनडे, 13 टेस्ट और 31 टी-20 इंटरनेशल मैच खेले हैं। एंडरसन सबसे तेज शतक (36 गेंद पर) जड़ने वाले क्रिकेटर्स की सूची में शामिल हैं।

कोरोना के कारण इंग्लैंड का दक्षिण अफ्रीका दौरा रद्द

केपटाउन, कोरोना वायरस के मद्देनजर इंग्लैंड की क्रिकेट टीम का दक्षिण अफ्रीका दौरा रद्द कर दिया गया है। दोनों टीमों के बीच तीन टी-20 मैचों के सफल आयोजन के बाद तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज शुरू होने वाली थी, लेकिन कोविड-19 के चलते पहले मैच को रद्द करने और दूसरे मैच को स्थगित किये जाने के बाद अब एकदिवसीय दौरे को रद्द कर दिया गया है। आने वाले समय में श्रीलंका, ऑस्ट्रेलिया और पाकिस्तान की टीमें दक्षिण अफ्रीका का दौरा करने वाली हैं।

रूस के फुटबॉलर पोनेदेलनिक का निधन

मॉस्को, रूस के फुटबॉल खिलाड़ी और 1960 यूएफा यूरोपियन चैंपियन विक्टर पोनेदेलनिक का निधन हो गया है। वह 83 वर्ष के थे। उनकी पुत्री अनस्तासिया ने अपने पिता के निधन की जानकारी दी। रूस फुटबॉल यूनियन ने बयान जारी कर पोनेदेलनिक के निधन पर शोक जताया है।

पोनेदेलनिक ने 1960 यूएफा यूरोपियन चैंपियनशिप के पहले संस्करण में यूगोस्लाविया के खिलाफ विजयी गोल किया था। उन्होंने 1966 में फुटबॉल से संन्यास लिया था। पोनेदेलनिक ने सोवियत संघ की राष्ट्रीय टीम के लिए 29 मैच खेले थे, जिसमें उन्होंने 20 गोल किए थे।

यूरोपियन लीग में बाला ने रचा इतिहास

ग्लास्गो सिटी, भारतीय महिला फुटबॉलर बाला देवी यूरोपीय पेशेवर फुटबॉल लीग में गोल करने वाली देश की पहली महिला खिलाड़ी बन गई हैं। बाला देवी ने स्कॉटिश महिला प्रीमियर लीग में मदरवेल वुमेंस के खिलाफ मिली 9-0 की एकतरफा जीत में रेंजर्स एफसी के लिए 85वें मिनट में अंतिम गोल किया। वह दूसरे हाफ के 65वें मिनट में कर्स्टी होवाट के विकल्प के रूप में मैदान में उतरी थीं।

फॉर्मूला–2 रेस जीतने वाले पहले भारतीय ड्राइवर बने जेहान

साखिर, भारत के फार्मूला रेस ड्राइवर जेहान दारूवाला ने साखिर ग्रांप्री में फार्मूला-2 रेस जीत कर इतिहास रच दिया है। इस रेस जीतने वाले वे भारत के पहले ड्राइवर हैं। इसमें चैंपियन मिक शूमाकर और डेनियल टिकटुम ने भी हिस्सा लिया था। जेहान दारूवाला के रेड बुल जूनियर टीम के साथी यूकी शुनोडा दूसरे स्थान पर रहे। वह दारूवाला से 3.5 सेकेंड पीछे रहे। वहीं इस रेस में टिकटुम को तीसरा स्थान मिला।

भारत का ऑस्ट्रेलियाई दौरा

भारत ने 2-1 से जीती टी-20 सीरीज

सिडनी, भारत ने ऑस्ट्रेलिया को टी-20 श्रृंखला में 2-1 से मात दे दी है। सीरीज में लगातार दो मैच अपने नाम करने वाली भारतीय टीम को तीसरे मैच में ऑस्ट्रेलिया ने 12 रनों से हरा दिया। तीसरे मैच में सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर ऑस्ट्रेलिया ने टॉस हारकर पहले बल्लेबाज करते हुए 187 रन का टारगेट दिया था। ऑस्ट्रेलिया की ओर से मैथ्यू वेड ने 80 और ग्लेन मैक्सवेल 54 रनों की पारी खेली। भारतीय गेंदबाज वाशिंगटन सुंदर ने इस मैच में दो विकेट अपने नाम किये। वहीं टी. नटराजन और शार्दुल ठाकुर ने एक-एक विकेट अपने नाम किये। मैच की दूसरी पारी में लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम ने विराट कोहली की कप्तानी पारी (85) की बदौलत 7 विकेट गंवाकर 174 रन ही बना सकी।

मैच में ऑस्ट्रेलिया के युवा स्पिनर मिचेल स्वेप्सन ने सबको प्रभावित करते हुये 4 ओवर में 23 रन देकर 3 विकेट लिए, उन्हें मैन ऑफ द मैच चुना गया। बता दें कि न्यू साउथ वेल्स सरकार ने स्टेडियम में 100 प्रतिशत फैंस को एंट्री की अनुमति दी थी। कोरोना काल में ये पहला क्रिकेट मैच रहा, जिसमें 100 प्रतिशत दर्शक क्षमता के साथ स्टेडियम में मैच देखने की अनुमति दी गई। इससे पहले 50 फीसदी दर्शकों को ही अनुमति थी।

- **हार्दिक पंड्या बने मैन ऑफ द सीरीज।**
- **भारत ने लगातार पांचवीं टी-20 सीरीज जीती है।**
- **इस साल पहला टी-20 मैच हारी है भारतीय टीम।**
- **भारत ने पिछले 12 साल से ऑस्ट्रेलिया में कोई द्विपक्षीय टी-20 सीरीज नहीं हारी है।**

पार्थिव पटेल ने क्रिकेट को कहा अलविदा

मुंबई, भारत की ओर से सबसे कम उम्र में बतौर विकेटकीपर टेस्ट डेब्यू करने वाले पार्थिव पटेल ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास ले लिया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर अपने रिटायरमेंट का ऐलान किया। पार्थिव ने 2002 में 17 वर्ष 153 दिन की उम्र में इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट डेब्यू किया था। उन्होंने अपने क्रिकेट कॅरियर में 25 टेस्ट, 38 वन-डे और 2 टी-20 इंटरनेशनल मैच खेले हैं।

केन्या के किबिवोट ने बनाया वर्ल्ड रिकॉर्ड

बेलेसिया, केन्या के धावक किबिवोट कैंडी ने हाफ मैराथन में नया वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया। बेलेसिया में हुई रेस को उन्होंने 57 मिनट 32 सेकंड में पूरी कर अपने ही देश के ज्योफ्री केमवोरूर (58:01) का 2019 का रिकॉर्ड तोड़ा। इस रेस में टॉप-4 में रहने वाले जैकब किप्लिंबो (57:37), रोनेक्स किप्रुतो (57:49) और एलेक्जेंडर मुतिशो (57:59) ने पिछले वर्ल्ड रिकॉर्ड से अच्छा समय निकाला।

फिट इंडिया साइक्लोथॉन का दूसरा संस्करण लॉन्च

नई दिल्ली, केंद्रीय खेल मंत्री श्री किरेन रिजिजू ने हाल ही में सोशल मीडिया के माध्यम से फिट इंडिया साइक्लोथॉन का दूसरा संस्करण लॉन्च किया। यह मेगा साइक्लिंग प्रतियोगिता 7 दिसंबर से 31 दिसंबर यानी कि 25 दिनों तक चलेगी। यह प्रतियोगिता देश के प्रत्येक जिले में आयोजित की जाएगी। इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए नागरिकों को प्रोत्साहित करते हुए श्री रिजिजू ने अपने ट्वीट संदेश में कहा, 'फिट रहने और कार्बन उत्सर्जन को कम करने के लिए साइकिल चलाना एक शानदार तरीका है।' मैं आप सभी को 7 से 31 दिसंबर तक अपने परिवार और दोस्तों के साथ दूसरे फिट इंडिया साइक्लोथॉन में आमंत्रित करता हूं। आइए जुड़ते हैं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के फिटनेस का डोज़, आधा घण्टा रोज़ और फिट इंडिया मूमेंट जैसे फिटनेस आह्वान से।

फिट इंडिया की वेबसाइट https://fitindia.gov.in/fit-india-cyclothon-2020 पर जाकर देश का कोई भी नागरिक पंजीकरण करके इसमें हिस्सा ले सकता है। इसमें लोग प्रतिदिन अपनी पसंद की दूरी तय कर सकते हैं और @FitIndiaOff और #FitIndiaCyclothon तथा #NewIndiaFitIndia का उपयोग करते हुए सोशल मीडिया पर अपनी फोटो और वीडियो को साझा कर सकते हैं। बता दें कि फिट इंडिया साइक्लोथॉन के आरम्भिक संस्करण को खेल मंत्री ने गोवा के पणजी में जनवरी 2020 में शुरू किया था। इस कार्यक्रम का आयोजन आउटडोर गतिविधियों में लोगों को शामिल करने के लिए और देश भर में साइकिल चलाने की संस्कृति शुरू करने के उद्देश्य से किया गया था। इस कार्यक्रम में देश भर के 35 लाख से अधिक साइकिल चालकों ने भागीदारी की थी।

पेरिस ओलिंपिक 2024

ब्रेक डांस सहित चार नई स्पर्धाएं हुईं शामिल

जेनेवा (स्विट्ज़रलैंड), इंटरनेशनल ओलिंपिक कमेटी (आईओसी) ने 4 नए खेलों को ओलिंपिक स्टेटस दे दिया है। 2024 में पेरिस में होने वाले ओलिंपिक खेलों के लिए ब्रेक-डांसिंग, स्केट-बोर्डिंग, स्पोर्ट क्लाइंबिंग और सर्फिंग स्पर्धा को शामिल किया गया है। इसके साथ ही इतिहास में पहली बार 2024 खेल महाकुंभ में पुरुष और महिला एथलीट्स की संख्या बराबर होगी। कोरोना को देखते हुए पेरिस ओलिंपिक आयोजकों ने खर्च में कटौती करने का भी फैसला किया है। इसके तहत 2024 में सिर्फ 10,500 एथलीट्स ही भाग ले पाएंगे। जबकि अगले साल होने वाले टोक्यो ओलिंपिक में 11,092 एथलीट्स शामिल हो रहे हैं।

पेरिस गेम्स के लिए इवेंट्स की संख्या में भी कमी की गई। 2024 ओलिंपिक में अब 339 की बजाय 329 इवेंट्स होंगे। इसके अलावा 2028 में लॉस एंजिलस में होने वाले ओलिंपिक के लिए क्रिकेट को शामिल करने की भी बात चल रही है।

- **2018 में अर्जेंटीना की राजधानी ब्यूनस आयर्स में हुए यूथ ओलिंपिक गेम्स में ब्रेक-डांसिंग काफी पसंद किया गया था।**
- **इवेंट्स में सबसे ज्यादा कटौती वेटलिफ्टिंग में 4 इवेंट हटाने के साथ की गई है।**
- **2024 में सिर्फ 10,500 एथलीट्स ही भाग ले पाएंगे।**
- **ब्रेक-डांसिंग इवेंट को 'ब्रेकिंग' के नाम से जाना जाएगा।**

मार्च में अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में शामिल होंगे भारतीय पहलवान

नई दिल्ली, मार्च में कोरोना वायरस के प्रकोप के बाद पहली अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भारतीय पहलवान हिस्सा लेंगे, राष्ट्रव्यापी लॉकडाउन के बाद भारतीय पहलवानों के लिये ये पहली कुश्ती प्रतियोगिता होगी। टूर्नामेंट में भागीदारी के लिये 90 लाख रुपये से अधिक की राशि भारत सरकार द्वारा अनुमोदित की गई है। इसमें हवाई यात्रा टिकट, बोर्डिंग और लॉजिंग, यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग लाइसेंस फीस, वीजा शुल्क और खिलाड़ियों, प्रशिक्षक और निर्णायक के लिए पॉकेट भत्ते शामिल हैं। भारत ने कुश्ती में अब तक कुल चार ओलिंपिक कोटा हासिल किए हैं। बजरंग पूनिया (पुरुषों की फ्री-स्टाइल 65 किलोग्राम), विनेश फोगाट (महिलाओं के 53 किलोग्राम वर्ग), रवि कुमार और दीपक पूनिया टोक्यो ओलिंपिक के लिये अब तक कोटा स्थान हासिल करने में सफल रहे हैं। भारतीय पहलवानों के पास मार्च 2021 में निर्धारित एशियाई क्वालिफिकेशन टूर्नामेंट और 29 अप्रैल से 2 मई 2021 तक निर्धारित विश्व क्वालिफिकेशन टूर्नामेंट में कोटा स्थान प्राप्त करने के दो और अवसर होंगे।

टूर्नामेंट में ये पहलवान हिस्सा लेंगे

पुरुषों की फ्री-स्टाइल कुश्ती : रवि कुमार (57 किलोग्राम), राहुल अवारे (61 किलोग्राम), नवीन (70 किलोग्राम), गौरव वालियान (79 किलोग्राम), दीपक पूनिया (86 किलोग्राम), सत्यव्रत कादियान (97 किलोग्राम), सुमित (125 किलोग्राम)

पुरुषों की ग्रीको-रोमन कुश्ती : अर्जुन हलकुर्की (55 किलोग्राम), ज्ञानेंदर (60 किलोग्राम), सचिन राणा (63 किलोग्राम), आशु (67 किलोग्राम), आदित्य कुंडू (72 किलोग्राम), साजन (77 किलोग्राम), सुनील कुमार (87 किलोग्राम), हरदीप (97 किलोग्राम), नवीन (130 किलोग्राम)

महिला वर्ग : निर्मला देवी (50 किलोग्राम), पिंकी (55 किलोग्राम), अंशु (57 किलोग्राम), सरिता (59 किलोग्राम), सोनम (62 किलोग्राम), साक्षी मलिक (65 किलोग्राम), गुरशरण प्रीत कौर (72 किलोग्राम), किरण (76 किलोग्राम)

भारतीय एथलेटिक्स टीम के मुख्य कोच बने राधाकृष्णन

नई दिल्ली, भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) ने राधाकृष्णन नायर

को भारतीय एथलेटिक्स टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया है। राधाकृष्णन की मुख्य कोच पद पर नियुक्ति ने भारतीय खेल प्राधिकरण ने मंजूरी दे दी है। 62 वर्षीय राधाकृष्णन टीम के पूर्व कोच बहादुर सिंह के इस साल जुलाई में अपने पद से इस्तीफा देने के बाद से कार्यवाहक मुख्य कोच बने हुए थे। एएफआई के अध्यक्ष आदिल जे. सुमारिवाला ने कहा कि 'राधाकृष्णन सात साल तक उप मुख्य कोच की भूमिका में रहे थे और हमें खुशी है कि हमने अपनी योजना में निरंतरता बनाए रखी है और राधाकृष्णन को मुख्य कोच बनाया है।'

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

सामयिकी

नए संसद भवन का शिलान्यास

आत्मनिर्भर भारत का गवाह बनेगी नई संसद : प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने नए संसद भवन की आधारशिला रखी। इस मौके पर प्रधानमंत्री ने कहा कि यह अवसर भारत के लोकतांत्रिक इतिहास में एक मील का पत्थर है, जो भारतीयता के विचार से भरा हुआ है। उन्होंने कहा कि भारत के संसद भवन के निर्माण की शुरुआत हमारी लोकतांत्रिक परंपराओं के सबसे महत्वपूर्ण चरणों में से एक है। उन्होंने देशवासियों का आह्वान करते हुए कहा कि वे साथ मिलकर संसद के इस नए भवन का निर्माण करें। उन्होंने कहा कि हमारी संसद की इस नई इमारत से कुछ भी अधिक सुंदर या अधिक शुद्ध नहीं हो सकता, जब भारत अपनी आजादी के 75 साल मनायेगा।

- **यह भवन 2022 में स्वतंत्रता की 75वीं सालगिरह पर 'न्यू इंडिया' की जरूरतों और आकांक्षाओं को प्रतिबिंबित करेगा।**
- **मौजूदा संसद भवन से सटी त्रिकोणीय आकार की नई इमारत सुरक्षा सुविधाओं से लैस होगी।**

प्रधानमंत्री ने कहा कि नए संसद भवन में कई नई चीजें तैयार की जा रही हैं जो संसद सदस्यों की दक्षता में वृद्धि करेंगी और उनकी कार्य संस्कृति को आधुनिक बनाएंगी।

उन्होंने कहा कि यदि पुराने संसद भवन ने स्वतंत्रता के बाद भारत को दिशा दी, तो नया भवन देश को 'आत्मनिर्भर' बनाने का साक्षी बनेगा। यदि पुराने संसद भवन में देश की जरूरतों को पूरा करने के लिए काम किया गया था, तो 21वीं सदी की भारत की आकांक्षाओं को नए भवन में पूरा किया जाएगा।

इस तरह की खूबियां होंगी नई संसद में

- नया संसद भवन अत्याधुनिक, तकनीकी सुविधाओं से युक्त और ऊर्जा कुशल होगा।
- नई लोकसभा मौजूदा आकार से तीन गुना बड़ी होगी और राज्यसभा के आकार में भी वृद्धि की गई है।
- नए भवन की सज्जा में भारतीय संस्कृति, क्षेत्रीय कला, शिल्प और वास्तुकला की विविधता का समृद्ध मिला-जुला स्वरूप होगा। डिज़ाइन योजना में केन्द्रीय संवैधानिक गैलरी को स्थान दिया गया है। आम लोग इसे देख सकेंगे।
- नए संसद भवन के निर्माण में हरित प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल होगा और पर्यावरण अनुकूल कार्यशैली को बढ़ावा दिया जाएगा।
- इसमें उच्च गुणवत्ता वाली ध्वनि तथा दृश्य-श्रव्य सुविधाएं, बैठने की आरामदायक व्यवस्था, प्रभावी और समावेशी आपातकालीन निकासी की व्यवस्था होगी।
- इमारत उच्चतम संरचनात्मक सुरक्षा मानकों का पालन करेगी। इसे रखरखाव तथा संचालन में आसानी होने के लिए डिज़ाइन किया गया है।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान वीसी के माध्यम से इस कार्यक्रम में हुए शामिल, प्रधानमंत्री को दी बधाई

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान कार्यक्रम में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से वर्चुअली उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर नवीन संसद भवन शिलान्यास के ऐतिहासिक एवं गौरवशाली अवसर पर प्रदेश की 8 करोड़ जनता की ओर से हार्दिक बधाई दी एवं शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

उन्होंने विश्वास प्रकट किया है कि प्रधानमंत्री जी की अद्भुत संकल्प-शक्ति से यह कार्य समय-सीमा में पूर्ण होगा तथा भारत का नवीन संसद भवन विश्व में प्रतिष्ठित होगा।

अमेरिका में

सर्जन जनरल बने भारतवंशी डॉक्टर विवेक

अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति जो बाइडेन ने भारतवंशी डॉक्टर विवेक मूर्ति को अमेरिका का सर्जन जनरल नामित किया है। वे पहले भी वर्ष 2014-17 में इस पद पर रह चुके हैं। ज्ञात रहे कि डॉक्टर मूर्ति जाने-माने फिजिशियन होने के साथ ही साथ रिसर्च साइंटिस्ट और पब्लिक हेल्थ सर्विस कमीशन कोर में वाइस एडमिरल भी रह चुके हैं। अमेरिका में सर्जन जनरल का कार्यकाल चार साल का होता है। सर्जन जनरल सार्वजनिक स्वास्थ्य के मामलों में सरकार का शीर्ष अधिकारी होता है।

कोरोना के कारण गगनयान मिशन में होगी देरी

देश के पहले मानवयुक्त अंतरिक्ष मिशन गगनयान में कोरोना के चलते एक साल की देरी होना संभव है।

इसरो चेयरमैन के. सिवन ने बताया कि गगनयान के पहले मानवरहित दो मिशन भी रवाना किये जाने हैं। पहला दिसंबर 2020 और दूसरा जुलाई 2021 में रवाना होना तय था। लेकिन दुनिया भर में आयी कोरोना महामारी के कारण तयशुदा कार्यक्रम के अनुरूप मिशन का काम बाधित हो गया। उन्होंने कहा कि अगले साल ही इनके रवाना होने की संभावना है। ज्ञात रहे कि गगनयान तीन लोगों को अंतरिक्ष में ले जाने और वापस लाने का मिशन है।

ताइवान को उन्नत सैन्य संचार उपकरण बेचेगा अमेरिका

- **मंत्रालय के अनुसार ताइवान की सुरक्षा, क्षेत्र में राजनीतिक स्थिरता, सैन्य संतुलन और अर्थव्यवस्था को इन उपकरणों के जरिए सुदृढ़ बनाया जाएगा।**

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन ने ताइवान को हथियारों के उन्नत सैन्य संचार उपकरण बेचने का फैसला लिया है। अमेरिकी विदेश मंत्रालय के अनुसार तकरीबन 28 करोड़ डॉलर के उन्नत सैन्य संचार उपकरण ताइवान खरीदेगा।

मंत्रालय ने कहा है कि मिशनों तथा परिचालन जरूरतों के लिहाज से उसकी सैन्य संचार क्षमता को आधुनिक बनाने के लिए ही इन संचार उपकरणों की खरीदी जरूरी थी और अमेरिका ने बिक्री को मंजूरी प्रदान कर उनके देश को स्थिर बनाने में मदद की है।

वेनेजुएला नेशनल इलेक्शन

राष्ट्रपति निकोलस पुनः बहुमत से जीते

वेनेजुएला में पिछले दिनों हुए नेशनल इलेक्शन में राष्ट्रपति निकोलस मादुरो ने जीत दर्ज कर ली है। उनकी यूनाइटेड सोशलिस्ट पार्टी ऑफ वेनेजुएला और सहयोगी दलों ने नेशनल असेंबली की 67 सीटों पर कब्जा किया है।

यूरोपियन यूनियन और ऑर्गेनाइजेशन ऑफ अमेरिकन स्टेट्स जैसे अंतर्राष्ट्रीय संगठनों ने चुनावों के लिए ऑब्जर्वर भेजने से इंकार कर दिया था। राष्ट्रपति मादुरो वर्ष 2013 से सत्ता में हैं।

'40 इयर्स विद अब्दुल कलाम - अनटोल्ड स्टोरीज़' का विमोचन

उपराष्ट्रपति श्री एम. वेंकैया नायडू ने डॉ. शिवथानु पिल्लई द्वारा लिखित पुस्तक '40 इयर्स विद अब्दुल कलाम - अनटोल्ड स्टोरीज़' का वर्चुअल विमोचन किया। यह पुस्तक डॉ. कलाम के जीवन का लेखा-जोखा प्रस्तुत करती है।

उपराष्ट्रपति श्री एम. वेंकैया नायडू ने युवाओं से पूर्व राष्ट्रपति डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम से प्रेरणा लेने और एक मजबूत, आत्मनिर्भर और समावेशी भारत का निर्माण करने की दिशा में काम करने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि डॉ. कलाम की तरह, युवाओं को दायरे से बाहर सोचना चाहिए और भारत की जनसंख्या के बड़े हिस्से को प्रभावित करने वाली विभिन्न आर्थिक और सामाजिक चुनौतियों का समाधान प्रदान करने के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग करना चाहिए।

पूर्व राष्ट्रपति के साथ अपने कुछ व्यक्तिगत अनुभवों को याद करते हुए, श्री नायडू ने कहा कि जब वह डीआरडीओ में थे और बाद में भारत के राष्ट्रपति बने, मैंने उनसे बातचीत की। मैं उनके ज्ञान की गहराई और उनकी आम लोगों के जीवन को बदलने की इच्छा शक्ति से बहुत प्रभावित हुआ।

डॉ. कलाम को एक सच्चा कर्म योगी बताते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि वह प्रत्येक भारतीय के लिए प्रेरणा थे। श्री नायडू ने कहा कि डॉ. कलाम सही मायने में एक 'जनता के राष्ट्रपति' थे, जिन्होंने हर भारतीय विशेषकर युवाओं को अपना समर्थन दिया। वे सादगी, ईमानदारी और समझदारी के प्रतीक थे।

ईरान की पूर्व उपराष्ट्रपति को कैद

ईरान की पूर्व उपराष्ट्रपति शाहीनदोख्त मोलवर्दी को जासूसी के आरोप में ढाई साल की गिरफ्तारी की सजा सुनाई गई है। कोर्ट ने उन्हें देश विरोधी गतिविधियों में शामिल पाया है। हालांकि मोलवर्दी ने इन आरोपों से इंकार किया है।

- **उन पर इस्लामिक सरकार के खिलाफ चलाए गए प्रोपेगैंडा में शामिल होने का आरोप भी है।**
- **आरोपों में दूसरे देशों को खुफिया जानकारी भेजने की बात भी कही गयी।**

उन्होंने कहा कि वे सजा के खिलाफ अपील करेंगी। ज्ञात रहे कि मोलवर्दी ईरान के राष्ट्रपति हसन रुहानी के कार्यकाल में 2013 से 2017 तक देश की वाइस प्रेसिडेंट रहीं थीं। उन्हें एक साल के लिए नागरिक मामलों पर रुहानी का विशेष सहयोगी भी बनाया गया था। 55 वर्ष की मोलवर्दी पेशे से वकील हैं। वे अपने देश में महिलाओं के हक के लिए आवाज उठाती रही हैं।

नेपाल और चीन ने

माउंट एवरेस्ट की ऊंचाई मापी

माउंट एवरेस्ट की ऊंचाई मापने पर लंबे समय तक चले शोध में नेपाल और चीन ने अब सफलता प्राप्त कर ली है। चीन और नेपाल ने संयुक्त रूप से माउंट एवरेस्ट की मापी गई ऊंचाई के बाद इसे दुनिया की सबसे ऊंची चोटी घोषित किया है।

- **2019 में चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग की नेपाल यात्रा के दौरान दोनों देशों ने संयुक्त रूप से दुनिया की सबसे ऊंची चोटी की ऊंचाई को मापकर घोषणा करने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए थे।**

वर्तमान में इसकी ऊंचाई 8848.86 मीटर है। इस घोषणा के बाद एवरेस्ट की ऊंचाई में 86 सेंटीमीटर की बढ़ोत्तरी दर्ज की गई है। गौरतलब है कि 2015 में नेपाल में आए भूकंप के बाद व्यापक रूप से माना जाने लगा था कि एवरेस्ट की ऊंचाई 8,848 से कहीं ज्यादा है।

यूएई ने इज़रायली नागरिकों को एयरपोर्ट पर किया नजरबंद

संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने दुबई एयरपोर्ट पर दो सौ से अधिक इज़राइली नागरिकों को एयरपोर्ट पर ही नजरबंद कर लिया।

ये सभी नागरिक कम लागत वाली फ्लाय दुबई एयरलाइन की उड़ान से दुबई पहुंचे थे। इन्हें एंट्री के लिए वैध वीजा की जरूरत थी जो इन लोगों के पास नहीं था। नागरिकों के अनुसार उन्हें इलेक्ट्रॉनिक वीजा फार्म के भरने और वहां से क्लीयरेन्स मिलने के बाद ही दुबई में प्रवेश मिल सकेगा।

इज़रायल की नौसेना में आधुनिक जंगी जहाज शामिल

इज़रायल की नौसेना में आधुनिक जंगी जहाज को शामिल किया गया है। जो सार-6 कार्वेट श्रेणी का है। जहाज को शामिल करने के लिए हाइफा पोर्ट पर एक समारोह आयोजित किया गया। इस जहाज को लाल सागर और खाड़ी में तैनात किया जाएगा।

- **इस जंगी जहाज को जर्मनी ने बनाया है।**
- **इसका वजन 1900 टन और लंबाई 90 मीटर है।**
- **अगले साल ऐसे तीन और युद्धपोत इज़राइल आयेंगे।**

सार-6 श्रेणी में ज्यादा सशक्त इलेक्ट्रॉनिक और आयरन डोम सिस्टम है। इससे यह अन्य इज़रायली जहाजों की तुलना में हाई एंगल रॉकेट पर सशक्त हमला कर सकता है। इसमें ग्रैबियल मिसाइल, बराक-8 मिसाइल लोड किए जा सकते हैं।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

स्वामी "मध्यप्रदेश माध्यम" की ओर से प्रकाशक, मुद्रक डॉ. सुदाम खाड़े, मध्यप्रदेश माध्यम 40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल, भोपाल-462011 (म.प्र.) से प्रकाशित एवं डी.बी. कार्प द्वारा दैनिक भास्कर, प्लाट नंबर-10, सेक्टर-बी, गोविंदपुरा, भोपाल से मुद्रित। सम्पादक - पुष्पेन्द्र पाल सिंह।